हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
आरा, औरंगाबाद एवं दुमका से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
• रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 • आरा • शुक्रवार • 24 अप्रैल 2026 • वर्ष 10 • अंक 347 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00



# पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में रिकॉर्ड तोड़ मतदान

## पश्चिम बंगाल में 2021 का रिकॉर्ड टूटा, शाम 5 बजे तक 89.93 प्रतिशत, तो तमिलनाडु में 82 प्रतिशत मतदान

**कोलकाता/चेन्नई (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार को बंपर वोटिंग हुई। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले फेज में 89.93 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर रिकॉर्ड 82.24 प्रतिशत वोटिंग हुई। दोनों राज्यों के इतिहास में पहली बार सबसे ज्यादा वोटिंग हुई है। चुनाव आयोग के आंकड़े शाम 5 बजे तक हैं। इनमें बदलाव हो सकता है। इससे पहले असम, केरलम और पुडुचेरी में भी 9 अप्रैल को रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। असम के इतिहास में सबसे ज्यादा 85.91 प्रतिशत, पुडुचेरी में 90 प्रतिशत और केरलम में 1987 के बाद सबसे ज्यादा 78.27 प्रतिशत वोटिंग हुई थी।

### भवानीपुर में ममता ने की पदयात्रा, एसआईआर के विरोध में बंपर वोटिंग

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल के भवानीपुर में रोड शो कर रही हैं। ममता वहीं से विधायक हैं। ममता ने कहा एसआईआर के विरोध में जमकर मतदान हुआ है। 29 अप्रैल को दूसरे चरण में वहां वोटिंग होनी है।

### बंगाल के कुमारगंज में भाजपा प्रत्याशी सुवेंदु सरकार को दौड़ाकर पीटा

**कोलकाता/चेन्नई (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण मिदनापुर में कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु सरकार पर हमला हुआ है। वीडियो में दिख रहा है कि सुवेंदु हमले से बचने के लिए भाग रहे हैं। उनका सिक्योरिटी गार्ड उनके साथ है। इसके बावजूद भीड़ सुवेंदु को पीटती है। इधर, बर्नपुर के रहमतनगर इलाके में आसनसोल साउथ सीट से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर भी हमला हुआ।



### चुनावी रैली में पीएम मोदी बोले- जनता ने तय कर दिया है कि 4 मई को परिणाम नहीं, परिवर्तन आएगा

**कोलकाता (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बंगाल के मथुरापुर और कृष्णानगर में चुनावी रैली की। उन्होंने कहा- जनता ने तय कर दिया है कि 4 मई को परिणाम नहीं, परिवर्तन आएगा। टीएमसी हारेगी और भाजपा का भरोसा



जीतेगा। मोदी ने कहा कि बंगाल की धरती मां दुर्गा को पूजती है, लेकिन टीएमसी ने महिला आरक्षण के खिलाफ वोटिंग की। टीएमसी की सरकार में गुंडों और बलात्कारियों को खुला संरक्षण मिला हुआ है। बंगाल की बेटियां ये अत्याचार कभी नहीं भूल सकतीं। चुनाव प्रचार के दौरान झालमुड़ी खाने पर उन्होंने कहा- झालमुड़ी मैंने खाई है पर मिर्च विपक्ष को लग रही है। अब का मतदान सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ रहा है। मैं यहां परिवर्तन की आंधी देख रहा हूं। इधर, पीएम मोदी ने हावड़ा में रोड शो किया।

## संक्षिप्त समाचार

### देश के आधे से ज्यादा राज्यों में हीटवेव जारी

- राजस्थान-यूपी में सड़कों पर पानी छिड़का जा रहा; मप्र में भी पारा हाई, देश के 16 शहरों में पारा 43 डिग्री के पार

**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ (एजेंसी)।** देश के आधे से ज्यादा राज्यों में हीटवेव जारी है। बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के कई शहरों में पारा 40 डिग्री से 45 डिग्री के बीच बना हुआ है। महाराष्ट्र का वर्धा और ओडिशा का झारसुगुड़ा बुधवार को 44.6 डिग्री तापमान के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। वहीं देश के 16 शहरों में पारा 43 डिग्री से ज्यादा



रिकॉर्ड किया गया। हीटवेव को देखते हुए ओडिशा सरकार ने दोपहर के समय जनगणना प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। यानी फील्ड स्टाफ सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के दौरान सड़कों पर नहीं भटकेंगे।राजस्थान और यूपी में ठंडक के लिए सड़कों पर पानी छिड़का जा रहा है। बीकानेर, ग्वालियर के जू में जानवरों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर लगाए गए हैं।इधर, दिल्ली के स्कूलों में वॉटर बेल सिस्टम लागू किया जाएगा। हर 45 से 60 मिनट में घंटी बजाई जाएगी, ताकि छात्रों को पानी पीने की याद दिलाई जा सके और डिहाइड्रेशन से बचाया जा सके। मौसम विभाग ने प्रदेश में 24 अप्रैल से हीटवेव का अलर्ट जारी किया है।

### पेट्रोल-डीजल 28 रू. महंगा होने की खबरें गलत

#### सरकार बोली- दाम बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 25-28 रू. प्रति लीटर बढ़ोतरी की खबरों को सरकार ने गलत बताया है। आज यानी 23 अप्रैल को पेट्रोलियम मिनिस्ट्री ने कहा कि दाम बढ़ाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। ये खबरें भ्रामक हैं और डर फैलाने के लिए फैलाई जा रही हैं। एक दिन पहले कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने रिपोर्ट में अनुमान लगाया था कि बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के खत्म होने के बाद पेट्रोल-डीजल महंगा हो सकता है।




### ईरान बोला- ट्रम्प का सीजफायर एकतरफा

- अमेरिकी नाकेबंदी हटेगी तभी बात करेंगे, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- कल तक अच्छी खबर आ सकती है

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** ईरान ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह के सीजफायर से इनकार किया है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर कालीबाफ ने कहा कि मौजूदा समय में सीजफायर तभी संभव है, जब नाकाबंदी हटाई जाए। ईरान और अमेरिका के बीच 22 अप्रैल को सीजफायर खत्म हो गया था। ट्रम्प ने इसके खत्म होने से पहले ही इसे एकतरफा तरीके से आगे बढ़ा दिया था। वहीं, ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ शांति वार्ता के दूसरे दौर को लेकर शुक्रवार तक अच्छी खबर आ सकती है।




## बदरीनाथ धाम के कपाट खुले

### जय बदरीविशाल; मंदिर के कपाट खुलते ही गूंजे जयकारे




**देहरादून/ बदरीनाथ (एजेंसी)।** बदरीनाथ धाम में गुरुवार सुबह मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही भक्ति और उल्लास का अद्भुत नजारा देखने को मिला। बैसाख मास के शुभ अवसर पर पुनर्वसु नक्षत्र और सर्वार्थ सिद्ध योग में ठीक सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के द्वार खोले गए। इस दौरान जय बदरीविशाल के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इस पावन अवसर पर मौजूद थे। कपाट खुलने से पहले निर्धारित परंपराओं का पालन किया गया। तड़के चार बजे भगवान कुबेर जी का दक्षिण द्वार से प्रवेश हुआ, जिसके बाद मंदिर परिसर में धार्मिक गतिविधियां शुरू हुईं। रावल, धर्माधिकारी और वेदपाठियों ने उद्धव जी के साथ मंदिर में प्रवेश कर विधिवत द्वार पूजन संपन्न कराया। इसके बाद तय समय पर कपाट खोल दिए गए और पूर्वाह्न 11 बजे से गर्भगृह में पूजा-अर्चना आरंभ हुई।

बदरीनथ धाम को भव्य रूप से सजाया गया था। मंदिर परिसर और आसपास के मठ-मंदिरों को लगभग 25 कुंतल ऑर्किड और गेंदे के फूलों व फलों से सजाया गया था, जिससे धाम और पूरा क्षेत्र दिव्य दिखाई दिया। कपाट खुलने से एक दिन पूर्व ही उद्धव, तेल कलश और आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी बदरीनाथ पहुंच चुकी थी। वहीं, कुबेर की डोली बामणी गांव में रात्रि प्रवास के बाद धाम पहुंची। कपाट उद्घाटन के इस आयोजन में आस्था, परंपरा और भव्यता का अनूठा संगम देखने को मिला। इससे पहले सीएम धामी ने बदरीनाथ धाम पहुंचकर यहां हो रहे पुनर्निर्माण कार्यो की समीक्षा भी की।

- सबरीमाला केस, जस्टिस नागरत्ना बोलीं

## वॉट्सएप यूनिवर्सिटी से जानकारी नहीं चाहिए

- थरूर के आर्टिकल के जिक्र पर सीजेआई ने कहा- लेख पर्सनल ओपिनियन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। सुनवाई के दौरान जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि वॉट्सएप यूनिवर्सिटी से मिली जानकारी को स्वीकार नहीं किया जा सकता। जस्टिस नागरत्ना ने यह टिप्पणी दाउदी बोहरा समुदाय की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट नीरज किशन कौल की दलील के जवाब में की थी। कौल ने कहा था कि ज्ञान और समझ, चाहे वह किसी भी सोर्स से मिली हो, उसे स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं है। कौल एक अखबार में कांग्रेस सांसद डॉ. शशि थरूर के लिखे लेख का हवाला दे रहे थे।

### सबरीमाला मामले पर 7 अप्रैल से शुरू हुई सुनवाई

सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई है। पहले 3 दिन, 9 अप्रैल तक सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

- सीएम भजनलाल शर्मा बोले-

## बैलों से खेती करने पर 30 हजार अनुदान

**जयपुर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- हमारा किसान हारी हुई जंग लड़ता है। नुकसान हो जाए, कुछ भी हो जाए, लेकिन अगली बार उसे फसल बोनी ही है, वो हार नहीं मानता। देश का व्यापार जगत राजस्थान की कृषि क्षमता पर विश्वास करता है। राजस्थान सरकार किसानों और निवेशकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। दिल्ली में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 2026 रोड शो में मुख्यमंत्री ने कहा- बैलों से खेती करने वाले किसानों को 30 हजार रुपए का अनुदान दिया जा रहा है, जिससे कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिल सके और छोटी जोत वाले किसान ठीक प्रकार से पैदावार कर सकें। हम किसान सम्मान निधि भी दे रहे हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सबसे ज्यादा 2 करोड़ 19 लाख पॉलिसी जारी की गई हैं, जिनमें 6500 करोड़ रुपए का क्लेम सेटल किया गया है। हमने 24 जिलों में किसानों को दिन में बिजली देना शुरू कर दिया है और 2027 तक सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली देना शुरू कर देंगे। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को 23 से 25 मई तक जयपुर में होने वाले ग्रामटेक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।



बिहार में सम्राट सरकार का फैसला

## 11 शहरों में जमीन खरीद-बिक्री पर रोक!

### सैटेलाइट सिटी प्लान से बदलेगा बिहार का नक्शा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार सरकार ने अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में 22 प्रस्तावों को मंजूरी मिली। इनमें सबसे अहम फैसला जमीन खरीद-फरोख्त पर रोक से जुड़ा है। राज्य के 11 प्रमुख शहरों में यह प्रतिबंध लागू किया गया है।

सरकार का मकसद अनियंत्रित विकास पर रोक लगाना है। साथ ही योजनाबद्ध शहरी विस्तार को बढ़ावा देना भी है।

**इन शहरों में लागू हुआ प्रतिबंध-** पटना, गया, मुंगेर, दरभंगा, सहरसा और पूर्णिया जैसे बड़े शहर शामिल हैं। इसके अलावा सोनपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, भागलपुर और छपरा भी सूची में हैं।



#### सैटेलाइट सिटी प्लान से बदलेगा खेल

सरकार इन शहरों के आसपास सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करेगी। इससे भीड़भाड़ वाले शहरों का दबाव कम किया जाएगा। नए शहरों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं दी जाएंगी। यह कदम शहरीकरण को व्यवस्थित बनाने की दिशा में अहम है। रोजगार और निवेश के नए अवसर भी पैदा होंगे। बिहार के विकास मॉडल में यह बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

#### मास्टर प्लान बनने तक पूरी तरह रोक

नगर विकास विभाग के अनुसार मास्टर प्लान बनने तक प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान किसी भी तरह का निर्माण कार्य भी नहीं होगा। लैंड यूज, कोर एरिया और इंफ्रास्ट्रक्चर का खाका तैयार किया जाएगा। योजनाबद्ध तरीके से विकास सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार अव्यवस्थित बसावट को रोकना चाहती है। मास्टर प्लान के बाद ही आगे की अनुमति दी जाएगी।

#### अलग-अलग शहरों के लिए अलग समय सीमा

मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, भागलपुर और छपरा में रोक 30 जून 2027 तक रहेगी। वहीं पटना समेत अन्य शहरों में यह 31 मार्च 2027 तक लागू है। समय सीमा तय कर सरकार ने स्पष्ट रोडमैप दिया है।

## मिर्जापुर में दर्दनाक हादसा: 11 की मौत, बोलेरो में 9 जिंदा जले

- बेटे का मुंडन कराकर लौट रहा था परिवार, कोई नहीं बचा; शवों को पहचानना मुश्किल

**मिर्जापुर (एजेंसी)।** यूपी के मिर्जापुर में सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। इसमें बोलेरो सवार 9 लोग जिंदा जल गए। हादसा रात 9.30 बजे मिर्जापुर-रीवा नेशनल हाईवे पर हुआ। पुलिस के मुताबिक, एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक ब्रेक फेल होने से बेकाबू हो गया। ट्रक ने आगे चल रही बोलेरो और स्विफ्ट कार को टक्कर मार दी। दोनों गाड़ियां आगे चल रहे एक ट्रॉले से जा टकरा गईं। रफ्तार तेज होने की वजह से टक्कर के बाद बोलेरो उछलकर अलग हो गई। तेज धमाके के साथ उसमें आग लग गई। जबकि, स्विफ्ट कार ट्रक और ट्राले के बीच में फंस गई। आग इतनी भीषण थी कि बोलेरो सवार 9 लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। इसमें एक ही परिवार के 8 लोग और एक ड्राइवर था। करीब ढाई घंटे तक बोलेरो धू-धू कर जलती रही। मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग मदद के लिए आए, लेकिन आग तेज होने की वजह से कोई पास नहीं जा पाया।



### उत्तराखंड की खाई में गिरी गाड़ी, 8 लोगों की मौत

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के टिहरी में चंबा-कोटीकॉलोनी मार्ग पर नैल के पास वाहन खाई में गिर गया, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने लोगों की मौत की पुष्टि की। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और राहत दल घटनास्थल पर पहुंचा। बचाव कार्य शुरू किया गया है। मरने वाले सभी लोग घनसाली क्षेत्र के चांजी, ठेला और चकरेडा गांव के रहने वाले थे। मृतक सभी लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए हरिद्वार गए थे। वहां से सभी लोग घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

### मुंबई: गोवंडी में भीषण आग का दिखा तांडव

- देखते ही देखते जलकर खाक हुईं कारें, धमाके से दहला इलाका

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के गोवंडी इलाके में आज सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब खड़ी गाड़ियां अचानक आग का गोला बन गई। आग की चपेट में आने से कम से कम 10 कार क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना घाटकोपर-मानखुर्द लिंक रोड पर बैंगनवाड़ी सिग्नल के पास सुबह करीब 11:45 बजे हुई। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि एक कार का सीएनजी सिलेंडर भी धमाके के साथ फट गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलते ही मुंबई दमकल विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे तथा दोपहर 12 बजकर 22 मिनट पर आग पर काबू पा लिया। उन्होंने कहा, वहां खड़ी 10 से 12 गाड़ियां आग लगने के कारण क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारी ने बताया कि फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है।



## महिला आरक्षण में 'ओबीसी कोटा' की बड़ी तैयारी

### कांग्रेस ने राहुल गांधी की मौजूदगी में बनाया नया मास्टरप्लान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने फैसला किया कि वह लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण में अन्य पिछड़े (ओबीसी) वर्ग के लिए कोटा सुनिश्चित करने की मांग को राष्ट्रीय स्तर पर पुरजोर तरीके से उठाएगी और इसे एक राष्ट्रीय विमर्श बनाने का प्रयास करेगी।

**बड़े नेता हुए शमिल-** कांग्रेस पार्टी के ओबीसी विभाग से संबंधित सलाहकार परिषद की बैठक में इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी महासचिव सचिन पायलट, ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अनिल 'जयहिंद' यादव समेत कई नेता शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में शामिल कांग्रेस नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि पहले कई संस्थानों ने ओबीसी पर डेटा की कमी का हवाला दिया था लेकिन जाति जनगणना होने के बाद जब यह डेटा उपलब्ध होगा तो उसके आधार पर ओबीसी समुदायों को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी हिस्सेदारी भी मिलनी चाहिए।



**इस मांग को दोहराने की जरूरत-** सूत्रों ने कहा कि नेताओं ने बताया, 'कांग्रेस का निरंतर यही रुख रहा है और पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने 2023 में संसद में नारी शक्ति वंदन विधेयक पर चर्चा के दौरान कहा था कि कि ओबीसी को महिला आरक्षण कार्यान्वयन में कोटा दिया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### रजौली के अमावां उदासीन संगत में महंत पर गहराया संकट, धार्मिक न्यास परिषद ने थमाया नोटिस

**रजौली।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद ने रजौली स्थित अमावां के प्रतिष्ठित 'उदासीन संगत' के प्रबंधन को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है, जिससे स्थानीय धार्मिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। परिषद के अध्यक्ष प्रो. रणवीर नंदन के हस्ताक्षरित पत्रांक 36 के माध्यम से वर्तमान महंत दयानंद मुनि को एक कड़ा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जिसमें उनके विरुद्ध प्राप्त गंभीर शिकायतों पर बिंदुवार जवाब मांगा गया है। परिषद के अधीन निबंधन संख्या 2937 के रूप में पंजीकृत इस सार्वजनिक मंदिर की गरिमा और पारदर्शिता पर उठे सवालों ने अब प्रशासनिक मोड़ ले लिया है, जहाँ एक तरफ सोनपुर स्थित श्री उदासीन महामंडल प्रबंध समिति के अध्यक्ष महंत विष्णु दास उदासीन (मौनी बाबा) ने मोर्चा खोला है, तो दूसरी तरफ स्थानीय जनता ने सामूहिक आवेदन देकर महंत की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न चिह्न खड़े किए हैं। इन शिकायतों की छायाप्रति संलग्न करते हुए परिषद ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि महंत द्वारा आगामी 24 अप्रैल 2026 तक संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया, तो उन्हें न्यासधारी (ट्रस्टी) के पद से मुक्त करने की वैधानिक प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस पूरे घटनाक्रम पर अपना पक्ष रखते हुए महंत दयानंद मुनि ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है और इन्हें पूरी तरह मिथ्या एवं आधारहीन करार दिया है। महंत का कहना है कि वे नियत समय पर अपना पक्ष परिषद के समक्ष मजबूती से रखेंगे और साथ ही उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में यह भी कहा कि जिन लोगों ने फर्जी हस्ताक्षर के जरिए उन्हें बदनाम करने की साजिश रची है, उन पर वे मानहानि का मुकदमा दर्ज कराएंगे। फिलहाल, परिषद की इस कार्रवाई और महंत के पक्ष जानने के लिए पूरे क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है।

### चोरी की मोटरसाइकिल रखने के आरोप में युवक गिरफ्तार, न्यायालय में पेशी

**रजौली।** रजौली पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अमावां गांव निवासी मो. जसीमुद्दीन के पुत्र मो. जाहिद आलम उर्फ मोनू आलम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई रजौली थाना कांड संख्या 218/26 दिनांक 23/04/26 धारा 317(2)/318(2) बीएनएस के तहत की गई है। मामले में मोहम्मद जाहिद आलम उर्फ मोनू आलम प्राथमिकी नामजद अभियुक्त है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की। इस दौरान आरोपी के पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी मोटरसाइकिल के कागजात नहीं दिखा सका। इसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को गुरुवार को माननीय न्यायालय में भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी का किसी वाहन चोर गिरोह से संबंध है या नहीं। साथ ही बरामद मोटरसाइकिल के असली मालिक का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि कोई भी वाहन खरीदने से पहले उसके कागजात की जांच जरूर करें। चोरी का वाहन रखने पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुटी है।

### श्रद्धा पुर्वक मनाई गयी वीर कुंवर सिँह की जयंती

**नारदीगंज( नवादा)।** प्रखंड के पेंशनर भवन में गुरुवार को बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती श्रद्धाभाव से मनाई। अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने की। लोगों ने बाबू कुंवर सिंह के तैलचित्र पर पुष्प माला अर्पित कर उनको नमन करते हुए कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें। कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि 23 अप्रैल का दिन सभी भारतवासियों के लिए गर्व का दिन है। यह दिन 1857 के भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा वीर कुंवर सिंह को समर्पित है। यह दिन वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव के रूप में भी याद किया जाता है। उन्होंने उनके शौर्य, त्याग, बलिदान एवं देश प्रेम के बारें में भी विस्तार से कहा। उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके त्याग और बलिदान को देश कभी नहीं भूला सकता है। मौके पर बलिराम प्रसाद सिंह, कामता प्रसाद सिंह, रामशरण सिंह, नरेश कुमार, यमुना सिंह, रघुनन्दन प्रसाद समेत अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किये।

### मारपीट मामले में एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के कहुआरा पंचायत के हरनारायणपुर निवासी फैजान अंसारी ने मुफस्सिल थाना में आवेदन पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। इसके अलावा एसपी को भी आवेदन पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने लिखित शिकायत में आषाढ़ी गांव के दो लोगों को नामजद व आठ दस अज्ञात व्यक्ति को आरोपित किया है। जख्मी फैजान ने कहा बीते 20 अप्रैल 2026 को प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में बीडीओ सोनिया ढनढननिया के अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय मस्जिद कमिटी की बैठक में शामिल होकर बाइक से वापस नवादा लौट रहा था। इसी बीच नारदीगंज नवादा सड़क मार्ग पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धनार्जय नदी (आषाढ़ी गांव) के समीप आषाढ़ी गांव के दो और आठ से दस संख्या में हथियारों से लैस सभी बदमाशों ने घेर कर जान से मारने की धमकी देते हुए और बेवजह जानलेवा हमला किया था। इस बीच मेरे पास रहे नगद 11 हजार रुपये भी बदमाशों ने ले लिया। इस घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गये। जख्मी हालत में सीएचसी नारदीगंज में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए स्थान्तरित कर दिया गया है। जख्मी फैजान कहुआरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य आलम अंसारी का पुत्र है।

### दाय बिगहा गांव के एक घर में लगी आग हजारों का नुक्सान

**नरहट (नवादा)।** थाना क्षेत्र के दाय बिगहा गांव में गुरुवार शाम रामधनी राम के करकट एवं फूस से बने घर में अचानक आग लग गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि घर में रखा हजारों रुपये का जरूरी सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक काफी नुकसान हो चुका था। ग्रामीणों के अनुसार अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई थी, लेकिन काफी देर तक दमकल की गाड़ी नहीं पहुंची, जिससे लोगों में नाराजगी भी देखी गई। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### कटिहार में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**कटिहार।** जिले में पटसन की खेती को बढावा देने के उद्देश्य से एक कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिले भर से पटसन की खेती में लगे किसान,एफपीओ, एनजीओ विषय विशेषज्ञ वैज्ञानिकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन आई सी ए आर क्राजप केक्षनिदेशक डा0 गौरांग कर, संयुक्त निदेशक (शष्य) पूर्णियां मनोज कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर निदेशक डा0 गौरांग कर ने पटसन के लिए बिहार सहित कटिहार की मिट्टी, जलवायु व जल की उपलब्धता को देखते हुए यहां पटसन की खेती की अच्छी संभावना बताया। किसान बंधु पटसन की खेती नगदी फसल के रूप मे करते हैं। इसलिए कम लागत मे उन्नत क्वालिटी की पटसन की अधिक ऊपज प्राप्त करने को लेकर आधुनिक रीति से एक कार्य योजना बनाकर खेती करने की अपील की। जानकारी दी कि इस कार्य योजना के तहत पटसन खेती के लिए मिट्टी की ऊर्वरा शक्ति से लेकर इसके तैयार होने, इसके बहुआयामी उपयोग, इसके मूल्यसंवर्धन तक शामिल हैं।केन्द्रीय पटसन एवं संवर्गीय रेशा अनुसंधान के द्वारा किसानों को कम लागत में अधिक पैदावार प्राप्त करने की आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराये जाते हैं। बिहार के संदर्भ मे कहा कि पूर्व मे यहां सात जिलों मे टपसन की खेती की जाती थी लेकिन अब और चार जिले इसमें शिमिल हो गये हैं। यह जताता है कि किसानों मे पटसन की खेती के प्रति ललक बढी है। जानकीरी दी कि सूबे में पटसन का उत्पादन दर वर्तमान में बीस क्विंटल प्रति हेक्टेयर है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह 28 क्विटल प्रति हेक्टेयर है। उन्होने ग्लोबल मार्केट में इसकी मांग व बहुआयामी उपयोग के मद्देनजर किसानों से पटसन की खेती वैज्ञानिक रीति से वैज्ञानिकों के सुझाये सुझाव के अनुरुप मनोयोग पूर्वक कर कम लागत मे अधिक उन्नत प्रभेद की पटसन की खेती की अपील की। इस मौके पर पूर्णियां प्रक्षेत्र के संयुक्त निदेशक (शस्य )मनोज कुमार, क्राजप के वरीय वैज्ञानिक डा0 एस के झा ने भी कम लागत मे अधिक पटसन ऊत्पादन की जानकारी दी. जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने जिले में पटसन खेती के लिए किसानो को विभागीय स्तर से दी जानेवाली सहयोग, सलाह व अन्य तकनीकि उपलब्ध कराये जाने की जानकारी दी।

# रजौली में धूमधाम से मनाया गया बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव

## एमएलसी नीरज कुमार ने कहा वे जाति और धर्म से ऊपर उठकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किए थे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड अंतर्गत एनएच 20 पर स्थित होटल रॉयल ऑर्बिट में गुरुवार की दोपहर को बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह का उद्घाटन पूर्व मंत्री बिहार सरकार सह सचेतक सत्तारूढ़ दल के नेता एमएलसी नीरज कुमार एवं क्षत्रिय महासंघ के जिलाध्यक्ष सुजयभान सिंह ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान पहले वीर कुंवर सिंह के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण किया गया और दीप प्रज्वलित की गई। समारोह की अध्यक्षता सुजयभान सिंह एवं मंच संचालन विनय कुमार सिंह ने किया। समारोह में दौरान पूर्व मंत्री को अंग वस्त्र एवं फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। साथ ही समाज के प्रमुख लोगों को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।



दीप प्रज्वलित करते पूर्व मंत्री एवं अन्य लोग

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह एमएलसी नीरज कुमार ने कहा कि युवाओं समेत अन्य लोगों को वीर कुंवर सिंह के आदर्शों पर चलना चाहिए,जिन्होंने 80 वर्ष की उम्र में भी 1857 के विद्रोह का नेतृत्व कर अंग्रेजों का दांत खटे किये थे। वे जाति एवं धर्म से ऊपर उठकर,एक राजा का जनता के प्रति जो जिम्मेदारी होती है,उसका निर्वहन किए थे। उन्होंने वीर कुंवर सिंह के पराक्रम संदेश को घर-घर तक पहुंचाने की अपील की,ताकि वीर कुंवर सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि मिल सके। वहीं जिलाध्यक्ष ने नवादा जिले के सभी क्षत्रिय समाज से अपील किया कि वे संगठित होकर अपने पूर्वजों के बताए गए मार्गों पर चलने का प्रयास करें। कार्यक्रम के दौरान होटल रॉयल आर्बिट के मालिक जयंत सिंह ने वीर कुंवर सिंह विजय उत्सव के शुभ अवसर पर घोषणा किया कि नवादा जिले के क्षत्रिय समाज की बेटियों की शादी के लिए जिन लोगों को हॉल की आवश्यकता होगी,वे उन्हें निःशुल्क उपलब्ध कराएंगे।

इस समारोह के दौरान प्रो. अजय प्रताप सिंह, रंजय सिंह ,रूपेश सिंह, जयंतसिंह ,शशि सिंह, बृजेश सिंह ,राणा हरिहरसिंह, सुरेश सिंह ,अभिमन्यु कुमार, चंदन गहलोत, रतन सिंह, महेंद्र सिंह ,अविनाश सिंह ,निशांत राना ,बंटी कुमार, मुन्ना ,विराट सिंह ,निशांत सिंह, रुद्र प्रताप ,मनीष सिंह, मुन्ना सिंह, पवन सिंह ,संतोष सिंह समेत दर्जनों लोगों ने अपने अपने मंतव्य दिए। समारोह की समाप्ति पर प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस मौके पर एमएलसी प्रतिनिधि दीपक कुमार मुन्ना,रुद्र प्रताप सिंह,पवन सिंह समेत सैकड़ों क्षत्रिय समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बाल विकास परियोजना नरहट में पोषण पखवाड़ा का समापन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** बाल विकास परियोजना नरहट की ओर से गुरुवार को पोषण पखवाड़ा समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छोटी पाली केंद्र संख्या 49 समेत सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अपने-अपने पोषक क्षेत्रों और केंद्रों पर लाभुकों के साथ मिलकर जागरूकता गतिविधियां संचालित कीं। कार्यक्रम के दौरान लोगों को पोषण और स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं तथा शपथ दिलाई गई कि वे अपने गांव और घरों में नमक, चीनी और तेल का कम उपयोग करेंगे। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने, बच्चों को जंक फूड और मोबाइल स्क्रीन से दूर रखने का संकल्प लिया गया। इसके अलावा महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने, विशेषकर एनीमिया से बचाव, तथा बच्चों के पौष्टिक आहार और मानसिक विकास पर निरंतर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम सीडीपीओ ज्योति सिन्हा के देखरेख में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि मेहंदी लेखन के माध्यम से भी लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

## गयाजी में युवक की संदिग्ध मौत कमरे में फंदे से लटकी मिली लाश

### परिजन बोले- घर में कोई परेशानी नहीं थी, पता नहीं क्या हुआ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में संदिग्ध हालत में एक युवक की मौत हो गई। कमरे में फंदे से लटका हुआशव मिला है। मृतक की पहचान सन्नी कुमार(18) के तौर पर हुई है। घटना डोभी थाना क्षेत्र की है। परिजनों के मुताबिक बुधवार को परिवार के साथ कंजियार गांव स्थित ननिहाल गया था। वहां आयोजित शादी समारोह में शामिल हुआ। बहुत खुश था। अचानक बिना किसी को कुछ बताए वहां से चला गया। कुछ देर बाद उसके पिता भी घर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। कोफी कोशिश के बाद भी नहीं खुला। अनहोनी की आशंका पर पिता चिंतित हो गए। किसी तरह दरवाजा खोला गया। अंदर का नजारा देखकर सन्न रह गए। सन्नी फांसी के फंदे से लटका हुआ था। आन-फानन में नीचे उतारकर अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर




दिया।

**घर में कोई परेशानी नहीं थी:** मृतक के बहनोई प्रियोम कुमार ने बताया कि सन्नी बिल्कुल सामान्य था। शादी में सभी से हंसी-मजाक कर रहा था। किसी तरह की परेशानी की कोई बात सामने नहीं आई थी। पता नहीं क्या हुआ, जो उसने खौफनाक कदम उठा लिया। ये पुलिस जांच का विषय है।

## तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार, एक विधि-विरुद्ध बालक निरुद्ध

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा):** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में बढ़ रही साइबर आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी (पकरीबरावां) *राजेश कुमार भास्कर* ने बताया कि पुलिस अधीक्षक, नवादा के निर्देश पर साइबर अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पु०नि०-सह-थानाध्यक्ष वारिसलीगंज के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम बल्लोपुर स्थित मुड़ीकटवा मोड़ से दक्षिण सरकारी पाइन बैर के पेड़ के पास छापेमारी की गई। कार्रवाई के



दौरान तीन साइबर अपराधियों को पकड़ा गया।

तलाशी के दौरान उनके पास से *तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन* तथा *दो पन्नों का कस्टमर डाटा* बरामद किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी *प्रधानमंत्री मुद्रा योजना* एवं अन्य कंपनियों के नाम पर लोन दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करते थे। कस्टमर डाटा में मौजूद मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर ये लोग ग्राहकों को फर्जी लोन का लालच देकर पैसे ऐंठते थे।

इस संबंध में वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 277/26, दिनांक 22.04.2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं एवं आईटी एक्ट की धारा 66, 66बी, 66सी, 66डी के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान * सत्येन्द्र कुमार (30 वर्ष), पिता कृष्ण महतो, निवासी दौलतपुर* विकास कुमार (18 वर्ष), पिता विजय प्रसाद, निवासी बल्लोपुर वहीं एक विधि-विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है।

**छापेमारी दल में शामिल अधिकारी:** पु०नि० पंकज कुमार सैनी (थानाध्यक्ष), पु०अ०नि० अखिलेश्वर सिंह, पु०अ०नि० रमेश कुमार, पु०स०अ०नि० कन्हैया सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

**बरामदगी:** एंड्रॉयड मोबाइल – 03, कस्टमर डाटा – 02 पन्ने पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल पर लोन या अन्य लालच में आकर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## राजीगर में ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी, राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर अलर्ट मोड में प्रशासन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन दो दिवसीय दौरे पर राजगीर आ रहे हैं। 28 और 29 अप्रैल दो दिवसीय परिभ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। इस हाई-प्रोफाइल दौरे की संवेदनशीलता और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने व्यापक सुरक्षा इंतजामों की रूपरेखा तैयार की है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक की गुंजाइश न रहे, इसके लिए जिला प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से राज्यपाल के चिन्हित कार्यक्रम स्थलों और उनके आवासन स्थल के आसपास के पूरे क्षेत्र को तत्काल प्रभाव से 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित कर दिया गया है। इस आदेश के तहत परिभ्रमण के दौरान उन क्षेत्रों में किसी भी अनाधिकृत ड्रोन के प्रवेश या उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा।

### कार्यक्रम स्थल के आसपास 'नो फ्लाइंग जोन'



**लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी:** सुरक्षा के इन कड़े मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजगीर को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस आदेश का अक्षरशः अनुपालन किया जाए और किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राजगीर क्षेत्र में सुरक्षा बलों की तैनाती और निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि राज्यपाल का दो दिवसीय दौरा शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके।

## गयाजी गृह रक्षा वाहिनी के अध्यक्ष बने मुंगेश्वर सिंह यादव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी के गेवाल बीघा स्थित पुलिस लाइन परिसर में बुधवार देर रात तक उत्सव का माहौल दिखा। जिला गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय में त्रिस्तरीय चुनाव के परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। यह चुनाव बिहार रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ केंद्रीय समिति, पटना के निर्देश पर राज्यभर में कराया गया था। जिला अध्यक्ष पद पर मुंगेश्वर सिंह यादव ने जीत दर्ज की। परिणाम आते ही उनके समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। फूल-मालाओं से उनका स्वागत हुआ। मिठाइयां बांटी गईं। जीत के बाद मुंगेश्वर यादव ने गृहरक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह जीत किसी एक की नहीं है। यह उन सभी गृहरक्षकों की जीत है, जो वर्षों से अपनी समस्याओं को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

सभी के विश्वास पर खरा उतरेंगे। गृहरक्षकों के सम्मान और अधिकार की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे। उन्हें 'कुर्सी छाप' चुनाव चिन्ह मिला था। यह कुर्सी उनके लिए जिम्मेदारी का प्रतीक है। अब इस जिम्मेदारी को निभाना ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी।

**भ्रष्टाचार को खत्म करने का वादा:** वहीं, सचिव पद पर हृदय प्रसाद ने एक बार फिर जीत हासिल की है। लगातार सातवीं बार इस पद पर जीत दर्ज करने के



बाद उन्होंने समर्थकों का आभार जताया। कहा कि चुनाव पूरी तरह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत सम्पन्न हुआ है। इसमें सभी की भागीदारी रही। संगठन में पारदर्शिता लाना उनकी प्राथमिकता है। भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। अपने कार्यकाल में पूरी निष्ठा व ईमानदारी से काम करेंगे।

**ढोल-नगाड़ों पर झूमे समर्थक:** चुनाव परिणाम के बाद पुलिस लाइन परिसर देर रात तक गुलजार रहा। समर्थक ढोल-नगाड़ों पर झूमते दिखे। जीत के जश्न के साथ ही गया में गृह रक्षा वाहिनी चुनाव ने संगठन के भीतर नई ऊर्जा और उम्मीद का संदेश दिया है।

# पप्पू यादव ने अपने बयान पर मांगी माफी, कहा- मेरी लड़ाई उन नेताओं के खिलाफ, जो महिलाओं को गिद्ध की नजरों से देखते हैं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव गुरुवार को नालंदा पहुंचे। रेप के बाद सुसाइड करने वाली छात्रा के परिजनों से मिले। उन्हें ढांढस बंधाया, साथ ही परिवार को 25 हजार रुपए की आर्थिक मदद की। इस दौरान सांसद भावुक नजर आए। प्रशासन और राजनीतिक व्यवस्था पर तीखा हमला बोला। सांसद ने कहा कि यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि जिस समाज और क्षेत्र से बिहार के पूर्व सीएम आते हैं, वहीं की एक बेटी को अब तक न्याय नहीं मिल पाया है। आरोपी खुलेआम घूम रहा है। उसे राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। ऐसे अपराधियों का बहिष्कार करें, वरना भविष्य में बेटियों का घर से निकलना मुश्किल हो जाएगा।

**यौन उत्पीड़न के वीडियो और साक्ष्य मौजूद:** महिला सुरक्षा के मुद्दे पर पप्पू यादव ने कहा कि उनका संघर्ष उन नेताओं के खिलाफ है जो महिलाओं पर 'गिद्ध दृष्टि' रखते हैं। कई बड़े



नेताओं और जनप्रतनधियों के यौन उत्पीड़न के वीडियो और साक्ष्य मौजूद हैं, लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं होती। मेरे बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है। मैं हमेशा महिलाओं के मान-सम्मान में खड़ा रहा हूं। अगर मेरे किसी बयान से राजनीति में सक्रिय महिलाओं को ठेस पहुंची है तो वह उनसे क्षमा मांगते हैं, लेकिन उन भ्रष्ट नेताओं से नहीं जो बेटियों का शोषण करते हैं।

**संसद में मजबूती से उठाएंगे मुद्दा:** सांसद ने नीट परीक्षा के विवाद से लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों में महिलाओं के खिलाफ हुई हिंसा का जिक्र करते हुए व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वह इस बेटी को न्याय दिलाने के लिए जरूरत पड़ने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। संसद सत्र शुरू होने पर इस आवाज को मजबूती से उठाएंगे।

**बेटियों के लिए आखिरी दम तक लड़ेंगे:** पप्पू यादव ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से अपील करते हुए कहा कि कम से कम अपने समाज और प्रदेश की बेटी मानकर इस परिवार को न्याय दिलाइए। उन्होंने संकल्प दोहराया कि देश की बेटियों की सुरक्षा के मुद्दे पर पीछे नहीं हटेंगे। आखिरी दम तक संघर्ष जारी रखेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### ई-रिक्शा रोककर 4 लोगों पर चाकू से हमलाःवैशाली में आपसी विवाद में दिया घटना को अंजाम

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र में आपसी विवाद के कारण एक व्यक्ति ने टोटो रिक्शा रोककर चार लोगों पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में सभी चार लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घायलों की पहचान रवि कुमार (पिता राजेंद्र महतो), निशा कुमारी (पत्नी रवि कुमार), राजेंद्र महतो (पिता स्वर्गीय धुटुक महतो) और बबीता देवी (पत्नी राजेंद्र महतो) के रूप में की गई है। ये सभी सराय थाना क्षेत्र के पीरा गांव के निवासी हैं। पुलिस ने चाकू मारने के आरोपी विक्की कुमार (पिता देवेंद्र महतो) को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना सराय-लालगंज मुख्य मार्ग पर स्थित नरेंद्र प्रबोधि गांव के पास हुई। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार आरोपी ने बीच सड़क पर टोटो रिक्शा को रोका और उस पर सवार लोगों पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। घायलों को तत्काल सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और विवाद के कारणों का पता लगाने में जुटी है।



### सोनपुर में यादव समाज ने पासवान के युवकों को पीटा, बारात के दौरान हिंसक झड़प

**हाजीपुर**। सोनपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर नेवल टोला में एक बारात के दौरान डीजे पर अश्लील गाने बजाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस झड़प में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, कस्मीरी राय की शादी के दौरान बारात जब सबलपुर नेवल टोला पहुंची, तो डीजे पर कथित रूप से अश्लील गाने बजाए जा रहे थे। स्थानीय पासवान समाज के लोगों ने इसका विरोध किया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया और मामला मारपीट तक पहुंच गया। इस घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी पहचान इस प्रकार की गई है। सुभाष कुमार पासवान (38) और राजन पासवान (25) के रूप में हुई है। दोनों को पहले सोनपुर रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल सुभाष कुमार पासवान के अनुसार, रात करीब 12:30 बजे बारात के दौरान डीजे बज रहा था, जिसमें अश्लील गाने चल रहे थे। उनका कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो बारात पक्ष के कुछ लोगों ने बेल्ट, ईंट और लाठी से हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने जातिसूचक गालियां भी दीं और जान से मारने की धमकी दी। घायल पक्ष का यह भी आरोप है कि जब उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, तो आरोपियों ने पुलिस को भी धमकाने की बात कही। उनका कहना है कि पुलिस के आने पर भी आरोपियों का व्यवहार आक्रामक रहा और बाद में उन्हें अस्पताल जाने के दौरान भी पीछा करने की कोशिश की गई। वहीं सोनपुर थाना पुलिस ने घटना को लेकर अलग जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार, अश्लील गाना बजाने की बात सही नहीं है और मामला गाड़ी साइड करने को लेकर हुए मामूली विवाद से शुरू हुआ था, जो बाद में झड़प में बदल गया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।



### मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर ऑफिस में लगी आग, डॉक्यूमेंट्स, कंप्यूटर जलकर राख, शॉर्ट सर्किट की आशंका

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को प्लेटफॉर्म-1 पर रेल कार्यालय में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया। स्टेशन परिसर से काले धुएं का गुबार उठता देख यात्रियों और रेल कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। बिजली के तारों से चिंगारी निकलने के बाद वहां रखे दस्तावेज और फर्नीचर आग की चपेट में आ गए। पूरे स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्लेटफॉर्म पर मौजूद दुकानें तुरंत बंद कर दी गईं। वेंडर सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए। ट्रेन पकड़ने आए यात्रियों को काफी असुविधा हुई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के जवान मौके पर पहुंचे। अग्निशमन विभाग को तुरंत सूचना दी गई। आनन-फानन में दमकल की 2 गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्टेशन के संकरे हिस्सों और प्लेटफॉर्म पर भीड़ के कारण बचाव कार्य में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन रेल कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण कागजात, कंप्यूटर और सरकारी संपत्ति के जलकर खाक होने की आशंका है। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं। सटीक कारणों की जांच के लिए कमेटी गठित करने की बात कह रहे हैं। फिलहाल, स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं। स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



### महिला टीचर से मारपीट, स्कूल प्रबंधक पर गंभीर आरोप, पीड़िता बोलीं- छुट्टी मांगने पर बढ़ा विवाद

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर जिले के ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र स्थित एशियन स्कूल में एक शिक्षिका के साथ मारपीट और बदसलूकी का मामला सामने आया है। शिक्षिका ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी वायरल हो रहा है, जिसके बाद शिक्षा जगत और स्थानीय लोगों में आक्रोश है। पीड़ित शिक्षिका की पहचान अंकिता कुमारी के रूप में हुई है। अंकिता ने बताया कि विवाद उनकी बी.एड इंटर्नशिप के लिए मांगी गई छुट्टी को लेकर शुरू हुआ। वह लंबे समय से स्कूल में काम कर रही थीं। जब उन्होंने इंटर्नशिप के लिए अवकाश मांगा, तो स्कूल प्रबंधन का रवैया बदल गया। सभी स्टाफ को समय पर वेतन दिया गया, लेकिन उनकी सैलरी रोक दी गई। जब वह अपने बकाया वेतन के बारे में पूछताछ करने स्कूल पहुंचीं, तो प्रबंधन ने उनसे सीधे बात करने से इनकार कर दिया। उन पर एक महीना और काम करने का दबाव बनाया गया। कहा गया कि इसके बाद ही उन्हें बकाया पैसा दिया जाएगा और फिर उन्हें इस्तीफा देना होगा। अंकिता ने आगे बताया कि इस शर्त पर आपत्ति जताई और अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका व्यक्त की, तो स्थिति और बिगड़ गई। घटना वाले दिन बकाया 15 हजार रुपए की मांग करने दोबारा एशियन स्कूल पहुंची थीं। वहां मौजूद एक पुरुष शिक्षक और एक महिला परिचारिका ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। उनके साथ धक्का-मुक्की की गई, बाल पकड़कर बेरहमी से पीटा गया और गलत तरीके से छेड़छाड़ भी की गई। जबरन स्कूल के गेट से बाहर धकेल दिया गया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर, एशियन स्कूल प्रबंधन ने इन तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। स्कूल प्रशासन का कहना है कि आरोप बेबुनियाद है।घटना को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। स्कूल के अनुशासन को बनाए रखने के लिए कदम उठाए गए थे और मारपीट जैसी कोई बात नहीं हुई है। घटना के तुरंत बाद लहूलुहान और डरी-सहमी शिक्षिका ब्रह्मपुरा थाना पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता और वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ भीमराव अंबेडकर स्मृति में 43वां अंतरराष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण शिविर सम्पन्न

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

## संस्कृतमय माहौल में हुआ भव्य समापन

**पटना**। बिहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना द्वारा आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के तहत आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर स्मृति अंतरजालीय अंतरराष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं संभाषण शिविर का भव्य समापन संस्कृतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह लगातार 43वां संस्कृत संभाषण शिविर रहा, जिसमें देश-विदेश के कई महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के आचार्य एवं प्रतिभागी जुड़े। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि संस्कृत भाषा को जन-जन तक पहुंचाकर ही डॉ अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। उन्होंने संस्कृत को भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा की आधारशिला बताते हुए इसके व्यापक प्रसार पर जोर दिया।

उद्घाटन सत्र में अभियान के प्रधान संरक्षक डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि भारत का समग्र विकास संविधान के माध्यम से ही संभव है, जिसके शिल्पकार डॉ अंबेडकर थे। उन्होंने संविधान और भाषा के बीच संबंध को रेखांकित करते हुए जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता बताई।

मुख्य वक्ता के रूप में अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका प्रो रागिनी वर्मा ने कहा कि विश्व में स्थायी शांति का मार्ग संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार से होकर जाता है। उन्होंने संस्कृत को वैश्विक संवाद की भाषा के रूप में विकसित करने की जरूरत बताई।




कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा, डॉ लीना चौहान सहित विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल कुमार चौबे, डॉ मधु कुमारी, डॉ दीप्ति कुमारी, डॉ अवंतिका कुमारी, डॉ नीरा कुमारी और प्रो एच के सिंह समेत अनेक विद्वानों ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की मूल धारा है और यह "वसुधैव कुटुंबकम्" की भावना को साकार करती है।

इस अवसर पर संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने संस्कृत में डॉ अंबेडकर के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में देवेश प्रकाश और अदिति चोला को प्रथम, डॉ दीप्ति कुमारी एवं वंदना पटेरिया को द्वितीय तथा डॉ विश्वजीत रुद्रपाल और डॉ रागिनी कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं तारा विश्वकर्मा, मनीषा बोदरा, उमा हेनोते और डॉ डिम्पल कुमारी को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ अनिल कुमार चौबे और मनीषा बोदरा ने संस्कृत में गीत प्रस्तुत कर माहौल को और भी भावपूर्ण बना दिया। समापन सत्र में वैदिक मंगलाचरण उग्र नारायण झा ने किया, जबकि ऐक्य मंत्र अदिति चोला द्वारा प्रस्तुत किया गया। अंत में डॉ लीना चौहान ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया।

# 'मेरी लापता बच्ची किसी को मिले तो पहुंचा दें'

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ पर्चा लगाकर 3 वर्षीय बेटी को तलाश रहे परिजन, 19 दिन में पुलिस के हाथ खाली

**पटना**। पटना में हनुमान मंदिर परिसर से 19 दिन पहले 3 साल की बच्ची अंशु लापता हुई थी। उसका अभी तक कुछ पता नहीं चला है। परिजन और स्थानीय वार्ड पार्षद श्वेता रंजन पुलिस की कार्यशाली पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस लापरवाही बरत रही है। पुलिस मुकम्मल कार्रवाई नहीं कर रही है। परिजन खुद पटना शहर में बच्ची की तस्वीर का पंपलेट लगा रहे हैं। जो पुलिस की उदासीनता को दर्शाता है। पंपलेट पर फोटो के साथ लिखा है, 'बच्ची 4 अप्रैल की शाम से लापता है। किसी भाई-बहन को मिले तो पटना जंक्शन महावीर मंदिर पर पहुंचाने का कष्ट करें...।' श्वेता रंजन ने ह्यूमन ट्रैफिकिंग की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि, 'वरीय अधिकारियों को इसपर संज्ञान लेना चाहिए। हमलोग इसके खिलाफ हैं। बच्ची की सकुशल बरामदी होनी चाहिए।' मामला कोतवाली थाने से जुड़ा है। लापता अंशु कोतवाली इलाके के कमला नेहरू नगर की रहने वाली है।

**महिला सिपाही की मदद से थाने पहुंची थी पीड़िताः** गुमशुदगी के 15 दिन के बाद 18 अप्रैल को एक महिला ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल की मदद से पीड़ित परिजन कोतवाली थाने पहुंचे थे। काफी जद्दोजहद के बाद थाने ने पीड़िता के आवेदन को एक्सेप्ट किया था। बच्ची की नानी मीना देवी ने बताया था कि 4 अप्रैल की शाम लगभग 6:00 बजे अंशु अपनी मां नितु कुमारी के साथ महावीर मंदिर पूजा के लिए गई थी। इसी दौरान मंदिर परिसर के आसपास से गुमशुदा हो गई।

हमलोग जीआरपी थाने गए। वहां पूरी घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद वहां से कोतवाली थाने भेज दिया गया। नानी के मुताबिक कोतवाली थाने पहुंचने पर बच्ची की गुमशुदगी से संबंधित एविडेंस मांगे गए, नहीं होने पर लौटा दिया गया। 15 दिनों तक अपने स्तर से खोजबीन की। इसी बीच एक महिला ट्रैफिक कांस्टेबल को घटना के बारे में जानकारी मिली। उसने पूरी मदद की।

# नाले का पानी सड़क पर आया, पटना में सड़क धसने से गिरी थी पोकलेन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बदबू से लोग बेहाल, बुडको बोला- डीवॉटरिंग करेंगे**

**पटना**। पटना के जय प्रकाश नगर में राजीव नगर नाले का पानी सड़क पर आ जाने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गंदे काले पानी से पूरे इलाके में बदबू फैल गई है, जिससे सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। जगह-जगह गड्ढे में पानी भरा होने के कारण कई बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति बीमारी का घर बन चुकी है और अगर पानी का स्तर और बढ़ा तो नाले का पानी घरों में भी घुस सकता है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नाले की सफाई और पानी निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है। मंगलवार देर रात सड़क धसने से पोकलेन मशीन राजीव नगर नाले में गिर गई थी। सिल्ट हटाने के दौरान पीसीसी सड़क धंसने से यह



हादसा हुआ। हालांकि, इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। मगर नाले के किनारे कई जगह सड़क हादसे का खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद सभी जगहों पर बेरिकेडिंग नहीं की गयी है।

# पटना में 3 महीने में 45 करोड़ का ड्रग्स पकड़ा, एंटी वेनम सिरम का नशे में इस्तेमाल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। पटना पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले तीन महीनों में 45 करोड़ रुपये से अधिक के नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, कुल बरामदगी का करीब 60 से 70% हिस्सा शहर के पूर्वी इलाकों से हुआ है। इसमें एंटी वेनम सिरम, बूप्रेनोरफीन, एविल इंजेक्शन और प्रतिबंधित कफ सिरप शामिल हैं। एंटी वेनम सिरम का इस्तेमाल स्नेक बाइट केस में इलाज के लिए किया जाता है। पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि, नशे के नेटवर्क को तोड़ने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। NDPS से जुड़े मामलों में रिकवरी और गिरफ्तारी के लिए विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया है, जिसमें पत्रकार नगर थाना, चित्रगुप्त नगर थाना, सुल्तानगंज थाना, बहादुरपुर थाना, गोपालपुर थाना और मुसल्लहपुर थाना के SHO शामिल हैं।

**6 अप्रैल को 1 करोड़ की खेप जब्त कियाः** पटना पुलिस ने 6 अप्रैल 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस



को 9,370 यूनिट नशीले इंजेक्शन और 5,537 यूनिट कोडीन युक्त कफ सिरप मिले हैं। इसके अलावा एंटीबायोटिक और एंटी-वेनम जैसी दवाएं भी बरामद की गईं।

**बूप्रेनोरफीन, एविल इंजेक्शन का खतरनाक कॉम्बिनेशनः** पकड़े गए सप्लायर ने पुलिस को बताया है कि बूप्रेनोरफीन, एविल इंजेक्शन दोनों साथ मिलकर नशे के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। इसका नशा काफी घंटे तक रहता है। आमतौर पर इस इंजेक्शन का इस्तेमाल एलर्जी खुजली और स्किन संबंधित बीमारी में होता है।

**मास्टरमाइंड नीरज की तलाश में जुटी पुलिस**

**मास्टरमाइंड की तलाश जारीः** पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि, 'इस नेटवर्क का मुख्य सरगना नीरज फिलहाल फरार है। उसके गोदामों को जब्त किया गया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। वह लंबे समय से पटना सिटी और आसपास के इलाकों में एक्टिव था। उसकी भूमिका मास्टरमाइंड के तौर पर हो सकती है।' पुलिस अब उसके पूरे नेटवर्क और अवैध कमाई से बनाई गई संपत्ति की भी जांच कर रही है। कुछ संपत्तियों की सूची तैयार कर ली गई है, जिन्हें जल्द जब्त किया जा सकता है। पुलिस का कहना है कि नशे के इस सिंडिकेट को जड़ से खत्म करने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# भीषण गर्मी में लोगों को फ्री में मिलेगा ठंडा पानी चौक-चौराहों पर मिलेगा वॉटर ऑन-व्हील

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। गर्मी के मौसम में लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए पटना नगर निगम ने लोगों के राहत के लिए विशेष व्यवस्था की है। नगर निगम द्वारा सभी अंचलों में सार्वजनिक स्थलों, चौक-चौराहों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्याऊ और "निगम नीर" की व्यवस्था की गई है। इन स्थानों पर राहगीरों, रिक्शा चालकों, श्रमिकों, दुकानदारों और आम लोगों के लिए फ्री में ठंडे पानी की व्यवस्था है।

**'निगम नीर' की मोबाइल सेवा से लोगों को मिल रहा पेयजलः** निगम नीर वॉटर ऑन-व्हील सेवा है, जिस पर एक वक्त में 200 लीटर पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। इनमें नल लगा है, जिसमें आम लोग आसानी से अपने बोतल में पानी भर सकते हैं। इसके साथ ही ये आवश्यकतानुसार इनकी लोकेशन भी बदली जाती है। सरकारी आयोजनों, भीड़-भाड़ वाले जगहों आदि पर आवश्कतानुसार और आदेशानुसार व्यवस्था निगम द्वारा की जाती है।

वर्तमान में विकास भवन, जीपीओ गोलंबर, पटना जंक्शन, और राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन के पास निगम नीर की गाड़ियां मौजूद रहती हैं। इसके साथ ही अन्य भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों जैसे एनएमसीएच, अगमकुआं, गायघाट, नबाब बहादुर रोड, पश्चिम दरवाजा, सिटी कोर्ट, आलमगंज थाना, जल्ला रोड, बजरंगपुरी, आर्य कुमार रोड, नाला रोड, कदमकुआं, खेतान मार्केट, बारीपथ, अशोक राजपथ, खजांची रोड, जीएम रोड,




सब्जीबाग, बाजार समिति, मुसल्लहपुर हाट आदि स्थलों पर निगम नीर की गाड़ी घूम-घूमकर आम लोगों को पेयजल उपलब्ध करा रही है। पटना नगर निगम द्वारा विभिन्न अंचलों में अलग-अलग स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था भी की गई है। सभी प्याऊ पर दो बड़े घड़े रखे गए हैं, जिनमें एक वक्त में 100-100 लीटर पीने के पानी की व्यवस्था है। इन मटकों की नियमित साफ-सफाई और रीफिलिंग नगर निगम द्वारा की जाती है। निगम के अनुसार अगर किसी क्षेत्र में पेयजल की समस्या या प्याऊ, निगम नीर की व्यवस्था में कोई कमी दिखाई दे रही है, तो नागरिक संबंधित अंचल कार्यालय या टोल फ्री नंबर 155304 या व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 9264447449 पर इसकी सूचना दे सकते हैं।

# पूर्व थानाध्यक्ष को ईओयू ने भेजा नोटिस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। किशनगंज के पूर्व नगर थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार रंजन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने उन्हें आय से अधिक संपत्ति मामले में पूछताछ के लिए पटना स्थित अपने कार्यालय में तलब किया है। अभिषेक कुमार रंजन को EOU ने नोटिस भेजा है। पूछताछ के लिए EOU ने अभिषेक कुमार रंजन को बुलाया है। मंगलवार को EOU कार्यालय आकर अभिषेक को अपना पक्ष रखने को कहा गया है। अभिषेक कुमार रंजन पर आय से 118 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। EOU की 5 अलग-अलग टीम ने 14 अप्रैल को अभिषेक के 5 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। पटना, छपरा, सिलीगुड़ी और मुजफ्फरपुर में करोड़ों के बंगले और जमीन के निवेश का EOU ने छापेमारी के दौरान खुलासा किया था।

**16 साल के सेवा काल में लगभग 50 करोड़ रुपए की अवैध संपत्तिः** सूत्रों के अनुसार, अभिषेक कुमार रंजन पर अपने 16 साल के सेवा काल में लगभग 50 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति अर्जित करने का गंभीर आरोप है। जांच एजेंसी को संदेह है कि उन्होंने पद का दुरुपयोग कर यह संपत्ति जुटाई है। ईओयू अब उनकी आय के स्रोतों और संपत्तियों के नेटवर्क की जांच कर रही है। ईओयू की पूछताछ में कई अहम खुलासे होने की उम्मीद है। एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि अवैध संपत्ति का नेटवर्क कितना बड़ा है और इसमें किन-किन लोग शामिल हैं। आने वाले दिनों में इस मामले में और भी कई खुलासे होने की संभावना है।




**आय से 118 प्रतिशत अधिक संपत्ति पर होगी पूछताछ, बड़े नेटवर्क का खुलासा संभव**

**निलंबित SDPO के सहयोगी रहे हैं अभिषेक रंजनः** यह मामला तब सामने आया जब किशनगंज के निलंबित एसडीपीओ गौतम कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच चल रही थी। उसी दौरान अभिषेक रंजन का नाम भी जांच के दायरे में आया। जांच में संकेत मिले कि अभिषेक रंजन, गौतम कुमार के करीबी सहयोगी रहे हैं। ईओयू की प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि थानाध्यक्ष के स्थानीय बालू माफिया, एंट्री माफिया, शराब माफिया और तस्करों से गहरे संबंध थे। इस अवैध कमाई को जमीन, मकान और अन्य बेनामी संपत्तियों में निवेश किया गया।

# 'जो कहा वो किया', पटना में लगे नीतीश के पोस्टर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। नीतीश कुमार के सीएम पद छोड़ने के बाद उनके कामों को लेकर पटना में पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में बिहार में पिछले दो दशकों के दौरान हुए विकास कार्यों को बताया गया है। खासतौर पर महिलाओं के उत्थान, सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार से जुड़ी योजनाओं को प्रमुखता दी गई है। पोस्टरों पर बड़े अक्षरों में लिखा है— "जो कहा... वो किया", जिसके जरिए नीतीश कुमार के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

**सम्राट सरकार में भी नीतीश के काम पर जोरः** राज्य में वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हैं, लेकिन पोस्टरों में विकास कार्यों का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दिया जा रहा है। इसे लेकर राजनीतिक हलकों में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। माना जा रहा है कि इन पोस्टरों के जरिए जनता के बीच यह संदेश देने की कोशिश है कि बिहार के विकास की मजबूत पहचान अब भी नीतीश कुमार के नाम से जुड़ी हुई है।

**हंसते-हंसते फ्लोर टेस्ट पास करेंगे CM सम्राटः श्रवण कुमार** - बिहार में बनी नई सम्राट सरकार को कल बहुमत पेश करना है। इसे लेकर जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा, 'एक तरफ 202 है और एक तरफ 35। सम्राट सरकार को बहुमत हंसते-हंसते मिलेगा।' क्रॉस वोटिंग पर श्रवण कुमार ने कहा, 'उनसे पूछिए कि वो क्या करेंगे।' वहीं प.




बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव पर उन्होंने कहा, वर्तमान सरकार हताश और निराश है। चुनाव में बदलाव होगा और एनडीए की सरकार बनेगी। वोटिंग में बमबाजी को लेकर कहा, जो हताश और निराश हैं, वो इस तरह गुंडागर्दी का सहारा ले रहे हैं। उनके नापाक इरादे कभी कामयाब नहीं होंगे।

**नीतीश कुमार के आशीर्वाद से सरकार चल रहीः जदयूः** इधर, जदयू के सीनियर लीडर और डिप्टी सीएम विजय चौधरी और जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा, 'बिहार में सरकार नीतीश कुमार के आशीर्वाद से चल रही है। 24 अप्रैल को विधानसभा में सरकार विश्वास मत हासिल करेगी। कल इसी के लिए सत्र बुलाया गया है। हम बड़े मजबूती से मत हासिल करेंगे। साधारण बहुमत नहीं, मजबूत बहुमत है।' प्रेस कॉन्फ्रेंस में विजय चौधरी ने कहा, 'नीतीश कुमार की सोच को ही मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आगे बढ़ा रहे हैं। आप सब जानते हैं, जो रास्ता नीतीश कुमार ने बिहार के लिए बनाया है। उसी पर सरकार चल रही है। जनता ने तो 20 सालों में दिखा दिया, उनको नीतीश कुमार जी पसंद है।'

**तेजस्वी यादव पर डिप्टी सीएम का पलटवारः** डिप्टी सीएम विजय चौधरी ने आगे कहा, 'तेजस्वी यादव कह रहे हैं कि सरकार 12 हजार करोड़ का कर्ज ले रही है। बिहार की जनता विकास देखती है या खजाना देखती है। अभी वो स्थिति नहीं आई है, जैसे उनकी सरकार चलती थी। उस समय वित्त विभाग लाल घेरे में रहती थी।' वहीं उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र यादव से तेजस्वी के बिहार में अपराधी सम्राट हो गए हैं वाले बयान पर कहा, 'अपने क्या हैं वो, उनसे पूछिए कि वो खुद क्या हैं।' तेजस्वी यादव के लॉ एंड ऑर्डर पर उठाए गए सवाल पर श्रवण कुमार ने कहा, 'बिहार की जनता ने उन्हें खारिज कर दिया है। उनके माता-पिता के समय बिहार जंगलराज के दौर से गुजरा है। उनको ऐसी बात नहीं करना चाहिए।'

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे मे तीन घायल, रेफर

**कोचस (रोहतास)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर सेलास बस स्टैंड के समीप गुरुवार को अनियंत्रित कार ने बाइक में ठोकर मार दी जिसमें दो बच्चे समेत तीन लोग अमीर रूप से घायल हो गए, घटना के बारे में बताया जाता है कि कैमूर मोहनिया के ग्राम कोटा निवासी जालिम शाह अपने बेटे 10 वर्षीय मोहन साह और 8 वर्षीय अमित शाह के साथ अपने बाइक से कोचस के सेलास बस स्टैंड स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 319 को पार कर रहे थे तभी तेज रफ्तार से आ रही नियंत्रित कर ने जोरदार ठोकर मार दी जिसमें बाइक से सड़क पर गिर तीनों लोग घायल हो गए, घटना की जानकारी लोगों ने थाने को दी जहां सूचना पर पहुंची 112 नंबर डायल गाड़ी पुलिस ने सभी घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सकों ने बच्चों के शरीर में आंतरिक चोट आने की बात कह बेहतर इलाज के लिए तीनो घायलो को सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है।

### इन्दु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय में वीरता और स्वतंत्रता के अमर सेनानी बाबू कुंवर सिंह की मनाई गई जयंती समारोह

**बिक्रमगंज /रोहतास**। स्थानीय इन्दु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज रोहतास में वीरता और स्वतंत्रता के अमर सेनानी बाबू कुंवर सिंह की जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया कार्यक्रम में सर्व प्रथम तैल चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। डॉ बिनोद कुमार सिंह प्रधानाचार्य ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि आज 23 अप्रैल 2026 को बाबु वीर कुंवर सिंह जी की जयंती ही नहीं बल्कि एक महान योद्धा को। याद करते हुए स्वाधीनता चेतना के पुनर्स्मरपण का पावन अवसर है। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने जिस अदम्य साहस नेतृत्व और देशभक्ति का परिचय दिया वह आज भी प्रेरणा का स्त्रोत है। बिहार की धरती शाहाबाद के महान सपूत 80 वर्ष की आयु में अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती देते हुए यह सिद्ध कर दिया कि देश प्रेम उम्र का मोहताज नहीं होता। शाहाबाद की धरती से उनके नेतृत्व में लडी गई लड़ाईयां भारतीय इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। वीर कुंवर सिंह घायल अवस्था में भी अपने संकल्प से विचलित नहीं होना और मातृभूमि भूमि के लिए सर्वस्व न्योछावर कर देना उनके अद्वितीय व्यक्तित्व को दर्शाता हैं। डॉ उमेश्वर प्रसाद सिंह उपप्राचार्य ने कहा कि बाबु वीर कुंवर सिंह केवल एक योद्धा ही नहीं बल्कि स्वाभिमान त्याग और राष्ट्रानिष्ठा के प्रतिक थे । जयंती समारोह को संबोधित करते हुए अन्य वक्ताओं ने संदेश दिया कि राष्ट्र की स्मिता स्वतंत्रता और सम्मान की रक्षा के लिए साहस एकता और समर्पण अनिवार्य है। बाबू वीर कुंवर सिंह का व्यक्तित्व और कृतित्व हम सब के लिए प्रेरणादायक है और रहेगा। आज हम सब उनकी जयंती मना रहें हैं तब उनके आदर्शों को आत्मसात करने और नयी पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता और बढ़ जाती है।

### काराकाट पुलिस ने दो वारंटी को भेजा जेल

**काराकाट/रोहतास**। थाना क्षेत्र के मानिक पारसी गांव से गुरुवार को पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द किया . गिरफ्तार वारंटी मानिक पारसी गांव निवासी कुश तिवारी पिता सुरेश तिवारी व सुरेश तिवारी पिता श्रीनिवास तिवारी बताया जाता है . थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि कांड संख्या -108/20 के तहत न्यायालय से वारंट निर्गत था . बताया गया कि गांव में पुलिस बल के साथ छापेमारी कर वारंटी को गिरफ्तार किया गया . न्यायालय को सुपुर्द करने के बाद दोनों वारंटी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### तदर्थ समिति की बैठक में शिक्षाविद् का संवाचन

**बिक्रमगंज /रोहतास** : 22 अप्रैल 2026 को मौनी बाबा यमुना दास लखराजो देवी महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज के प्राचार्य कक्ष में समिति अध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय सदस्य बिहार विधान परिषद सह जनप्रतिनिधि की अध्यक्षता में शासी निकाय गठन प्रक्रिया तहत बैठक आहूत की गई ।जिसमें शिक्षाविद् सदस्य के रूप में प्रोफेसर बलिराम मिश्रा के नाम का चयन/संवाचन कर अनुमोदन हेतु विश्वविद्यालय को भेजने का निर्णय लिया गया । उनके नाम का प्रस्ताव तदर्थ समिति सचिव प्रो० डॉ० अलाउद्दीन अजीजी द्वारा लाया गया, जबकि प्रस्ताव का समर्थन शिक्षक प्रतिनिधि प्रो० सीताराम पांडेय द्वारा किया गया । जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया । ज्ञात हो कि तदर्थ समिति की 08/0 3/2026 को आयोजित प्रथम बैठक में प्रभारी प्राचार्या के रूप में संगीता कुमारी के नाम का प्रस्ताव लेकर विश्वविद्यालय को भेजा गया था ।जिसका अनुमोदन विश्वविद्यालय से प्राप्त हो गया है ।साथ ही शिक्षकों द्वारा 15/04/ 2026 को "शिक्षक प्रतिनिधि" के रूप में सीताराम पांडेय को निर्विरोध निर्वाचित किया गया है । इस तरह से शिक्षाविद सदस्य संवाचन के बाद तीन सदस्यीय तदर्थ समिति छः सदस्यीय समिति हो चुकी है । शिक्षाविद् संवाचन का विश्वविद्यालय से अनुमोदन के बाद शासी निकाय गठन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी ।तत्पश्चात तदर्थ समिति के स्थान पर शासी निकाय द्वारा बैठक का आयोजन किया जाएगा ।

### मुख्यमंत्री से मिला न्यायमित्र प्रदेश अध्यक्ष, न्याय मित्र मानदेय वृद्धि की मांग रखी



**कटिहार/पटना**। ग्राम कचहरी न्यायमित्र संघ,बिहार के प्रदेश अध्यक्ष रमा शंकर राय ने दर्जनों न्यायमित्रों के साथ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से जनता दरबार में मुलाकात की। इस अवसर पर न्यायमित्रों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा मानदेय वृद्धि से संबंधित दस पृष्ठों का विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष श्री राय ने मुख्यमंत्री से कहा कि 17 वीं विधानसभा के कार्यकाल में कई संविदा कर्मियों के मानदेय में वृद्धि की गई है। उन्होंने स्मरण दिलाया कि पूर्व में वित्त मंत्री एवं पंचायती राज मंत्री रहते हुए ही माननीय मुख्यमंत्री जी आपके ही द्वारा

**न्यायमित्रों के सम्मान जनक मानदेय वृद्धि का आश्वासन दिया**: यह बात प्रदेश अध्यक्ष रमा शंकर राय के सुनने के बाद मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी ने विश्वास व्यक्त कराते हुए, भरोसा दिए कि होगा होगा आपलोगों का भी मानदेय में वृद्धि की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बिहार राज्य के (8053) आठ हजार तिरपन ग्राम पंचायतों में वर्ष 2007 से ही विधि स्नातक को कानूनी सलाहकार न्यायमित्र के पद पर नियुक्ति की गई है जो ग्राम कचहरी के सरपंच, उपसरपंच, पंच, न्यायपीठ के सदस्य सहित ग्राम कचहरी सचिव को BNS की 40 धारा, दीवानी वाद दस हजार रुपए तक, पशु अतिचार अधिनियम, बंगाल जुआ अधिनियम आदि का लीगल विधि से आपसी समझौता, सुलहनामा कराने के लिए ग्राम कचहरी का स्थापना किया गया है। हाल फिलहाल ग्राम कचहरी के सशक्त बनाने के लिए पुलिस निर्देशक से लेकर थाना इंस्पेक्टर को गाइडलाइन किए गए हैं।

इधर न्यायमित का लगातार विभिन्न जिला, प्रखण्ड,PRD विभाग से लेकर मुख्यमंत्री तक अल्प मानदेय मात्र 7000 रुपए प्रतिमाह को लेकर नाराजगी, निराशा न्यायमित्र में देखा जा रहा है, क्योंकि एक जुलाई पच्चीस से ही वृद्धि मानदेय में होने वाले थे जो अब तक नहीं हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ता एवं सुलभ न्याय आम जनता को उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले न्यायमित्र के साथ राज्य सरकार अन्याय कर रहे हैं। ऐसा कहना प्रदेश अध्यक्ष श्री रमा शंकर राय का है।

मुख्यमंत्री से मिलकर न्यायमित्र की मांग को रखने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष रमा शंकर राय के अलावा प्रदेश संयुक्त सचिव बरखा कुमार, स्वाति कुमारी सकरा, सपना सिंह सकरा मुजफ्फरपुर, सुनील कुमार ओझा मुजफ्फरपुर, राजीव कुमार मुजफ्फरपुर, बाल मुकुंद कुमार सीतामढ़ी, गीता कुमारी पटना, राजीव कुमार दरभंगा,विशाल कुमार सिंह कैमूर सहित कई न्यायमित्र उपस्थित थे।

# हर्ष आर्यन ने मैट्रिक परीक्षा में 479 अंक यानी 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में अव्वल स्थान पर रहे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार**। जिले के फलका थाना अंतर्गत उत्तर अमोल,फुल डोभी निवासी हरिश चंद्र झा के पौत्र,संजीव कुमार झा शिक्षक के पुत्र हर्ष आर्य ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा संचालित मैट्रिक परीक्षा में 479 अंक यानी 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में अव्वल स्थान प्राप्त किया हैं।अपने विधालय में सेकेंड टोपर रहे हैं। हर्ष आर्यन का जन्म तिथि 12 जून 2010 को हुआ है। इनके माता श्वेता कुमारी कुशल गृहणी है। पिता संजीव कुमार झा शिक्षक हैं। इनके बहन शची भारती, जयमाला शिक्षा निकेतन से 12वीं की परीक्षा दी है। दादा हरिश्चंद्र झा किसान हैं। इस परिवार का समाज में काफी सम्मान है।

हर्ष आर्यन इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। हर्ष आर्यन के दादा हरिश्चंद्र झा,पिता संजीव कुमार झा, माता श्वेता कुमारी,बहन वाणी भारती ने बताया कि हर्ष आर्यन बचपन से ही पढ़ने में काफी मेधावी रहा है। इन्होंने मैट्रिक की परीक्षा में 500 में 479 यानी 95.8 प्रतिशत अंक किया है। अंग्रेजी में 96,संस्कृत में 95, गणित में 96, विज्ञान में 91, सोशल साइंस में 94, पेंटिंग में 98 अंक प्राप्त किया है। मैट्रिक की परीक्षा का रिजल्ट आने पर दादा हरिश्चंद्र झा,पिता संजीव कुमार झा, माता श्वेता कुमारी,बहन शची भारती, नाना दिनेश्वर मिश्रा,नानी सरोज देवी, मौसी ममता झा, कंचन झा, मौसा प्रवीण झा, विनोद कुमार झा, चाचा अमित कुमार झा, संजय कुमार झा, मनोज कुमार झा, राजीव कुमार झा, विनय कुमार झा, चाचा ज्योति झा, रानी झा,आरती झा, छोटे दादा शंभू नाथ झा, रमेश चंद्र झा ने मिठाई खिलाकर बधाई के साथ-साथ



आशीर्वाद दिया है।

हर्ष आर्यन की माता श्वेता कुमारी, पिता संजीव कुमार झा,बहन शाची भारती ने बताया कि यह नर्सरी से केजी वन तक की पढ़ाई माउंट सीने मिशन स्कूल गेरावाडी, यूकेजी से वर्ग 2 की तक की पढ़ाई ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल हरदा, वर्ग 3 से 6 तक की पढ़ाई सावित्री ग्लोबल पब्लिक स्कूल भैंसदियरा, वर्ग 7 से मैट्रिक तक की पढ़ाई जयमाला शिक्षा निकेतन, कटिहार से किया है। हर्ष आर्यन जब वर्ग 8 में पढ़ाई कर रहे थे तो इस क्रम में इन्होंने रामानुजन परीक्षा में जिले में सातवां रैंक प्राप्त किया। यह परीक्षा बिहार काउंसिल ओंन साइड एंड टेक्नोलॉजी द्वारा नेशनल गणित डे के अवसर पर 22 दिसंबर 2023 को इन्हें सम्मानित किया। जब ये वर्ग 10 में पढ़ रहे थे पुनः इन्होंने रामानुजन परीक्षा में सातवां रैंक लाया और इन्हें सम्मानित किया गया। भारत स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण 14 अक्टूबर 2023 से 18 अक्टूबर 2023 तक प्राप्त किया। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन्हें प्रशस्ति पद देकर सम्मानित किया। 13-14 दिसंबर 2023 को सेफ्टी रेटिंग प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त किया है।

हर्ष आर्यन बताते हैं कि मैं इंजीनियर बनकर समाज से लेकर देश की सेवा करूंगा। हर्ष आर्यन ने मैट्रिक में अच्छे अंक लाने का श्रेय अपने माता-पिता, दादा,बहन एवं जयमाला शिक्षा निकेतन के निदेशक डॉक्टर सुशील कुमार सुमन सहित सभी शिक्षक को देते हैं। इनका शौक हारमोनियम बजाना, खेलना है। हर्ष आर्यन ने जूनियर स्टूडेंट को संदेश देते हुए कहा कि जब से आप वर्ग में प्रवेश किया, तब से ही आप नियमित रूप से स्वाध्याय करेंगे, तो आप अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे। सीडब्लूसी के निःवर्तमान सदस्य,वरिष्ठ अधिवक्ता सह शिक्षा प्रेमी सह समाजसेवी प्रवीण कुमार झा ने धनेठा के उत्तर अमोल फुलडोभी ग्राम पहुंचकर हर्ष आर्यन को मिठाई खिलाते हुए बधाई दिया है। हर्ष आर्यन के माता-पिता,बहन एवं दादा को हर्ष आर्यन के कामयाबी के लिए शुभकामनाएं दिया है और हर्ष आर्यन के उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

- **हर्ष आर्यन ने 500 में 479 अंक प्राप्त किया**
- **हर्ष आर्यन इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं**

# महाविद्यालय में विजयोत्सव रूप में वीर कुंवर सिंह की धूमधाम से मनी जयंती

## अंग्रेजों को धूल चटाने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी थे बाबू वीर कुंवर : डॉ. मनीष

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)**। देश के महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की गुरुवार को 249वीं जयंती शहर के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर में धूमधाम मनी। अवसर पर महाविद्यालय में समस्त कर्मियों ने बाबू कुंवर सिंह के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें नमन कर याद किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सीनेट सदस्य डॉ. मनीष रंजन ने भी उन्हें पुष्प अर्पित कर उनकी विजयी गाथा को याद कर नमन किया। साथ ही उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए समारोह संबोधन में कहा कि



1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक वीर कुंवर सिंह का जन्म 13 नवंबर 1777 को बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर में हुआ था। क्योंकि इसी दिन 1858 में उन्होंने जगदीशपुर के पास 80 के उम्र में भी ब्रिटिश सेना को करारी शिकस्त देते हुए अपने किले पर विजयी झण्डा फहराने का इतिहास रचा था। जिसे दिन को आज भी याद कर इसी ऐतिहासिक जीत के कारण बिहार सहित पूरे भारत में 23 अप्रैल के दिन को 'विजयोत्सव' के रूप में धूमधाम से मनाये हुए उनके शौर्यगाथा को याद किया जाता है। मौके प्राचार्य प्रो. डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह, प्रो.बीरबहादुर सिंह, प्रो.उमा शंकर सिंह, प्रो.विवेक सिंह, प्रो. कुमार विवेक, प्रो. प्रियतम कुमार, प्रो.दिनेश सिंह, प्रो. मनीष कुमार, प्रो.अजीत कुमार,अभय कुमार सिंह, परवेज खां,मंटू चौधरी, नरेंद्र कुमार, हरेंद्र सिंह,अरुण,गोलू ,दिलीप,सतीश प्रदीप,परवीन सिंह सहित समस्त शिक्षक- शिक्षकेतर मौजूद थे।

# शिक्षक के मौत पर विद्यालय में शोक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। परसथुआ बीएड कालेज में कार्यरत शिक्षक सह कवि बिनोद मिश्र कैमूरी की सड़क हादसे में मौत के बाद कालेज परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। आपको बता दे कि बीएड कालेज परसथुआ में सेमेस्टर पांच की परीक्षा सम्पन्न करा बाइक पर सवार हो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 319 आरा मोहनिया पथ से अपने घर कैमूर जिले के नुवाव प्रखंड अंतर्गत मोरथ जा रहे थे। ज्योही पांच किलोमीटर की दूरी बसपिपरा गांव के समीप पहुंचे हीं थे कि डेयरी वाली ट्रक गाड़ी टक्कर मार दी। जिससे मौके पर हीं मौत हो गयी।बीएड कालेज के सचिव सह संचालक डॉ उमाशंकर द्विवेदी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से महाविद्यालय परिवार काफी पीड़ित है। उनकी



मृत्यु से महाविद्यालय को काफी क्षति हुई है जो वर्तमान में पूरा नहीं हो सकती। वें शिक्षक के साथ कविभी थे। गीत संगीत में भी काफी रूचि रखते थे।शोक व्यक्त करने वालों मे कथराई मुखिया निर्मला कुमारी, जिला पार्षद विनय पाल, सामाजिक कार्यकर्ता जयशंकर प्रसाद, कन्हैया राय, मनोज पाल,टेट स्टेट शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनय पाण्डेय, शिक्षका सुधा सिंह, दामोदर चौबे, गोविन्द पाठक, जानकी कुमारी, मोहम्मद नौशाद समेत अन्य शामिल हैं।

## हर वर्ग और समाज के लोगों के दिल में बसते थे पूर्व मंत्री मंसूर आलम : पप्पू यादव



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार**। जिले के बरारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व मंत्री जनाब मंसूर आलम के निधन के बाद उनके बरारी स्थित आवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। इसी क्रम में पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव अपने समर्थकों के साथ पूर्व मंत्री के आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान पप्पू यादव ने कहा कि मंसूर आलम ऐसे जननेता थे, जो हर वर्ग, हर समाज और हर तबके के लोगों के दिलों में बसते थे। उन्होंने हमेशा जनता की सेवा को प्राथमिकता दी और गरीब, जरूरतमंद व आम लोगों की आवाज बनकर काम किया। उन्होंने कहा कि मंसूर आलम का निधन क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे सीमांचल के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके जाने से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में जो खालीपन आया है, उसे भर पाना आसान नहीं होगा।

सांसद ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने का संदेश दिया। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, समर्थक और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि नैयर मसूद खान, अरुण सिंह,मो०सलीम सहित सैकड़ों समर्थक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# ड्रेनेज सिस्टम को सुचारू बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है

## महमूद चौक पर प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त करवाया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार**। कटिहार शहर को जलजमाव की समस्या से मुक्ति दिलाने और ड्रेनेज सिस्टम को सुचारू बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। इसी कड़ी में नगर के महमूद चौक पर प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त करवाया। भारी पुलिस बल और अधिकारियों की मौजूदगी में सड़क किनारे किए गये अवैध निर्माणों को गिरा दिया गया। अधिकारियों के देखरेख में कार्रवाई किया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व खुद नगर आयुक्त संतोष कुमार और सदर एसडीओ प्रद्युमन सिंह यादव कर रहे थे। कार्रवाई शुरू होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। नगर निगम की टीम कई जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंची और



देखते ही देखते पक्के निर्माण, अवैध शेड और दुकानों के बढ़े हुए हिस्सों को ध्वस्त कर दिया गया।

एसडीएम प्रद्युमन सिंह यादव ने बताया कि शहर में वॉटर लॉगिंग एक गंभीर समस्या बन चुकी है।शहर के महमूद चौक इलाके में अवैध कब्जाधारियों को एक साल पहले ही नोटिस दिया गया था। बार-बार चेतावनी देने के बावजूद जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया। तब प्रशासन को मजबूरी में यह सख्त कदम उठाना पड़ा। प्रभावित शख्स एनुल अंसारी ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमने नगर निगम के नोटिस का जवाब दिया था। लेकिन हमारी दलीलों को अनसुना कर सीधे बुलडोजर चला दिया गया। हालांकि, प्रशासन ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि सार्वजनिक हित और शहर की सफाई व्यवस्था सर्वोपरि है। किसी भी निजी विरोध के कारण पूरे शहर को जलजमाव के नरक में नहीं धकेला जा सकता।

नगर आयुक्त संतोष कुमार ने चेतावनी दी है कि यह कार्रवाई महज एक शुरुआत है। उन्होंने कहा कि महमूद चौक के बाद अब शहर के अन्य प्रमुख इलाकों को चिह्नित किया गया है। जहां भी सरकारी जमीन या नालों पर कब्जा पाया जाएगा। वहां बिना किसी भेदभाव के बुलडोजर चलेगा। नगर निगम ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं ही नालों और सड़कों से अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा न केवल उनका निर्माण तोड़ा जाएगा।

# 2025-26 के दौरान जिले में 1000 पुरुषों की अनुपात में दर्ज किया गया है 955 महिलाओं का जन्म

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार/पूर्णिया**। जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में जिले के राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (जीएमसीएच), पूर्णिया के प्रशासनिक भवन में सभी प्रखंड के स्वास्थ्य अधिकारियों, समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) और कर्मियों के साथ मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार द्वारा जिले के सभी प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों को दिए जा रहे स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए लोगों को सभी स्वास्थ्य सुविधाओं की सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जिले के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में लोगों को मिल सके सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए लोगों को नियमित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जीएमसीएच पूर्णिया के प्रशासनिक भवन में आयोजित एक दिवसीय समीक्षा बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रमोद कुमार कनौजिया, अस्पताल अधीक्षक डॉ संजय कुमार, डीपीएम सोरेंद्र कुमार दास, डीपीसी डॉ सुधांशु शेखर, डीएम&ई आलोक कुमार, डीसीक्यूए डॉ अनिल शर्मा, सी-फार डीविजन कोऑर्डिनेटर, शिवशेखर आनंद, पिरामल स्वास्थ्य जिला समन्वयक चंदन कुमार, डब्लूएचओ जोनल कोऑर्डिनेटर सहित सभी प्रखंड के प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी,बीएचएम, बीसीएम और अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

**स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच के लिए जागरूक करते हुए नजदीकी अस्पताल में जांच कराने का दिया गया निर्देश** : बैठक में जिलाधिकारी अंशुल



कुमार द्वारा सभी प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और होने वाले नवजात शिशु को सुरक्षित रखने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में सभी महत्वपूर्ण प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) कराते हुए चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने का आवश्यक निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को एएनसी जांच सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 09, 15 और 21 तारीख को आयोजित किया जाता है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच करते हुए चिकित्सकों द्वारा लाभार्थियों को आवश्यक चिकित्सकीय सहायता प्रदान किया जाए। प्रसव पूर्व जांच के दौरान गंभीर रूप से जटिल गर्भवती महिला को स्वास्थ्य रखने के लिए 09 तारीख को विशेष जांच के लिए अस्पताल आमंत्रित करते हुए लाभार्थियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली जाए और उन्हें विशेष उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी अंशुल कुमार द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान जिले में 94039 प्रसव सुनिश्चित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुपात में वर्ष 2025-26 में 84 प्रतिशत बच्चों का संस्थागत प्रसव स्वास्थ्य केंद्रों में दर्ज किया गया है। जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने जिले में सरकारी अस्पतालों के साथ साथ प्राइवेट अस्पतालों के माध्यम से संस्थागत प्रसव बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। प्राइवेट अस्पतालों में चिकित्सकों द्वारा जच्चा और बच्चा को सुरक्षित रखने के लिए प्रखंड स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा निजी चिकित्सकों के साथ बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। सरकारी अस्पतालों में जटिल गर्भवती महिलाओं का सी-सेक्शन द्वारा प्रसव कराने के लिए प्रशिक्षित चिकित्सक को लगाना सुनिश्चित किया जाए जिससे जच्चा-बच्चा स्वस्थ्य और सुरक्षित रह सके।

**जिले में 1000 पुरुषों की अनुपात में जन्म ले रही 955 बालिकाएं** : बैठक में जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान पूर्णिया के विभिन्न अस्पतालों में कुल 48 हजार 803 पुरुष और 46 हजार 626 बालिकाओं का जन्म हुआ है। इसके अनुसार पूर्णिया जिले में 1000 पुरुषों की अनुपात में 955 बालिकाओं के जन्म दर्ज किया गया है। सिर्फ मार्च माह में ही जिले के विभिन्न अस्पतालों में 03 हजार 798 पुरुषों और 03 हजार 699 बालिकाओ का जन्म दर्ज किया गया है। स्वास्थ्य केंद्रों में बच्चों के स्वस्थ्य डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए सभी निजी अस्पताल में चिकित्सकों को प्रखंड स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए माँ और शिशु के स्वस्थ्य प्रसव सुनिश्चित करने के लिए बैठक आयोजित करना सुनिश्चित करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### 1000 बीघा गेहूं की फसल जली, किसानों ने आग लगाने की जताई आशंका



**गयाजी**। गयाजी के अतरी विधानसभा क्षेत्र का डिहुरी गांव में खेतों में पक कर तैयार खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। कुछ ही मिनटों में हालात बेकाबू हो गया। तेज हवा ने आग को और भड़काया और देखते ही देखते करीब 1000 बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। आग की सूचना पर गांव के हर घर से लोग दौड़ पड़े। बाल्टी, पंप, जो मिला उसी से आग बुझाने की कोशिश की गई। लेकिन आग इतनी भयावह थी कि किसी की एक नहीं चली। लपटें खेत दर खेत बढ़ती गईं। किसानों की महीनों की मेहनत आंखों के सामने जल कर राख हो गई। स्थानीय किसानों का आरोप है कि आग की शुरुआत पड़ोस के गांव में जलाई गई पराली से हुई। आग सीधे डिहुरी के खेतों तक पहुंच गई। कुछ किसान इसे लापरवाही बता रहे हैं। कुछ का कहना है कि इसमें जानबूझकर आग लगाने की भी आशंका है। इसको लेकर गांव में चर्चा तेज है। इस आग में सैकड़ों किसान प्रभावित हुए हैं। किसी की पूरी फसल जल गई। किसी के पास अब घर चलाने का भी सहारा नहीं बचा। एक किसान ने कहा कि पूरा साल इसी फसल के भरोसे रहते जीवन चलता है। अब सब खत्म हो गया। घटना के बाद गांव में गुस्सा साफ दिख रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद अब तक कोई जनप्रतिनिधि मौके पर नहीं पहुंचा। न विधायक, न सांसद, न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी पहुंचा। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि घटना की जांच हो। लापरवाही या साजिश है तो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। साथ ही, जिन किसानों की फसल जली है, उन्हें जल्द मुआवजा दिया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी भी दी है कि अगर समय रहते मदद नहीं मिली, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। साथ ही प्रशासन से यह भी अपील की गई है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस इंतजाम किए जाएं। ताकि किसानों की मेहनत यूं ही आग में स स्वाहा हो जाए।

### गया में जन सुराज के नए जिला पदाधिकारी घोषित, रवि रंजन दांगी जिलाध्यक्ष, अमित मुख्य बने प्रवक्ता



**गयाजी**। गया में जन सुराज पार्टी की जिला इकाई के नए पदाधिकारियों और सलाहकार समिति के नामों की घोषणा की गई है। बुधवार को बर्नवाल सेवा सदन में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने इन नामों का ऐलान किया। घोषणा के अनुसार, रवि रंजन दांगी को गया जिला का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रवि बरनवाल महामंत्री, कुमार अभय कोषाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी, अनुराधा कुमारी महिला अध्यक्ष और अमित कार्तिकेय मुख्य प्रवक्ता बनाए गए हैं। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रवि रंजन दांगी ने अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने कहा कि उनकी मुख्य प्राथमिकता जन सुराज पार्टी को जिले के गांव-गांव और पंचायत स्तर तक मजबूत करना होगा। दांगी ने विश्वास जताया कि पार्टी कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझेंगे और उन्हें प्रमुखता से उठाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारी समन्वय के साथ कार्य करेंगे। दांगी के अनुसार, जन सुराज पार्टी वर्तमान में जनता के बीच एक मजबूत विकल्प के रूप में उभर रही है। प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने बताया कि मगध क्षेत्रीय कोर कमेटी की अनुशंसा पर गया जिला की नई सलाहकार समिति और पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और संगठन विस्तार पर विशेष जोर दिया। भारती ने सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आने वाले 15 दिनों के भीतर अपनी-अपनी जिला कमेटी की पूर्ण सूची तैयार कर क्षेत्रीय कमेटी को सौंपें। इसका उद्देश्य संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत करना है। बैठक में जिला सलाहकार समिति के सदस्यों के नाम भी घोषित किए गए, जिनमें अरविन्द कुमार सिंह, राम जीवन राम, रविन्द्र कुमार, रामविलास साव और मो. कमरुद्दीन शामिल हैं। इसके अलावा जिला स्तर पर विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई है। संतोष सिंह को युवा अध्यक्ष, बरूण कुमार को किसान अध्यक्ष, टी. खतीब उर्फ गुड्डू सिंह को बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष, रणजीत अग्रवाल को व्यावसायिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष तथा संतोष यादव को ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही डॉ. जितेंद्र पासवान को अंबेडकर मंच अध्यक्ष, उपेंद्र प्रसाद को कर्पूरी मंच अध्यक्ष और वकार अली को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्य प्रवक्ता के रूप में अमित कार्तिकेय के साथ अनुराधा कुमारी को भी यह जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम के सभी पदाधिकारियों ने पार्टी के विस्तार और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

### नगर निगम के आठ सैरातों की बंदोबस्ती फिर अटकी, अब 27 से 29 अप्रैल तक खुली डाक का होगा आयोजन

**नालन्दा**। बिहार शरीफ नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत महत्वपूर्ण सैरातों की बंदोबस्ती को लेकर पेंच फंसता नजर आ रहा है। कारगिल बस पड़ाव समेत कुल आठ प्रमुख सैरातों की बंदोबस्ती प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो पाई है, जिससे निगम के राजस्व संग्रहण पर असर पड़ने की संभावना है। नगर निगम की ओर से इन सैरातों के लिए पिछले माह 11, 12 और 13 मार्च को खुली डाक का आयोजन किया गया था, लेकिन विज्ञापन प्रकाशित होने के बावजूद कोई भी व्यक्ति इस बंदोबस्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं हुआ। डाक खाली रह जाने के कारण अब नगर निगम प्रशासन को दोबारा विज्ञापन प्रकाशित करना पड़ा है। प्रशासन ने अब बंदोबस्ती के लिए 27, 28 और 29 अप्रैल की नई तिथियां निर्धारित की हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बार होने वाली डाक प्रक्रिया में कितने सैरातों का निस्तारण हो पाता है। जिन सैरातों की बंदोबस्ती होनी है, उनमें कारगिल बस पड़ाव के लिए 26,09,513 रुपए, कोसुक मेला के लिए 24,150 रुपए और निबंधन कार्यालय के बगल में स्थित सार्वजनिक शौचालय के लिए 1,85,150 रुपए की राशि निर्धारित है। इसके अतिरिक्त सदर अस्पताल के सामने स्थित सार्वजनिक शौचालय हेतु 61,526 रुपए, सब्जी बाजार कटरापर स्थित शौचालय के लिए 58,650 रुपए, रामचंद्रपुर बस स्टैंड स्थित नवनिर्मित कैफेटेरिया के लिए 1,72,500 रुपए, बाबा मणिराम अखाड़ा स्थित सार्वजनिक शौचालय के लिए 86,250 रुपए, बड़ी दरगाह चेक पोस्ट के निकट डिलक्स शौचालय एवं स्नानागार के लिए 57,500 रुपए का मूल्य तय किया गया है। दूसरी ओर, शहर में ऑटो और ई-रिक्शा टोल टैक्स की बंदोबस्ती को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इस टोल टैक्स की बंदोबस्ती मात्र 28 लाख 50 हजार रुपए में कर दी गई है। गौर करने वाली बात यह है कि पिछले साल यही बंदोबस्ती 56 लाख रुपए में हुई थी। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार आधी कीमत पर बंदोबस्ती किए जाने को लेकर शहर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल प्रशासन का पूरा ध्यान आगामी 27 से 29 अप्रैल को होने वाली आठ सैरातों की खुली डाक पर टिका है।

# ‘बकाया मांगने पर मेरे घर निगम अधिकारियों ने फेंकवाया कूड़ा’

## ठेकेदार ने कहा- 7 महीने से भुगतान नहीं हुआ, नगर आयुक्त ने जांच के आदेश दिए

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में नलजल से जुड़े एक ठेकेदार ने नगर निगम के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ठेकेदार का कहना है कि बकाया भुगतान मांगने पर अधिकारियों ने पैसे न देकर मेरे घर के आगे कूड़ा फेंकवा दिया है। मामले की जानकारी के बाद नगर आयुक्त ने जांच के आदेश दिए हैं। कुजापी मोहल्ला के रहने वाले ठेकेदार अनिल भूषण ने कहा कि मैं लंबे समय से नगर निगम के लिए जलापूर्ति से संबंधित काम, जैसे- नलजल, प्याऊ और चापाकल की मरम्मत करता आ रहा हूं। अनिल भूषण का दावा है कि पिछले 7 महीनों से उनका भुगतान लंबित है। कई बार लिखित और मौखिक आग्रह के बावजूद मुझे केवल आश्वासन ही मिला।



**बुधवार देर रात घर के आगे ट्रैक्टर से डलवाया कूड़ा**: ठेकेदार अनिल भूषण और उनके मैनेजर राकेश कुमार के अनुसार, एक दिन पहले यानी बुधवार को नलजल से जुड़े अधिकारी उनके घर पहुंचे और काम को लेकर दबाव बनाया। जब अनिल भूषण ने बकाया राशि की मांग की, तो बुधवार की रात करीब 10:20 बजे नगर निगम के कूड़ा ढोने वाले ट्रैक्टर से उनके घर के मेन गेट पर कूड़ा गिरवा दिया गया। अनिल भूषण ने कहा कि कूड़े के ढेर की वजह से न सिर्फ मेरे बल्कि घर के सदस्यों बल्कि आसपास के लोगों को भी दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कूड़ा फेंके जाने से घर का रास्ता भी ब्लॉक हो गया है। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब ठेकेदार की बीमार मां मधु देवी को इलाज के लिए पटना ले जाना था, लेकिन रास्ता बंद होने के कारण उन्हें समय पर अस्पताल नहीं ले जाया जा सका, जिससे परिवार को मानसिक और शारीरिक दोनों तरह की परेशानी झेलनी पड़ी।

**अनिल ने निगम के सिटी मैनेजर, जल पर्षद के इंजीनियर को बताया दोषी**: अनिल भूषण ने आरोप लगाया कि ये सब कुछ नगर निगम के अधिकारियों के इशारे पर की गई है। उन्होंने नगर निगम के दोनों सिटी मैनेजर और जल पर्षद के कार्यपालक अभियंता राकेश कुमार पर सीधे तौर पर जिम्मेदार बताया और कहा कि उनके निर्देष पर ये सब किया गया है।

**ठेकेदार ने कहा- कूड़ा गिराए जाने का सीसीटीवी मौजूद**: ठेकेदार का कहना है कि अगर कोई शिकायत थी तो नियमानुसार नोटिस दिया जाना चाहिए था, न कि इस तरह का गैरकानूनी और अपमानजनक कदम उठाया जाता। उन्होंने यह भी बताया कि पूरी घटना का CCTV फुटेज मौजूद है, जिसमें ट्रैक्टर से कूड़ा गिराते हुए स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। इसके आधार पर उन्होंने जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

वहीं, नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया से पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें कूड़ा फेंकने की घटना की पहले जानकारी नहीं थी। उन्होंने बताया कि ठेकेदार के खिलाफ कुछ शिकायतें मिली थीं, जिनकी जांच के लिए टीम भेजी गई थी। हालांकि, कूड़ा फेंकने की बात सामने आने के बाद उन्होंने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# गयाजी पुलिस लाइन के बैटरी गोदाम में लगी आग



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गया पुलिस लाइन स्थित बैटरी गोदाम में आज आग लग गई। अग्निशमन विभाग की कार्रवाई से एक हादसा टल गया। आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने तेजी से बचाव काम शुरू किया और आग को फैलने से रोका। गोदाम में बड़ी संख्या में बैटरियां रखी थीं, जिनमें ज्वलनशील पदार्थ होते हैं। इससे आग के तेजी से फैलने और विस्फोट होने का गंभीर खतरा था।

**शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका**: अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अजय कुमार साह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बैटरी गोदाम जैसे संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा मानकों के पालन की आवश्यकता पर जोर दिया, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इस घटना में लाखों रुपये मूल्य की बैटरियां और अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई।

हालांकि, राहत की बात यह रही कि आग आसपास के क्षेत्रों में नहीं फैली और उस पर समय रहते नियंत्रण पा लिया गया। आग बुझाने के बाद पूरे परिसर की जांच की गई है। फिलहाल, आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## लव मैरिज के एक महीने बाद सुसाइड, मरने से पहले वीडियो बनाया

### कहा- मेरी मौत के जिम्मेदार ससुराल वाले, भागकर की थी शादी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा में एक युवक ने जहर खाकर आज आत्महत्या कर ली है। राजबल्लभ ने मौत से पहले जहर पीने का एक वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर स्टेटस के तौर पर लगा दिया। वीडियो में युवक ने कहा है कि उसकी मौत का जिम्मेदार उसके ससुराल वाले है। दरअसल, इसने एक महीने पहले भाग कर जहानाबाद की लड़की से शादी की थी। इसके बाद इस पर अपहरण का केस हुआ था। शनिवार को लड़की के परिवार वाले उसे मायके ले गए। भाई का कहना है कि इस कारण ये डिप्रेशन में था। आरोप है कि राजबल्लभ ने अपने ससुराल वालों के किए जा रहे मानसिक उत्पीड़न और 20 लाख की रंगदारी मांगे जाने से आहत होकर यह कदम उठाया। आज ग्रामीणों ने उसे खेत में अचेत अवस्था में पड़ा पाया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। मामला इस्लामपुर थाना क्षेत्र का है। मृतक की पहचान रामनंदन प्रसाद के 30 साल के बेटे राजबल्लभ प्रसाद के रूप में हुई है।

मृतक के भाई राहुल कुमार ने बताया कि राजबल्लभ पेशे से भगत (झाड़-फूंक करने वाला) था। इसी दौरान उसका संपर्क जहानाबाद के सबाजपुर की एक युवती पिंकी से हुआ। दोनों के बीच प्रेम संबंध हुआ और करीब डेढ़ महीने पहले दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली थी। राजबल्लभ पहले से शादीशुदा था और अपनी दोनों पत्नियों को साथ रखने को तैयार था। हालांकि, लड़की के परिजन इस शादी के खिलाफ थे और उन्होंने युवक पर जहानाबाद जिला के कल्पा थाना में अपहरण का मामला दर्ज करा दिया था।

**20 लाख की मांग और प्रताड़ना का आरोप**: भाई का आरोप है कि लड़की के माता-पिता, मौसा और जीजा लगातार राजबल्लभ पर दबाव बना रहे थे। शनिवार को पुलिस ने दोनों को घर से पकड़ा था, जिसके बाद सोमवार को कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें छोड़ा गया। मृतक के भाई ने बताया कि लड़की के मायके वाले केस वापस लेने के नाम पर 20 लाख की मांग कर रहे थे। युवक को लगातार धमकियां दी जा रही थीं। परिजनों ने लड़की की बहन (रिंकू कुमारी) पर भी साजिश रचने का आरोप लगाया है। भाई का कहना है कि वह दूध का कारोबार भी करता था, आज वह दिन में भी काम पर निकला था, लेकिन मानसिक तनाव के कारण उसने घर से करीब 2 किलोमीटर दूर जाकर रामपुर खंधा के पास जाकर जहर खा लिया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस्लामपुर थाना अध्यक्ष अनिल कुमार पांडे ने बताया कि जहर खाकर आत्महत्या की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को कल्पा थाना की पुलिस एक केस के मामले में पकड़ कर ले गई थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर में 694 स्ट्रक्चर बनेंगे भगवान विष्णु की 108 फीट ऊंची मूर्ति लगेगी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी के विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर में 694 स्ट्रक्चर बनेंगे। फल्गु नदी में भगवान विष्णु की 108 फीट ऊंची मूर्ति लगेगी। कॉरिडोर पर कुल 2390 करोड़ खर्च होंगे। बुधवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कॉरिडोर परियोजना की समीक्षा की। अफसरों को कई निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अफसरों ने मुख्यमंत्री को कॉरिडोर के बारे में बताया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मंदिर कैंपस और आसपास के इलाकों को विकसित किया जाएगा। मंदिर क्षेत्र में कॉमर्शियल शॉप, वाहन पार्किंग, श्रद्धालुओं-पिंडदानियों के लिए शेड, फल्गु नदी घाट का विकास, विष्णुपद मंदिर से मानपुर तक नदी घाट का विकास, सीता कुंड क्षेत्र का विकास होगा।



**कॉरिडोर में तीन जगहों पर होगी पार्किंग की व्यवस्था**: कॉरिडोर के अंदर तीन स्थानों पर पार्किंग होगी, जिसमें कुल 750 फोर व्हीलर और 20 बसों को एक साथ खड़ा किया जा सकेगा। विष्णुपद मंदिर और सीता कुंड के बीच फल्गु नदी में भगवान विष्णु की 108 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित होगी। यहां तक पहुंचने के लिए रास्ता होगा। इसके अलावा, श्रद्धालुओं के लिए 24 शेड बनेंगे। एक शेड में 20 लोग बैठ सकेंगे। मुख्यमंत्री को कॉरिडोर का मॉडल भी दिखाया गया।

**सम्राट बोले- श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का पूरा ख्याल रहे**: मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अफसरों से कहा कि मंदिर परिसर, फल्गु नदी के किनारे वाले इलाकों और आसपास के एरिया को इस तरह डेवलप करें कि मुख्य मंदिर तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। गयाजी और विष्णुपद मंदिर में हर साल बड़ी संख्या में देश के अलग-अलग राज्यों के अलावा विदेश से भी लोग पिंडदान के लिए आते हैं। कॉरिडोर बनाने के दौरान यहां आने वाले पिंडदानियों के सुविधा का खास ख्याल रखा जाएगा।

# पूर्व राजद विधायक पप्पू खान के घर पर रेड, फर्जी कागजात पर पत्नी के नाम जमीन रजिस्ट्री का आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा**। बिहार शरीफ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व RJD विधायक नौशादुन नबी उर्फ पप्पू खान की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। आज दोपहर वेना थाना पुलिस ने पूर्व विधायक के आवास, बिहार थाना क्षेत्र के गढपर पर छापेमारी की। मामला फर्जी कागजात पर पत्नी के नाम जमीन रजिस्ट्री से जुड़ा है। एसडीपीओ ने कहा है कि पूर्व विधायक की गिरफ्तारी होगी। सदर एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में वेना, रहुई, हरनौत, चेरो और बिहार थाना पुलिस की संयुक्त टीम शामिल थी। हालांकि, पुलिस के आने से पहले ही पप्पू खान और उनकी पत्नी आफरीन सुल्ताना घर से फरार हो गए।



**जमीन धोखाधड़ी और कब्जे का मामला**: सदर एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि यह कार्रवाई वेना थाना में दर्ज एक कांड के तहत की गई है। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक और उनकी पत्नी पर साजिश के तहत फर्जी कागजातों के आधार पर दूसरे की जमीन अपने नाम कराने और उस पर जबरन कब्जा करने का गंभीर आरोप है। पुलिस जांच में ये आरोप सत्य पाए गए हैं, जिसके बाद दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उनके आवास पर दबिश दी। हालांकि दोनों ही घर में मौजूद नहीं थे।

**2023 में दर्ज हुआ था मामला**: अधिकारी के अनुसार, विवाद की जड़ साल 2020-21 का एक जमीन सौदा है। आरोप है कि पप्पू खान ने एक साजिश रचकर फर्जी दस्तावेजों के सहारे कीमती जमीन की रजिस्ट्री अपनी पत्नी आफरीन सुल्ताना के नाम करा ली थी। इस मामले में 2023 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। फिलहाल पुलिस ने आवास की तलाशी ली है। लेकिन दोनों नामजद आरोपी हाथ नहीं आए हैं। एसडीपीओ ने स्पष्ट किया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी रहेगी और कानून के मुताबिक आगे की सख्त कार्रवाई की जा रही है। इलाके में इस हाई-प्रोफाइल छापेमारी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाह से बढ़ी परेशानी, पंप मैनेजर बोले- 50 की जगह, लोग भरा रहे 500 का तेल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा के अलग-अलग इलाकों में पिछले तीन-चार दिनों से पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर आम लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर फैली अफवाह ने लोगों को इस कदर परेशान कर दिया है कि पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। सुबह से लेकर देर रात तक लोग अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, जिससे कई जगहों पर जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है। हालांकि, जिला प्रशासन और तेल कंपनियों के अधिकारियों ने इस पूरे मामले को महज एक अफवाह करार दिया है। स्पष्ट किया है कि जिले में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है। कहीं भी कोई तकनीकी या उत्पादन संबंधी कमी नहीं है।

**अफवाह से बढ़ी परेशानी**: स्थानीय पेट्रोल पंप संचालकों और कर्मचारियों का कहना है कि तेल की आवक में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन ग्राहकों के व्यवहार में अचानक आए बदलाव ने संकट जैसी स्थिति पैदा कर दी है। राणा बीघा स्थित साधना पेट्रोल पंप के संचालक उजाला प्रसाद ने बताया कि उन्हें हर माह की तरह निर्धारित मात्रा में तेल मिल रहा है, लेकिन जो स्टॉक पूरे 24 घंटे चलता था, वह अब भीड़ के कारण मात्र 6 घंटे में ही समाप्त हो जा रहा है। गगन दीवान पंप के मैनेजर विपिन बिहारी ने बताया कि जिस व्यक्ति को मात्र 50 या 100 रुपए के पेट्रोल की जरूरत है, वह भी अफवाहों के डर से टंकी फुल कराने की कोशिश कर रहा है। कई लोग तो अवैध रूप से जरकिन और गैलनों में तेल जमा करने की होड़ में लगे हैं, जिससे पंप मालिकों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने में खासी मशक्कत करनी पड़ रही है।




**घंटों इंतजार करना पड़ रहा है**: ग्राहक मोहम्मद इकबाल ने बताया कि घंटों लाइन में लगने के कारण रोजगार में भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई पंपों ने भीड़ को देखते हुए या स्टॉक खत्म होने के डर से अपनी सेवाएं बंद कर दी है, जिससे चालू पंपों पर दबाव बढ़ गया है। गगन दीवान और कारगिल चौक जैसे इलाकों में भी लोग आधे-आधे घंटे तक अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। कुछ पंपों पर अब भीड़ को नियंत्रित करने के लिए तेल की बिक्री सीमित कर दी गई है, जहां बड़ी गाड़ियों को केवल एक से दो हजार रुपए तक का ही डीजल दिया जा रहा है। ताकि सभी को जरूरत भर ईंधन मिल सके।

**लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है**: वहीं, प्रशासन ने इस पर सख्त रूख अपनाया है। सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी अंजनी कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह सक्रिय है। यह केवल एक भ्रम है कि तेल खत्म होने वाला है, जिसके कारण लोग अनावश्यक रूप से स्टॉक जमा कर रहे हैं। किसी भी तरह की भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें और केवल जरूरत के अनुसार ही ईंधन खरीदें। जरकिन या अन्य असुरक्षित माध्यमों में तेल का भंडारण न करें, क्योंकि इससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। यह नियमों के खिलाफ भी है। फिलहाल, स्थिति को सामान्य करने के लिए प्रशासन लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### अपराधियों ने किसान को मारी गोली

**बेगूसराय**। बेगूसराय में प्रशासन के एक्शन के बाद भी गोलीबारी थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार रात जमीन विवाद में बदमाशों ने एक किसान को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायल किसान की पहचान शेरपुर निवासी संजय कुमार राय (40) के तौर पर हुईहै। बाएं साइड सीने के ऊपरी हिस्से में बुलेट लगी है। आईसीयू में एडमिट है। घटना भगवानपुर थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव की है।

**घात लगाकर किया हमला**ः पत्नी शोभा कुमारी ने बताया कि रात में मवेशी खुलने की आवाज सुनकर मेर पति घर के पीछे बथान पड़ गए थे। इसी दौरान बदमाशों ने गोली मारी है। फायरिंग की आवाज सुनकर हम लोग दौड़े। जमीन पर खून से लथपथ पड़े हुए थे। जहां से उठाकर अस्पताल लेकर आए। पड़ोस के ही मनोज कुमार राय से जमीन का विवाद चल रहा है। एक सप्ताह पहले भी मारपीट हुई थी। गोली मारने की धमकी दी गई थी। बदमाश बथान के पास छिपकर बैठा हुआ था। वारदात के बाद पैदल ही भाग निकला।

**गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है**ः वहीं, इस संबंध में थानाध्यक्ष ऋषिकांत ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायल का इलाज चल रहा है। बयान के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### अज्ञात वाहन ने किसान को रौंदा

**भागलपुर**। भागलपुर के नवगछिया में तेज रफ्तार वाहन ने किसान को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। गंभीर हालत में स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में एडमिट कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मायगंज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान गुरुवार सुबह दम तोड़ दिया। मृतक शिबू यादव(52) तुलसीपुर गांव के रहने वाले थे। चार बच्चे हैं, मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी बार-बार बेहोश हो रही थी। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना खरीक थाना क्षेत्र के चकमेदा इलाके की है।

**प्रशासन से मुआवजे की मांग**ः मृतक के दामाद संतोष यादव ने बताया कि मेरे ससुर जानवरों के लिए चारा लाने गए थे। चारा लेकर वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में हादसे के शिकार हो गए। सूचना मिलने पर हमलोग अस्पताल पहुंचे। मायागंज में काफी कोशिश के बाद भी जान नहीं बची। घर में कमाने वाला भी कोई नहीं है। प्रशासन से दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मुआवजे की मांग करते हैं।

**जांच में जुटी पुलिस**ः वहीं, थानाध्यक्ष नरेश कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### अब तक 2 हजार से अधिक चूजों की मौत

**भागलपुर**। पशुपालन विभाग के कुक्कुट प्रक्षेत्र में करीब तीन महीने पहले लाए गए 2700 अंडों से तैयार हुए चूजों की अचानक मौत हो गई। एक अंडे की कीमत 50 रुपये थी। कुल 1 लाख 35 हजार का नुकसान हुआ है। अंडों से चूजे निकलकर प्रजनन के लिए तैयार हो ही रहे थे कि मुर्गे और मुर्गियां मरने लगीं। देखते ही देखते लगभग सभी चूजों की मौत हो गई। मामले को लेकर जब जिला पशुपालन पदाधिकारी अंजली कुमारी सिन्हा से संपर्क किया गया तो उन्होंने कुक्कुट प्रक्षेत्र के प्रभारी और मैनेजर से बात करने को कहा। वहीं प्रक्षेत्र के अधिकारी ने बताया कि संक्रमण से बचाव के लिए गेट पर बायो-सिक्योरिटी की व्यवस्था है, जहां केमिकल मिले पानी से वाहनों और लोगों को गुजरना पड़ता है। इसके बावजूद इतनी बड़ी संख्या में मौत कैसे हुई, इसका स्पष्ट कारण अब तक सामने नहीं आ सका है। एक अधिकारी ने बताया कि बीते 7 अप्रैल को प्रक्षेत्र से सैंपल जांच के लिए पटना और कोलकाता की लैब में भेजे गए हैं, लेकिन अब तक रिपोर्ट नहीं आई है। रिपोर्ट आने के बाद ही बीमारी के असली कारण का पता चल पाएगा।

### एफडी तोड़ 15 लाख उड़ाए, चार मोबाइल नंबर संदिग्ध

**भागलपुर**| जोगसर स्थित कोर्ट कम्पाउंड निवासी नंद किशोर सिंह साइबर ठगी के शिकार हो गए। उनके बैंक खाते से एफडी तोड़कर 15 लाख रुपए की अवैध निकासी कर ली गई। घटना का खुलासा तब हुआ, जब उनके मोबाइल पर ट्रांजेक्शन का मैसेज आया। पीड़ित ने बताया कि मैसेज देखने के बाद उन्हें खाते से बड़ी राशि निकाले जाने की जानकारी मिली। इसके तुरंत बाद उन्होंने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई और फिर साइबर थाने में मामला दर्ज कराया। नंद किशोर सिंह ने पुलिस को चार संदिग्ध मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए हैं, जिनके जरिए ठगी को अंजाम देने की आशंका है। साथ ही उन्होंने निकासी से जुड़े सभी सबूत भी जांच के लिए सौंप दिए हैं।

### बरारी वाटर वर्क्स में जमी गाद, जलापूर्ति बाधित

**भागलपुर**| बरारी वाटर वर्क्स में बुधवार सुबह तकनीकी खराबी आने से शहर की जलापूर्ति चरमरा गई। मानिक सरकार और घंटाघर जलमीनार को भरने वाले ज्वेल फिल्टर में ज्यादा गाद जमा होने के कारण पानी का प्रवाह रुक गया। शिकायतों के बाद मरम्मत कार्य शुरू किया। अधिकारियों के अनुसार, रात 8 बजे समस्या दूर हुई। मानिक सरकार इलाके में जलापूर्ति बहाल नहीं हुई तो रात 9.40 में राय बाड़ी लेन के मनीष कुमार ने कॉल किया लेकिन रिसिव नहीं हुआ।

### सोलर प्लेट के लिए अविलंब लोन दें : डीएम

**भागलपुर**। सैंडिस कंपाउंड में बुधवार को सोलर मेला सह बैंक लोन मेला लगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आयोजित इस मेले में राष्ट्रीय बैंकों के अधिकारी और सोलर इंस्टॉलेशन के लिए अधिकृत 19 वेंडरों ने स्टॉल लगाए। डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि उपभोक्ता अपने घरों में सोलर पैनल लगाकर बिजली बिल को शून्य कर सकते हैं। उन्होंने बैंक अधिकारियों से आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कर जल्द से जल्द ऋण उपलब्ध कराने को कहा, ताकि जिले को मिला लक्ष्य समय पर पूरा हो सके। सभी बैंक कम से कम 100 लाभुकों को ऋण स्वीकृति दें। मौके पर उन्होंने 31 लोगों को ऋण स्वीकृति पत्र भी सौंपा। बिजली विभाग के अभियंता संजय कुमार बोरियो ने बताया कि जिले में करीब 3 हजार घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य है, जिसमें अब तक 1050 घरों में इंस्टॉलेशन पूरा किया जा चुका है। मौके पर शहरी क्षेत्र के कार्यपालक अभियंता पंकज कुमार, प्रणव मिश्रा, अमित कुमार, स्वर्णिम कुमार आदि मौजूद रहे।

### वाहन चेकिंग में 1.3 लाख जुर्माना वसूला

**बेगूसराय**| ट्रैफिक पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों से 1.3 लाख रुपये जुर्माना वसूला। जांच के दौरान वाहन के कागजात, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र और ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस ने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### उम्मीद ट्रस्ट की काउंसिलिंग शुरू, छात्र ले रहे लाभ

**बेगूसराय**| गरीब और जरूरतमंद छात्रों को उच्च शिक्षा से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रहे उम्मीद एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट ने सत्र 2026 के लिए नामांकन काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। ट्रस्ट की इस पहल से बड़ी संख्या में छात्र लाभान्वित हो रहे हैं और अपने बेहतर भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। ट्रस्ट के चेयरमैन नवाज़ शरीफ ने बताया कि संस्था आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में हर संभव सहयोग दे रही है। उन्होंने कहा कि छात्र किसी भी मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम में नामांकन ले सकते हैं और उनके कॉलेज शुल्क की पूरी जिम्मेदारी ट्रस्ट उठाएगा। छात्र इंजीनियरिंग, पैरामेडिकल, प्रबंधन सहित कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं।

# खुलेगा बिहार का दूसरा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बेगूसराय**। सरकार ने बेगूसराय में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (NIFT) की स्थापना का रास्ता साफ कर दिया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बरौनी अंचल के मल्हीपुर मौजा में स्थित 20 एकड़ जमीन को उद्योग विभाग को निःशुल्क और स्थायी रूप से हस्तांतरित करने की स्वीकृति दे दी। गिरिराज सिंह इस पर कहा है कि नई ऊंचाइयों को छूने के लिए शहर तैयार है। शिक्षा से बिहार समृद्ध हो रहा है।

**होगा मुफ्त हस्तांतरण**ः जारी आदेश के अनुसार बेगूसराय जिला के बरौनी अंचल के मल्हीपुर मौजा में स्थित खाता संख्या-261 और खेसरा संख्या-890 की जमीन को इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है। यह जमीन गैरमजरूआ खास श्रेणी की है। आमतौर पर ऐसी बेशकीमती जमीनों के हस्तांतरण में लंबी प्रक्रिया और भारी शुल्क शामिल होता है, लेकिन शिक्षा और औद्योगिक विकास को प्राथमिकता देते हुए बिहार सरकार ने इसके निःशुल्क स्थायी हस्तांतरण की मंजूरी दी।

**स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार**ः अब यह जमीन राजस्व विभाग से सीधे उद्योग विभाग बिहार के पास चली जाएगी, जो इस संस्थान के निर्माण की नोडल एजेंसी है। पटना के बाद बेगूसराय में NIFT का आना जिले की प्रोफाइल को पूरी तरह बदल देगा। यह न केवल बेगूसराय बल्कि उत्तर बिहार के फैशन डिजाइनर बनने वाले छात्रों के लिए एक बड़ा केंद्र बनेगा। कैंपस के निर्माण और उसके संचालन से स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

**बिहार का दूसरा NIFT होगा**ः बिहार की सिल्क और टेक्सटाइल विरासत को इस संस्थान के माध्यम से नई पहचान मिलेगी। छात्र स्थानीय कला को वैश्विक मंच पर ले जा सकेंगे। फिलहाल बिहार में NIFT का एकमात्र कैंपस पटना के मीठापुर में स्थित है। बेगूसराय में इसकी स्थापना से राज्य में फैशन टेक्नोलॉजी की पढ़ाई के लिए सीटें बढ़ेंगी। बरौनी की भौगोलिक स्थिति रेलवे और रोड कनेक्टिविटी इसे इस संस्थान के लिए एक आदर्श जगह बनाती है।

**BIADA को मिल सकती है बनाने की जिम्मेदारी**ः मल्हीपुर में प्रस्तावित 20 एकड़ की जमीन पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस स्मार्ट कैंपस बनाने की तैयारी है। उद्योग विभाग के सूत्रों के अनुसार बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (BIADA) को निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

## अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मुंगेर**। मुंगेर में अवैध हथियार कारोबार के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बरियारपुर थाना पुलिस और जिला आसूचना इकाई की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एनएच-80 पर कार्रवाई करते हुए दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 15 निर्मित पिस्टल, 30 मैगजीन और हथियार ढोने में इस्तेमाल एक पियाजियो मालवाहक ऑटो जब्त किया है। यह कार्रवाई बुधवार दोपहर बरियारपुर थाना क्षेत्र के कोदरकट्टा पुल के पास की गई। पुलिस अब पूरे गिरोह और इसके नेटवर्क की जांच में जुट गई है।

**कोदरकट्टा पुल के पास जुटे थे तस्कर**ः मामले का खुलासा करते हुए सदर डीएसपी अभिषेक आनंद ने बताया कि बरियारपुर थानाध्यक्ष अमरेश कुमार को सूचना मिली थी कि मुंगेर-बरियारपुर एनएच-80 पर कोदरकट्टा पुल के पास कुछ हथियार तस्कर जमा हुए हैं और अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री करने वाले हैं। सूचना मिलने के बाद पहले इसका सत्यापन कराया गया। सूचना सही पाए जाने पर इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद को दी गई।

## वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव पर भव्य कार्यक्रम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर में बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुरुआत जीरोमाइल चौक पर वीर वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस दौरान बड़ी संख्या क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे। जय भवानी और देशभक्ति के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। माल्यार्पण के बाद जीरोमाइल चौक से एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जो तिलकामांझी, मनाली चौक, आदमपुर चौक होते हुए टाउन हॉल पहुंची। पूरे रास्ते में लोगों का जोश देखते ही बन रहा था। जगह-जगह फूल बरसाकर स्वागत किया गया। सभी ने एकजुट होकर वीरता और बलिदान को याद किया।

**पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए**ः शोभा यात्रा में शामिल लोगों ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह ने देश की आजादी के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। तपती गर्मी के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। खासकर युवाओं और बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। कई लोग पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए, जिससे कार्यक्रम की भव्यता बढ़ गई।

**वीर कुंवर सिंह हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं**ः समाजसेवी डॉ. संजय सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम वीर कुंवर सिंह के बलिदान और उनकी वीरता को याद करने के लिए आयोजित किया गया है। इतिहास में उनकी कुर्बानी को वह स्थान नहीं मिल पाया, जिसके हकदार थी। करीब 80 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध लड़ा। हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। बड़ी संख्या में लोगों की मांग को देखते हुए कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए टाउन हॉल में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बृजभूषण शरण सिंह शामिल होंगे, जबकि जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह भी मौजूद रहेंगे। ऐसे प्रतिष्ठित लोगों का शहर में आना गर्व की बात है।

## जमीन विवाद में व्यक्ति की पिटाई कर हत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बांका**। बांका के जयपुर थाना क्षेत्र के केरवार गांव में जमीन रजिस्ट्री विवाद के बीच महेन्द्र यादव (42) की हत्या कर दिए जाने का मामला बुधवार की संध्या सामने आया है। परिजनों ने आरोप लगाया कि उन्हें बहला-फुसलाकर पहले शराब पिलाई गई और फिर पीट-पीटकर मार डाला गया। पत्नी ने जमीन रजिस्ट्री विवाद में हत्या का आरोप लगाया। मृतक की पत्नी उर्मिला देवी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि गांव के ही कुछ लोगों ने पति को जमीन रजिस्ट्री कराने के बहाने साथ ले गए थे। पहले उन्हें शराब पिलाई गई और फिर बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपियों ने शव को घर के दरवाजे पर लाकर छोड़ दिया और फरार हो गए।

**वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर पीआर बॉन्ड पर रिहा कर दिया गया**ः पत्नी के आवेदन पर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया, पीआर बांड पर छोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही जयपुर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पत्नी के आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामनद तीनों आरोपियों कांग्रेस यादव, विनोद यादव और बमभोला यादव को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि बाद में वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर पीआर बॉन्ड पर रिहा कर दिया गया, जिससे परिजनों में आक्रोश देखा जा रहा है। बेलहर एसडीपीओ रविन्द्र मोहन प्रसाद और कटोरिया सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

**रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी**ः परिजनों के अनुसार माहेन्द्र यादव खतियानी जमीन की बिक्री के सिलसिले में बांका रजिस्ट्री कार्यालय गए थे। इस दौरान गांव के ही कांग्रेस यादव, विनोद यादव और बमभोला यादव रजिस्ट्री कराने के लिए साथ ले गए थे।

# 2788 आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अररिया**। अररिया में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यापक जांच के बाद कई अनियमितताएं सामने आई हैं। जिलाधिकारी विनोद दूहन के निर्देश पर जिलेभर में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 2788 आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच कराई गई। जांच में गड़बड़ी मिलने पर 34 आंगनबाड़ी सेविकाओं से पोषाहार राशि की भरपाई के लिए दंडात्मक निर्देश दिए गए हैं, जबकि 2 सहायिकाओं की चयनमुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन की इस कार्रवाई से आंगनबाड़ी व्यवस्था में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सरकारी योजनाओं में लापरवाही और लाभुकों के अधिकारों से खिलवाड़ किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**जिलेभर में एक साथ चला निरीक्षण अभियान**ः प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से यह जांच अभियान जिले के सभी 211 पंचायतों, 3 नगर पंचायतों और 3 नगर परिषद क्षेत्रों में चलाया गया। इन क्षेत्रों में स्थित कुल 2788 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जांच का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और बच्चों, धात्री माताओं तथा गर्भवती महिलाओं को केंद्रों से मिलने वाली सुविधाओं की सही आपूर्ति सुनिश्चित करना था।

**किन बिंदुओं पर हुई जांच**ः निरीक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। इनमें केंद्रों की नियमितता, सेविका और सहायिका की उपस्थिति, 3 से 6 वर्ष के बच्चों की उपस्थिति तथा टेक होम राशन (THR) का FRS के माध्यम से वितरण प्रमुख रूप से शामिल रहा। इसके अलावा पोषाहार मेनू का प्रदर्शन, केंद्र भवन की स्थिति, बच्चों को दिए जाने वाले गर्म पके भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई की भी जांच की गई। अधिकारियों ने लाभुकों से बातचीत कर भी जानकारी ली।

**34 सेविकाओं पर दंड, पोषाहार राशि लौटानी होगी**ः जांच के दौरान कई केंद्रों पर पोषाहार वितरण और संचालन में अनियमितताएं सामने आईं। इसके आधार पर कुल 34 आंगनबाड़ी सेविकाओं से पोषाहार राशि की भरपाई करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि लाभुकों के लिए आने वाली राशि और पोषण सामग्री में किसी तरह की गड़बड़ी गंभीर मामला है। इसलिए जिम्मेदार कर्मियों के खिलाफ आर्थिक दंड लगाया गया है।

# विश्व बैंक की टीम ने भागलपुर का किया दौरा




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर के समग्र शहरी विकास को लेकर आज अहम पहल हुई, जब विश्व बैंक की चार सदस्यीय टीम ने शहर का दौरा किया। टीम का नेतृत्व वरिष्ठ अधिकारी रोसाना नित्ती कर रही थीं। उनके साथ वसुधा थावकर, योजी तोरियूमी और प्रकाश गौड़ शामिल थे। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने जिला अतिथि गृह में टीम का स्वागत करते हुए कहा कि "भागलपुर ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है। यहां शहरी विकास की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें योजनाबद्ध तरीके से विकसित करने की आवश्यकता है।" उन्होंने उम्मीद जताई कि विश्व बैंक के सहयोग से शहर में आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य भागलपुर में विकास की संभावनाओं का आकलन करना और विश्व बैंक के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। यह पहल शहरी विकास एवं आवास विभाग बिहार और विश्व बैंक के संयुक्त सहयोग से संचालित होगी। इसके तहत अनियोजित शहरीकरण को नियंत्रित कर सतत और व्यवस्थित शहरी विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। विश्व बैंक की टीम ने स्पष्ट किया कि परियोजनाओं के माध्यम से तकनीकी क्षमता निर्माण, आधुनिक शहरी डिजाइन और वैश्विक स्तर की कार्यप्रणालियों को अपनाया जाएगा, जिससे शहरी अवसंरचना और नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।

**नगर निगम में हुई विस्तृत प्रस्तुति**ः आई-ट्रिपल-सी में आयोजित बैठक में महापौर डॉ. वसुंधरा लाल और नगर आयुक्त किसलय कुशवाहा ने शहर की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। नगर आयुक्त कुशवाहा ने प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया कि "भागलपुर में सड़क, जल निकासी, पेयजल और यातायात व्यवस्था में सुधार की जरूरत है। खासकर शहरी क्षेत्र में अंडरग्राउंड बिजली व्यवस्था और बड़े स्तर पर सीवरेज सिस्टम की स्थापना आवश्यक है।" उन्होंने शहर के सैंडिश मैदान, तालाबों, औद्योगिक क्षेत्रों और आबादी के बढ़ते दबाव की जानकारी भी दी। उन्होंने यह भी बताया कि नगर निगम की ओर से शुद्ध पेयजल आपूर्ति और नाली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन तेजी से बढ़ती आबादी के कारण अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता है।

**महापौर ने भैरवा तालाब को विकसित करने पर दिया जोर**ः महापौर डॉ. वसुंधरा लाल ने कहा कि "भैरवा तालाब शहर के लिए बड़ी संभावनाओं वाला क्षेत्र है। पहले इसके विकास के लिए 182 करोड़ रुपये की योजना बनाई गई थी, जिसे अब संशोधित किया गया है।" उन्होंने बताया कि तालाब को पार्क, नौकायन, फिशिंग, कैफेटेरिया और घाट जैसी सुविधाओं के साथ विकसित कर इसे प्रमुख पर्यटन स्थल बनाया जा सकता है।

# पहली बार तिरुपति बालाजी का पदार्पण दिवस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मुंगेर**। मुंगेर में पहली बार 6 मई 2026 को 'मुंगेर पदार्पण दिवस' ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर तिरुपति बालाजी की उत्सव मूर्ति संत-महात्माओं के सानिध्य में योग नगरी मुंगेर पहुंचेगी, जहां आम श्रद्धालु भगवान के दर्शन कर सकेंगे। यह आयोजन पादुका दर्शन परिसर स्थित उत्तरवाहिनी मां गंगा के पावन तट पर बड़े धूमधाम से होगा। बिहार में पहली बार इस तरह का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजक समिति के सदस्य अभी से तैयारियों में जुटे हैं। जिला प्रशासन भी इस आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए अपने स्तर पर तैयारी कर रहा है। शहरवासियों और योग प्रेमियों में इस कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

**आधुनिक वैश्विक योग आंदोलन का एक प्रमुख केंद्र बनेगा मुंगेर**ः योग आश्रम के संन्यासी स्वामी शिव ध्यानम ने बताया कि 6 मई 1957 को श्री स्वामी सत्यानन्द जी पहली बार एक परिव्राजक संन्यासी के रूप में मुंगेर आए थे। उसी समय उन्हें यह अनुभूति हुई थी कि मुंगेर आने वाले समय में आधुनिक वैश्विक योग आंदोलन का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। इसी संकल्प के साथ, वर्ष 1963 में उन्होंने मुंगेर में बिहार योग विद्यालय की स्थापना कर योग का बीजारोपण किया। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप ही वर्ष 2005 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने मुंगेर को 'योग नगरी' घोषित किया था।

**श्री तिरुपति बालाजी की उत्सव मूर्ति के दर्शन का सौभाग्य मिलेगा**ः स्वामी शिव ध्यानम ने आगे कहा कि वर्ष 2026 में, स्वामी सत्यानन्द जी के मुंगेर आगमन के 69 वर्षों बाद, पहली बार इस ऐतिहासिक दिवस को सामूहिक रूप से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को भगवान श्री तिरुपति बालाजी की उत्सव मूर्ति के दर्शन का सौभाग्य मिलेगा, जो 6 मई को योग नगरी मुंगेर में विराजमान होगी। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) से आए विद्वान आचार्य श्रीनिवास कल्याणोत्सवम् के समस्त धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ, भगवत सेवा और अन्य कर्मकांड संपन्न कराएंगे। नगरवासियों की सुविधा के लिए इस आयोजन का सीधा प्रसारण सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक पोलो मैदान में किया जाएगा।

**व्यवस्था भी पोलो मैदान में शाम 4 बजे से 6 बजे तक की गई**ः इसके अलावा भगवान श्री तिरुपति बालाजी के प्रत्यक्ष दर्शन की व्यवस्था भी पोलो मैदान में शाम 4 बजे से 6 बजे तक की गई है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु दर्शन लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी गौरव शर्मा ने बताया कि आयोजन की पूर्व संध्या पर 5 मई को शाम 7 बजे से 8 बजे तक पोलो मैदान में आकर्षक ड्रोन शो आयोजित होगा। ड्रोन शो के माध्यम से मुंगेर के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को आकाशीय प्रस्तुति के जरिए दिखाया जाएगा। इसमें शादीपुर की बड़ी दुर्गा महारानी चंडिका स्थान समेत शहर के प्रमुख स्थल शामिल रहेंगे। डीएम निखिल धनराज निप्पणीकर ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। ट्रैफिक व्यवस्था, सुरक्षा, मेडिकल कैंप और पुलिस बल की विशेष तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुंगेर ही नहीं, बिहार के अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

# विचार-मंथन

*भौगोलिक संरचना से भारतीय राज्य, समाज और लोकतंत्र अप्रभावित है। राष्ट्र एक जीवंत सांस्कृतिक इकाई है, जो मनुष्य शरीर की तरह है। यह यांत्रिक नहीं है। जिस तरह से शरीर का प्रत्येक अंग जीवन के लिए महत्वपूर्ण होता है, उसी तरह मेघालय से मध्य प्रदेश और अरुणाचल से आंध्र प्रदेश राष्ट्र, समाज और राजनीति का प्रतिस्पर्धी या विरोधाभासी इकाइयां नहीं हैं।*

## संपादकीय

### राख के नीचे सुलगती चिंगारी, क्या मणिपुर में शांति केवल एक दिखावा है?

राज्य में हिंसा की बढ़ती घटनाओं से स्पष्ट है कि हालात राख के नीचे छिपी चिंगारी जैसे हैं, जो मौका मिलते ही आग का रूप ले लेती है। इसलिए सरकार और सुरक्षाबलों को ईमानदार, खुले एवं निष्पक्ष जन संवाद को प्राथमिकता देनी होगी, ताकि कानून पर लोगों का भरोसा कायम रहे।मणिपुर में कुछ दिनों तक हालात थोड़े सामान्य रहने के बाद हिंसा की घटनाएं फिर से अपने पांव पसारने लगी हैं। सरकार का दावा है कि इसके पीछे असामाजिक तत्वों की भूमिका ज्यादा है, लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि राज्य के लोगों में असंतोष की वजह से विरोध प्रदर्शनों का दौर लौटने लगा है, जो सौहार्दपूर्ण वातावरण के लिए निश्चित रूप से चिंताजनक है। इंफाल पश्चिम जिले में बीते शुक्रवार को हजारों लोगों ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए मशाल रैली निकाली और इस दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ उनकी हिंसक झड़पें भी हुईं।स्थानीय लोग हाल में एक घर पर बम से हुए हमले में दो बच्चों की मौत की घटना का विरोध कर रहे थे। सवाल है कि क्या सुरक्षा एजेंसियां राज्य में स्थिति की संवेदनशीलता को जानते हुए भी अपना काम ठीक से नहीं कर रही हैं? अगर ऐसा नहीं है, तो फिर आम लोगों में शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश क्यों पैदा हो रहा है!गौरतलब है कि मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सात अप्रैल को एक घर पर बम से हमला किया गया था, जिसमें दो मासूम बच्चों की जान चली गई थी। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों के प्रदर्शन के दौरान हिंसक झड़पों में तीन लोगों की मौत हो गई थी। लोग इन बच्चों की हत्या के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि स्थानीय लोगों को विश्वास में लेकर सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी जांच-पड़ताल की प्रक्रिया को तेज करने के लिए ईमानदारी से प्रयास करें।यह विचित्र है कि जब सरकार खुद इस बात को स्वीकार कर रही है कि राज्य के कई हिस्सों में हालात अब भी संवेदनशील बने हुए हैं, तो फिर सुरक्षा एजेंसियों की ओर से किसी भी अप्रिय घटना के बाद संवेदनशीलता क्यों नजर नहीं आती! राज्य में हिंसा की बढ़ती घटनाओं से स्पष्ट है कि हालात राख के नीचे छिपी चिंगारी जैसे हैं, जो मौका मिलते ही आग का रूप ले लेती है।

### मन का दास मत बनो, चेतना से जियो

हम में से अधिकतर लोग अपना पूरा जीवन मन के इशारों पर जीते हैं। मन कहता है डरो, तो हम डरते हैं। मन कहता है चिंता करो, तो हम रात भर जागते हैं। मन कहता है, तुम पर्याप्त नहीं हो, तो हम खुद को कमतर मानने लगते हैं। और हम यह मान बैठते हैं कि मन ही हमारा सबसे बड़ा मार्गदर्शक है। लेकिन सच्चाई इससे बिल्कुल उलट है। मन एक अत्यंत कमज़ोर संरचना है। यह अतीत के अनुभवों से बना है, दूसरों की धारणाओं से बना है, भय और असुरक्षाओं की परतों से बना है। इसकी जड़ें बाहर की दुनिया में हैं। इसीलिए जब भी बाहर कुछ बदलता है – कोई आलोचना करता है, कोई योजना टूटती है, कोई अपेक्षा पूरी नहीं होती , तो मन तुरंत डगमगा जाता है। वह भय की कहानियां गढ़ता है। वह ऐसी चिंताएं बुनता है जिनमें से अधिकतर कभी घटित ही नहीं होतीं। वह आपको बताता है कि आगे अंधेरा है, जबकि रोशनी हमेशा भीतर होती है। और यही वह जगह है जहां चेतना का बोध सब कुछ बदल देता है। चेतना वह नहीं है जो मन सोचता है। चेतना वह है जो मन को सोचते हुए देखती है। वह साक्षी है – शांत, स्थिर, अडिग। मन की लहरें उठती हैं और शांत होती हैं, पर चेतना का आकाश कभी विचलित नहीं होता। और इस चेतना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह अलग-थलग नहीं है। वह उस परम चेतना से जुड़ी है जो इस सृष्टि का आधार है। जिसे वेदांत ब्रह्म कहता है, जिसे विज्ञान सार्वभौमिक चेतना कहने लगा है। जब आप मन से नहीं, चेतना से जीते हैं, तब एक अलग ही शक्ति जीवन में उतरती है। निर्णय सहज होते हैं। भय कम होता है। दिशा स्पष्ट होती है। ऐसा लगता है जैसे जीवन के हर मोड़ पर एक अदृश्य मार्गदर्शन मिल रहा हो। यही ब्रह्मांडीय प्रज्ञा यानी  है – वह बुद्धि जो केवल किताबों से नहीं, भीतर के मौन से जन्म लेती है। पर इस अवस्था तक पहुंचने का एक ही रास्ता है  साधना। रोज कुछ समय का ध्यान। कुछ क्षण की सजगता। जब आप बैठें तो केवल बैठें। जब श्वास लें तो उसे महसूस करें। जब मन भटके तो उसे देखें ङ्क उसमें बह न जाएं। यही माइंडफुल होना है।

# राजनीति में महिलाओं की राह मुश्किल, क्या आरक्षण बनेगा पितृसत्ता को तोड़ने का निर्णायक हथियार?

**(राकेश सिन्हा)**

लोकतंत्र का मूल भाव योग्यता की खोज और नेतृत्व की पात्रता का सृजन करना होता है। इसके इतर होने पर जाति धर्म, क्षेत्र, संप्रदाय, भाषा की संकीर्ण भूमिका बढ़ने लगती है।  एक समय वह था और एक समय यह है। वर्षों पूर्व स्कूल की छुट्टी में जब मैं शहर से गांव गया तब एक कैलेंडर मेरे पास था। उसमें गाड़ी चलाती हुई एक महिला की तस्वीर थी। मेरे पड़ोस की एक नवविवाहिता, जो घूंघट में थी, उसे देखकर विस्मय कर रही थी। समय बीता। कुछ वर्ष पूर्व गांव में जब था, तो वही महिला स्थानीय निकाय की उम्मीदवार थी और अपने लिए घर-घर जाकर वोट मांग रही थी। उन्हें देखकर पुरानी बातें मेरे स्मृति-पटल पर उभर कर सामने आ गईं। जनतंत्र में गजब की ताकत होती है। यह चीजों को विद्युत गति से उलट-पुलट कर देने की क्षमता रखता है। इसी क्षमता के कारण यह मुरझा तो सकता है, पर कभी मरता नहीं है। यह सिर्फ चुनाव की पद्धति या प्रशासन का तरीका मात्र नहीं है, बल्कि गैरबराबरी को समाप्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है। यही कारण है कि स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण ने उन्हें 'मैं भी हूं' और 'मैं भी कर सकती हूं' का अहसास कराया। वोट तो पहले भी दे रही थीं, पर उनमें नेतृत्व करने का आत्मविश्वास अंकुरित नहीं हो पाया था। आरक्षण ने शिक्षित-अशिक्षित, गरीब-अमीर, सामंती सोच आदि की दीवारों को एक झटके में तोड़ दिया। आज हजारों की संख्या में महिला सरपंच हैं और अन्य स्थानीय निकायों में उनकी उपस्थिति है। महिला चेतना तब परिवार की राय के अधीन थी, अब नीतियों के निर्धारण, विकास के कार्यक्रमों और सार्वजनिक गतिविधियों में सशक्त हिस्सेदारी देखी जा रही है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिला आरक्षण का आग्रह चेतना को स्थानीयता के पिंजरे से बाहर निकालकर उसे राष्ट्रीय क्षितिज पर लाने का उपक्रम है। यों महिलाओं की भागीदारी पहले भी रही है। सुचेता कृपलानी उत्तर प्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं। इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री रहीं। संविधान सभा की सभी पंद्रह महिलाएं पूर्णिमा बनर्जी से लेकर एन्नी मास्करेने तक की पृष्ठभूमि कुलीन थी। जमीनी प्रतिनिधित्व का विषय तब मस्तिष्क में भी नहीं था। इसलिए आम महिला की चेतना को इस संक्षिप्त और सांकेतिक भागीदारियों से जगाया नहीं जा सका। राजनीति में प्रवेश, पुरुषों के लिए सामान्य बात ही नहीं, उनका 'पुरुषार्थ' माना जाता है, तो महिलाओं के लिए यह जोखिम उठाने वाला हो जाता है। इसलिए भागीदारी प्राप्त करने में उन्हें अनेक बाधाओं को पार करना होता है। लोकसभा में महिला आरक्षण का प्रावधान राजनीति में व्याप्त पितृसत्तात्मक सोच और प्रभाव को सदा के लिए दफनाने वाला सुधारवादी से कहीं अधिक क्रांतिकारी कदम हो सकता है। यह सिर्फ कुछ सौ महिलाओं का लोकसभा में प्रतिनिधित्व ही नहीं बढ़ाएगा, बल्कि जमीन पर हर तबके तथा हर वर्ग की महिलाओं को राजनीतिक विमर्श से जोड़ेगा। वे अब तक विमर्श की पात्र रही हैं, अब वे विमर्श में भागीदार बन रही हैं। महिला सम्मान और अस्तित्व, दोनों ही लंबे समय से विमर्श और सुधारवाद का हिस्सा रहे हैं। इतिहास साक्षी है कि समाज सुधार के प्रश्न पर विरोध के दो ध्रुवों के बीच भी एकता अनैतिक नहीं मानी जाती है। 1829 में सती प्रथा के उन्मूलन में राष्ट्रवादी राजा राममोहन राय और साम्राज्यवादी गवर्नर जनरल बेंटिक्ट के बीच पूर्ण सहमति थी। भारत के सुधारकों ने 1921 की जनगणना में अभिव्यक्त तल्ख सच को समाज की अपनी आलोचना से कहीं अधिक समाज के लिए चुनौती और अवसर के रूप में देखा। उसमें रहस्योद्घाटन हुआ था कि शून्य से एक वर्ष की 597, एक से दो वर्ष के बीच के 494 नवजात शिशुओं को विधवा घोषित कर दिया गया था। यह संख्या बढ़ती गई। इस जनगणना की रपट ने स्वामी श्रद्धानंद सहित अनेक राजनीतिकों को गहन समाज सुधार के लिए प्रेरित किया था। उस सच से इस सच तक पहुंचने में समाज ने अनेक प्रयासों और सुधारों का साक्षात्कार किया है। महिला आरक्षण पर उत्तर-दक्षिण विभाजन का मुद्दा बेमानी है। भौगोलिक संरचना से भारतीय राज्य, समाज और लोकतंत्र अप्रभावित है। राष्ट्र एक जीवंत सांस्कृतिक इकाई है, जो मनुष्य शरीर की तरह है। यह यांत्रिक नहीं है। जिस तरह से शरीर का प्रत्येक अंग जीवन के लिए महत्त्वपूर्ण होता है, उसी तरह मेघालय से मध्य प्रदेश और अरुणाचल से आंध्र प्रदेश राष्ट्र, समाज और राजनीति का प्रतिस्पर्द्धी या विरोधाभासी इकाइयां नहीं हैं। ऐसा होना भारत में संभव नहीं है। हमारी राष्ट्रीय चेतना सांस्कृतिक कारणों से अविभाज्य है। क्षेत्रीय अस्मिता को लोकतंत्र पर आरोपित करने का प्रयास लोकशाही के मूल अर्थ को खो देने जैसा है। संसद मूलत~ कानून और कार्यपालिका के लिए जिम्मेदार एक संप्रभु संरचना है। एक सांसद जितना अपने क्षेत्र का प्रतिनिधि है, उससे अधिक उसकी राष्ट्रीय पहचान होती है। लोकतंत्र का मूल भाव योग्यता की खोज और नेतृत्व की पात्रता का सृजन करना होता है। इसके इतर होने पर जाति धर्म, क्षेत्र, संप्रदाय, भाषा की संकीर्ण भूमिका बढ़ने लगती है। पर यह जनतंत्र उसे धारण करने वालों में अपूर्णता का संकेत है। जिस समाज में राजनीति और जनता के बीच में गैर चुनावी, पर राजनीतिक रूप से सक्रिय पात्रों, संगठनों और सुधारकों को अल्पता होती है, वहां प्रतिस्पर्धी राजनीति बेलगाम हो जाती है। एक समय विनोबा भावे, जयप्रकाश, सिद्धराज ढड्ढा, वीएम तारकुंडे जैसे लोग थे। वे चुनाव नहीं लड़ते थे, पर चुनावी राजनीति पर अंकुश की तरह होते थे। महिला आरक्षण उसी योग्यता के सृजन का सशक्त माध्यम है। प्रश्न क्यों जरूरी है, उसे एक प्रचलित परंपरा से समझा जा सकता है। मेघालय की खासी जनजाति में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की प्रधानता है, पर जब राजनीतिक भागीदारी का प्रश्न आता है, तब उनकी अपनी परंपरागत राजनीतिक संस्था 'दरबार' में यह पूरी तरह प्रतिबंधित है। भले ही यह लोकसभा में अंकगणित के चक्रव्यूह में फंस गया, पर इससे उपजने वाला विमर्श हमें मैत्रेयी-गार्गी तक पहुंचाने की क्षमता रखता है।

# महिला कोटे से जुड़े संविधान बिल के लुढ़कने के सियासी निहितार्थ

**(दिव्यांशी भदौरिया)**

वर्ल्ड लिवर डे पर जानें लिवर खराब होने के 7 प्रमुख लक्षण। यदि आपको लगातार थकान, त्वचा का पीलापन, या पेट में सूजन जैसे संकेत दिखें, तो यह गंभीर लिवर समस्या का संकेत हो सकता है, जिसकी तुरंत डॉक्टर से जांच करानी चाहिए। आज यानी 19 अप्रैल को वर्ल्ड लिवर डे मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उदेश्य है लिवर से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरुकता फैलाना, शुरुआती पहचान को बढ़ावा देना और लिवर के हेल्थ के लिए प्रति लोगों को सचेत करना है। इस साल की थीम है 'सॉलिड हैबिट्स, स्ट्रांग लिवर' जिसका मतलब है कि मजबूत आदतें, स्वस्थ लिवर है। भारत में लिवर की बीमारियां तेजी से पैर पसार रही हैं। सबसे डराने वाली बात तो यह है कि लिवर की बीमारी के लक्षण तब तक सामने नहीं आते, जब तक कि स्थिति बहुत गंभीर न हो जाए। इसी वजह से लिवर की बीमारियां जल्दी पता नहीं चलती है। हालांकि, कुछ संकतों पर ध्यान देने से बीमारी का पता चल जाता है। आइए आपको इन संकेतों के बारे में बताते हैं। अगर आपको सबसे ज्यादा थकान महसूस होती है तो इसका पहला संकेत यही होता है। जब लिवर ठीक से कम नहीं करता है, तो ब्लड में टॉक्सिंस जमा होने लगते हैं। इससे दिमाग की काम करने की क्षमता और शरीर की एनर्जी प्राभिवत होती है। जब लिवर बिलीरुबिन को ठीक तरह से संभाल नहीं पाता, तो यह शरीर में इकट्ठा होने लगता है। इसके कारण त्वचा और आंखों में पीला रंग दिखाई देने लगता है, जिसे पीलिया का संकेत माना जाता है। आमतौर पर लोग इसी बदलाव को देखकर डॉक्टर से सलाह लेते हैं, लेकिन कई बार तब तक समस्या काफी गंभीर रूप ले चुकी होती है। अक्सर पाया जाता है कि लिवर खराब होने पर पाचन तंत्र पर सीधा असर दिखने लगता है। भारत की 9त्न से 32त्न आबादी फैटी लिवर से परेशान है। आज की जनरेशन में भी भूख लगने जैसे लक्षण आम होते जा रहे हैं, जो लिवर का समस्या का बड़ा संकेत है। पेट में तरल पदार्थ का जमा होना इस बात का संकेत होता है कि लिवर बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। भारत में सिरोसिस के मामलों का एक बड़ा कारण अत्यधिक शराब का सेवन माना जाता है, जिसके चलते पेट फूलने और सूजन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। यदि आपके पेशाब का रंग गहरा है और मल का रंग असामान्य रुप से हल्का है, तो यह बाइल के फ्लो में समस्या का संकेत हो सकता है। कई लोग इसे सिर्फ डिहाइड्रेशन समझकर इग्नोर कर दते हैं, जो बाद में दिक्कत दे सकता है। लिवर शरीर में खून को जमाने वाले जरूरी तत्व तैयार करता है। जब यह अंग कमजोर पड़ जाता है, तो छोटी-सी चोट लगने पर भी अधिक रक्तस्राव होने लगता है या शरीर पर आसानी से नीले निशान उभर आते हैं। कई शोधों के अनुसार, भारत में अनेक लोगों को सिरोसिस की जानकारी तब मिलती है, जब उन्हें खून बहने जैसी दिक्कतें शुरू हो जाती हैं। अगर बिना किसी रैशेज या दाने के शरीर पर खुजली होना लिवर की बीमारी का एक छिपा हुआ लक्षण हो सकता है। यह त्वचा के नीचे बाइल सॉल्ट्स जमा होने के कारण होता है, जिसे लोग अक्सर सामान्य त्वचा समझते हैं। आपको बता दें कि, लिवर अचानक से फेल नहीं होता बल्कि यह धीरे-धीरे खराब होता है और अक्सर इसमें दर्द भी नहीं होता है। इसलिए समय रहते हुए लिवर की बीमारियों के लक्षणों की पहचान करना बेहद जरुरी है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6071

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6070

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 6071

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | ■ |
| 7 | | | | ■ | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | ■ | |
| 11 | 12 | | ■ | ■ | 13 | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | ■ | |
| 16 | | 17 | | ■ | 18 | 19 | ■ |
| ■ | 20 | | ■ | 21 | ■ | 22 | |
| ■ | ■ | | 23 | | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. सितंबर 1927 को इस बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी और प्रसिद्ध साहित्यकार ने जन्म लिया था इस साहित्यकार ने पूर्व प्रसारित धारावाहिक महाभारत की पटकथा लिखी थी (7)
7. हल्का बुखार, ज्वर अनुभूति (4)
8. वायु द्वारा उत्पन्न (3)
10. निरूत्तर, चुप, खामोश (2)
11. मानवीय, पौरूषेय, मानुषिका (3)
13. सियार, श्रृंगाल, निशामृग (3)
14. अभ्युदय काल, उन्नति के दिन , वैभव काल (2)
15. संगीत में स्वरों का राग सहित उच्चाण, संभाषण, लंबी तान (3)
16. इस अभिनेत्री ने पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान से विवाह किया था (4)
18. तीन, तीसरा (संस्कृत)(2)
20. क्षमताहीन, जो थक चुका हो (2)
22. द्वेष (2)
23. हथेली पर जल लेकर मंत्रपूर्वक पढ़ते हुए पीना (4)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. वर्तमान दौर का यह शाहर मूलतःइंदौर का निवासी है (6)
2. डायमंड ज्वेल बीयरिंग, अनमोल रत्न (2)
3. रेडियों (वायरलेस) के आविष्कारक (4)
4. धागा, तंतु, बंदीजन, विजित दास (2)
5. जावक पत्र, इनडैंट, चालान पत्र (6)
6. कोटि, उत्पन्न, घटित, नवजात शिशु (2)
9. पाशबद्ध करना, ठिठुरना, मजबूती से पकड़ना (4)
12. वाराणसी से करीब 6 किमी उत्तरपूर्व में बौद्धों का एक तीर्थस्थल जिसे सारंगनाथ भी कहते है (4)
15. इंकम, जमा प्रविष्टि (2)
17. पूर्णिमा की रात को यह भी कहा जाता है (2)
19. भरोसा, विश्वास, ऐतबार (3)
21. अनुसंधान, इन्क्वायरी, जांचने की क्रिया या भाव (2)

### वर्ग पहेली 6070 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मृ | ता | प्री | त | म | ■ | कौ |
| स | ग | र | ■ | र | ह | मा | न |
| मा | या | ■ | स | फ | ल | ता | ■ |
| न | ■ | आ | मा | दा | ■ | ■ | वि |
| ता | न | ■ | न | र | सौं | ■ | य |
| ■ | ज | न | ता | ■ | ठ | ग | ना |
| कु | रा | न | ■ | हां | ■ | ज | ■ |
| ■ | ना | द | ना | ■ | बा | रा | त |

## आज का राशिफल

### मेष
आज परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी, लेकिन किसी भी निर्णय में जल्दबाजी करना नुकसान दे सकता है। जीवनसाथी की ओर से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। घर का माहौल सकारात्मक रहेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात संभव है। हालांकि पैसों को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। सिर दर्द की शिकायत रह सकती है।

### वृष
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपको समाजिक गतिविधियों में भाग लेने का मौका मिलेगा। निवेश के मामले में सावधानी बरतें और किसी के बहकावे में न आएं। आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। घर का माहौल सकारात्मक रहेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात संभव है। हालांकि पैसों को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है।

### मिथुन
आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार में नए अवसर मिल सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों की किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। कार्यस्थल पर विवाद से बचें। थकान महसूस हो सकती है। आज का दिन मिला-जुला रहेगा। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है।

### तुला
आज दिन ठीक रहेगा। अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। आज का दिन मिला-जुला रहेगा। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। आज व्यापार करने वालों को तरक्की के मौके बन सकते हैं। मौसमी बीमारी से सावधान रहें। बच्चों का ध्यान पढ़ाई में रहेगा। परिवार में तनाव की स्थिति बन सकती है, इसलिए धैर्य बनाए रखें।

### वृश्चिक
आज का दिन मिला-जुला रहेगा। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज व्यापार करने वालों को तरक्की के मौके बन सकते हैं। आज का दिन मिला-जुला रहेगा। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज व्यापार करने वालों को तरक्की के मौके बन सकते हैं। मौसमी बीमारी से सावधान रहें।

### धनु
आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। नौकरी में अच्छे अवसर मिल सकते हैं। आज का दिन मिला-जुला रहेगा। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज व्यापार करने वालों को तरक्की के मौके बन सकते हैं। मौसमी बीमारी से सावधान रहें। प्रेम संबंधों में चल रही परेशानी दूर होगी। व्यापार में ध्यान केंद्रित करना जरूरी रहेगा।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए लाभकारी साबित हो सकता है। व्यापार में फायदा होगा और समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। घर का माहौल सकारात्मक रहेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात संभव है। हालांकि पैसों को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। सिर दर्द की शिकायत रह सकती है।धैर्य बनाए रखें, नहीं तो बने हुए काम बिगड़ सकते हैं।

### सिंह
आज का दिन शांतिपूर्ण रहेगा। पुराने दोस्त से मुलाकात हो सकती है। आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। घर का माहौल सकारात्मक रहेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात संभव है। हालांकि पैसों को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। सिर दर्द की शिकायत रह सकती है।प्रेम संबंधों में मिठास बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में निर्णय लेने से पहले जीवनसाथी की सलाह लेना लाभकारी रहेगा।

### कन्या
आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। घर का माहौल सकारात्मक रहेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात संभव है। हालांकि पैसों को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। सिर दर्द की शिकायत रह सकती है।  नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज व्यापार करने वालों को तरक्की के मौके बन सकते हैं।

### मकर
आज आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना होगा। दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। आज का दिन मिला-जुला रहेगा। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज व्यापार करने वालों को तरक्की के मौके बन सकते हैं। मौसमी बीमारी से सावधान रहें। करियर में बदलाव के बारे में सोच सकते हैं। कमाकाज के चलते विदेश जाने का मौका मिल सकता है।

### कुंभ
आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नया काम शुरू करने में मित्रों का सहयोग मिलेगा। बच्चों की संगति पर ध्यान दें। खांसी-जुकाम की समस्या हो सकती है। आज का दिन मिला-जुला रहेगा। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज व्यापार करने वालों को तरक्की के मौके बन सकते हैं। मौसमी बीमारी से सावधान रहें।

### मीन
आज का दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ पैसा वापस मिलने के संकेत हैं। कानूनी मामलों में फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आज का दिन मिला-जुला रहेगा। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज व्यापार करने वालों को तरक्की के मौके बन सकते हैं। मौसमी बीमारी से सावधान रहें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, -9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

## संक्षिप्त समाचार

### रांची में ट्रेन से कटकर महिला की मौत, किता-जोन्हा के बीच मिला शव, पहचान में जुटी पुलिस

**रांची, एजेंसी।** रांची रेल मंडल के सिल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत किता और जोन्हा रेलवे स्टेशन के बीच एक अज्ञात महिला की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सिल्ली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने किता और जोन्हा रेलवे स्टेशन के बीच थर्ड लाइन पर पोल संख्या 368/12 के पास एक महिला का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी थी। प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन से कटकर मौत का प्रतीत हो रहा है। हालांकि यह हादसा है या आत्महत्या, फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन देर शाम तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बोकारो जेनरल अस्पताल के पास जंगल में लगी आग, अचानक धुआं उठने से मरीजों और परिजनों में फैली दहशत

**बोकारो, एजेंसी।** शहर के सेक्टर 4 थाना क्षेत्र स्थित बोकारो जेनरल अस्पताल के आसपास जंगल में मंगलवार को अचानक आग लगी आग। जंगल से अचानक काफी धुआं उठने लगा। जिसके कारण अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके परिजन काफी घबरा गए और पूरे अस्पताल में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। अस्पताल के कैंसर वार्ड के स्टाफ ने सबसे पहले आग के लपटों को देखा। उन्होंने फौरन अस्पताल के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन की ओर से बीएसएल के दमकल विभाग को अगलगी की सूचना दी गई। जानकारी मिलने पर फौरन एक दमकल की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि आग किन कारणों से लगी थी इसका पता अब तक नहीं चल सका है। आग जिस स्थान पर लगी थी वहां से बोकारो जनरल अस्पताल का कैंसर वार्ड सबसे नजदीक है। इस कारण पूरे वार्ड में धुआं फैल गया था। हालांकि अस्पताल में भर्ती मरीजों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। वहीं घटनास्थल पर मौजूद गार्ड अशोक पाठक ने बताया कि आग लगने के बाद उन्होंने अपने स्तर से आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इसके बाद बीएसएल की फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। वहीं बीएसएल के फायर ब्रिगेड टीम के एसआई गणेश कुमार ने बताया कि उन्हें आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद हमारी टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि जंगल में लगी आग को समय रहते बुझा दिया गया, नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। क्योंकि बोकारो जेनरल अस्पताल जिले का सबसे बड़ा अस्पताल है और यहां सैकड़ों मरीज इलाजरत हैं।

### रेमता डैम में दर्दनाक हादसा: सीएम सुरक्षा में तैनात आरक्षी के बेटे की डूबने से मौत

**रांची/खूंटी, एजेंसी।** राजधानी रांची से सटे खूंटी जिला के रेमता डैम में मंगलवार को एक हृदयविदारक हादसा सामने आया, जहां दोस्तों के साथ घूमने आए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान विवेक राज के रूप में हुई है, जो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सुरक्षा में तैनात विशेष शाखा के आरक्षी ओमकार नाथ का इकलौता पुत्र था। इस घटना के बाद परिवार समेत पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने बताया कि विवेक अपने फुफेरे भाई अक्षय राज और दोस्तों कार्तिक कुमार व सक्षम सौरभ के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर रांची से रेमता डैम घूमने आया था। चारों युवक डैम किनारे एक पेड़ के नीचे बैठकर खाना खा रहे थे। इसी दौरान विवेक नहाने के लिए पानी में उतरा और गहराई का अंदाजा लगाने लगा। अचानक संतुलन बिगड़ने से वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। विवेक को डूबता देख अक्षय ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन वह खुद भी पानी में फंस गया। मौके पर मौजूद अन्य दो दोस्तों ने सूझबूझ दिखाते हुए अक्षय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया लेकिन विवेक गहरे पानी में समा गया।खूंटी एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। विवेक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था, ऐसे में इस हादसे की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया। इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना की सूचना मिलते ही खूंटी थाना पुलिस और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद एनडीआरएफ की टीम ने इंस्पेक्टर दिनेश अवस्थी के नेतृत्व में सर्च ऑपरेशन चलाया और देर शाम विवेक का शव बरामद किया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान डीसी, एसपी ऋषभ गर्ग, एसडीओ और डीएसपी वरुण रजक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# जनगणना में लापरवाही पर सख्त डीसी

## बीडीओ पर शोकॉज और वेतन रोकने के निर्देश

**रांची, एजेंसी।** जिले में जनगणना कार्यों की धीमी प्रगति पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित दो महत्वपूर्ण बैठकों में उपायुक्त-सह-प्रधान जिला जनगणना पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने जनगणना सहित विभिन्न प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट कर दिया कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पहली बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों में चल रहे मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान कई प्रखंडों में कार्य की धीमी गति पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है और इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई गंभीर मानी जाएगी। इसी क्रम में अनगड़ा, सोनाहातू और सिल्ली के प्रखंड विकास पदाधिकारियों के खिलाफ शोकॉज जारी करने और उनके वेतन पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना से संबंधित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा कराएं। उन्होंने पोर्टल में डेटा एंट्री की प्रक्रिया को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा, ताकि आंकड़ों की शुद्धता बनी रहे। उन्होंने दोहराया कि जनगणना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि भविष्य की विकास



योजनाओं की नींव है, इसलिए इसे पूरी जिम्मेदारी और समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना चाहिए।

वहीं दूसरी बैठक में जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ विभिन्न प्रशासनिक विषयों पर व्यापक समीक्षा की गई। इसमें जनगणना कार्य के साथ-साथ विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), विभागीय कार्यों और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनगणना कार्य भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुरूप त्रुटिरहित और समयबद्ध तरीके से संपादित किया जाए।

विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भी उन्होंने पारदर्शिता और प्रभावशीलता पर जोर देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में आगामी मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार-सह-दक्षिणी प्रमंडल स्तरीय मुखिया सम्मेलन की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मंच, पेयजल, शौचालय और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा समाहरणालय परिसर में साफ-सफाई और लिफ्ट सुविधा को दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए गए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रशासनिक पारदर्शिता को और मजबूत करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने ट्रेजरी, नजारत, डीआरडीए और भू-अर्जन शाखा को सरकारी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के बैंक खातों का सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को भी निर्देशित किया कि विभिन्न बैंकों में संचालित खातों में होने वाले सरकारी लेनदेन की नियमित निगरानी की जाए, ताकि वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता बनी रहे। बैठकों में प्रभारी उपविकास आयुक्त सह पीडी आईटीडीए संजय भगत, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, निदेशक डीआरडीए सुदर्शन मुर्मू, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी शेषनाथ बैठा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय, जिला सूचना पदाधिकारी राजीव कुमार सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

इन बैठकों के जरिए साफ संकेत दिया गया है कि रांची जिला प्रशासन अब जनगणना कार्य समेत सभी प्रशासनिक जिम्मेदारियों को लेकर पूरी तरह गंभीर है और किसी भी तरह की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई तय है।

### बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू का आरोप, बोले- मजदूरों के पैसे पर डाका डाल रही है हेमंत सरकार

**रांची, एजेंसी।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने हेमंत सरकार में चल रही वीबी जी राम जी योजना को लेकर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड में मनरेगा मतलब लूट और भ्रष्टाचार जिसमें आए दिन फर्जीवाड़ा और व्यापक लूट हो रही है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कोडरमा के मरकच्चो के पूरनानगर पंचायत में हुए फर्जीवाड़ा का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां फर्जी मास्टर रोल और एमबी की आड़ में सरकारी राशि की जमकर लूट होने का मामला सामने आया है। मनरेगाकर्मियों की हड़ताल के बावजूद योजना के तहत काम जारी रहता है और भुगतान भी किया जाता है। स्पष्ट है कि अधिकारियों की मिलीभगत से यह खेल खेला जा रहा है। बीजेपी नेता आदित्य साहू ने कहा कि कोडरमा तो एक मामला है, पूरे राज्य में इस योजना में भारी लूट खसोट मची हुई है। इससे पहले भी चतरा के सिमरिया और प्रतापपुर में इसी प्रकार की गड़बड़ी सामने आ चुकी है। हेमंत सरकार में इस योजना से जुड़े कई अनूठे कारनामे सामने आ चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मनरेगा के नाम पर गरीबों के पैसों पर डाका डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि जामताड़ा की पूर्व उपायुक्त को मनरेगा मजदूर बना दिया जाता है, कभी जेल में बंद आदमी मजदूरी करता है, कभी मरा हुआ आदमी। साहिबगंज जिले के तालझारी प्रखंड में 2021 में ही मर चुका शख्स 2022 में मजदूरी करता है और उसको मजदूरी का भुगतान भी कर दिया जाता है। यहां सिंचाई कूप की खुलेआम बोली लग रही है। मनरेगा में इस प्रकार के फर्जीवाड़े के कई मामले पूर्व में भी सामने आते रहे हैं। जाहिर तौर पर झारखंड लूट खसोट का अड्डा बन चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिस योजना को अपनी उपलब्धि बतलाते नहीं थकती, उन्हीं की सरकार में इस योजना का हाल बेहाल है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस योजना में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा इसका नाम जी राम जी योजना किए जाने पर हेमंत सरकार को आपत्ति है।

# जेपीएससी मॉडल उत्तर पर विवाद: पहले जारी, फिर हटाया, संशोधन के बाद दोबारा अपलोड

**रांची, एजेंसी।** झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के मॉडल उत्तर को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आयोग ने परीक्षा समाप्त होने के अगले ही दिन तत्परता दिखाते हुए मॉडल उत्तर जारी तो कर दिया, लेकिन उसमें पाई गई त्रुटियों के कारण उसे जल्द ही वेबसाइट से हटाना पड़ा। इस पूरी प्रक्रिया ने अभ्यर्थियों के बीच सवाल खड़े कर दिए हैं।

यह परीक्षा 19 अप्रैल को आयोजित हुई थी। इसके बाद आयोग ने 20 अप्रैल की देर शाम दोनों प्रश्न पत्रों के मॉडल उत्तर अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए थे। शुरुआत में इसे आयोग की तेजी और पारदर्शिता के तौर पर देखा गया, लेकिन जल्द ही अभ्यर्थियों ने मॉडल उत्तर में कई गलतियों की ओर ध्यान दिलाना शुरू कर दिया।




मामला संज्ञान में आते ही आयोग ने मंगलवार सुबह बिना किसी पूर्व सूचना के मॉडल उत्तर को वेबसाइट से हटा दिया। इस कदम से अभ्यर्थियों में असमंजस की स्थिति बन गई, क्योंकि आयोग की ओर से न तो हटाने का कारण स्पष्ट किया गया और न ही कोई आधिकारिक सूचना जारी की गई। सोशल मीडिया और विभिन्न इंटरनेट प्लेटफॉर्म पर इसको लेकर तरह-तरह के सवाल उठने लगे।

हालांकि, उसी दिन मंगलवार की शाम आयोग ने संशोधित मॉडल उत्तर दोबारा वेबसाइट पर अपलोड कर दिया। इस बार कुछ त्रुटियों को सुधारने का दावा किया गया है। आयोग ने अभ्यर्थियों को पारदर्शिता का भरोसा दिलाते हुए संशोधित उत्तरों पर आपत्ति और सुझाव आमंत्रित किए हैं। अभ्यर्थी 24 अप्रैल शाम 5 बजे तक अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।

इस पूरे घटनाक्रम पर छात्र संगठनों और अभ्यर्थियों ने भी प्रतिक्रिया दी है। जेपीएससी से जुड़े मामलों के सक्रिय नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि मॉडल उत्तर में त्रुटियों को लेकर लगातार सवाल उठाए गए, जिसके बाद आयोग हरकत में आया और सुधार की प्रक्रिया शुरू की गई। उन्होंने कहा कि आयोग को इस तरह की महत्वपूर्ण प्रक्रिया में अधिक सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि अभ्यर्थियों का विश्वास बना रहे।

मॉडल उत्तर को लेकर हुई इस उठापटक ने आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभ्यर्थी अब उम्मीद कर रहे हैं कि अंतिम उत्तर कुंजी जारी करते समय आयोग पूरी पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करेगा, ताकि किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो।

## निजी स्कूलों पर सख्ती: फीस, ड्रेस और किताबों में पारदर्शिता अनिवार्य, उल्लंघन करने वाले स्कूल नपेंगे

**धनबाद, एजेंसी।** जिले के निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम कसने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निजी विद्यालयों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए। झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधित) अधिनियम, 2017 के तहत स्कूलों को फीस, किताब और ड्रेस से जुड़ी पूरी जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश दिया गया है।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि सभी निजी स्कूलों को वार्षिक शुल्क का विस्तृत विवरण अपनी वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करना होगा। अभिभावकों पर एकमुश्त फीस जमा करने का दबाव नहीं बनाया जाएगा, बल्कि वे अब वार्षिक शुल्क को तिमाही (क्वार्टरली) आधार पर जमा कर सकेंगे। साथ ही डेवलपमेंट फीस लेने का उद्देश्य भी बताना अनिवार्य होगा और री-एडमिशन के नाम पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

प्रशासन ने यह भी निर्देश दिया कि अगले सत्र के लिए नवंबर तक किताबों



और स्कूल ड्रेस का पूरा विवरण वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। स्कूल ड्रेस पांच साल से पहले नहीं बदली जा सकेगी और निर्धारित किताबों के नाम में भी बदलाव नहीं किया जाएगा। स्कूल परिसर में किताब और ड्रेस बेचने पर भी सख्त रोक लगा दी गई है, जिससे अभिभावकों को बाजार से कम कीमत पर सामग्री खरीदने का विकल्प मिल सके।

उपायुक्त ने निजी स्कूलों को 'नॉट फॉर प्रॉफिट' सिद्धांत पर चलने की नसीहत देते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। इसके बाद जिला प्रशासन द्वारा गठित पांच सदस्यीय टीम स्कूलों की औचक जांच करेगी। नियमों का उल्लंघन करने पर 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

बैठक में बीपीएल श्रेणी के छात्रों के लिए 25% सीट आरक्षित रखने, स्कूल वाहनों में जीपीएस और सीसीटीवी अनिवार्य करने, चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने और छात्रों की सुरक्षा व मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। इस पहल से अभिभावकों को आर्थिक राहत मिलने के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ने की उम्मीद है।

## सिलेबस बदलाव की मार: संकट में पुरानी किताबों का कारोबार, अभिभावकों पर बढ़ा बोझ

**धनबाद, एजेंसी।** हर साल सिलेबस में बदलाव का असर अब किताबों के बाजार और अभिभावकों की जेब पर साफ दिखने लगा है। झरिया में पुरानी किताबों का कारोबार लगभग ठप हो गया है। दुकानदार नुकसान झेल रहे हैं। वहीं अभिभावक महंगी किताबों की बोझ से परेशान हैं। अभिभावक महासंघ ने पब्लिक स्कूलों और पब्लिशर्स के बीच गठजोड़ का आरोप लगाया है।

झरिया में करीब 50 दुकानों पर पुरानी किताबें आधे दाम में बेची जाती हैं। पहले एक ही सिलेबस कई वर्षों तक चलता था। जिससे पुरानी किताबों की मांग बनी रहती थी। बड़े भाई-बहनों की किताबें छोटे भाई-बहन आसानी से इस्तेमाल कर लेते थे और पढ़ाई उसी से हो जाती थी। लेकिन अब हर साल सिलेबस बदलने से पुरानी किताबें बेकार हो जा रही हैं। दुकानदारों का कहना है कि पहले जो किताबें आसानी से बिक जाती थी। अब वे दुकान में ही पड़ी रह जाती है।




वहीं अभिभावकों का कहना है कि अब किताबों पर अतिरिक्त शुल्क से आर्थिक बोझ बढ़ गया है। पहले जहां पुरानी किताबों से काम चल जाता था, अब स्कूलों की ओर से पूरे सेट की किताबें खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। बाजार में एक-दो किताबें अलग से मिलना भी मुश्किल हो गया है। अभिभावकों का कहना है कि पहले बड़े बच्चों की किताबें छोटे बच्चे पढ़ लेते थे, लेकिन अब हर साल नई किताबें खरीदनी पड़ती है। स्कूल पूरा सेट लेने के लिए मजबूर करते हैं, जिससे खर्च बहुत बढ़ गया है।

अभिभावक महासंघ के अध्यक्ष पप्पू सिंह ने कहा कि पब्लिक स्कूलों और पब्लिशर्स का अपवित्र गठजोड़ है। उन्होंने कहा कि एक क्लास का सेट करीब 1000 रुपए में मिल जाता है। लेकिन पब्लिक स्कूलों की किताबों के लिए 8 से 10 हजार रुपए खर्च करने पड़ते हैं, यह पूरी तरह स्कूलों की मनमानी है। पप्पू सिंह ने कहा कि ऊपर लेवल पर कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे नीचे अपने आप सुधार हो जाएगा।

दुकानदारों का कहना है कि पहले एक ही सिलेबस कई साल तक चलता था। जिससे पुरानी किताबें बिक जाती थी। अब हर साल बदलाव से किताबें बेकार हो रही है। जिससे सभी दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### पलामू के लोग सावधान! साइबर ठगों ने डीसी साहब का बनाया फर्जी व्हाट्सएप प्रोफाइल

**पलामू, एजेंसी।** झारखंड के पलामू जिले में साइबर अपराधियों ने एक बार फिर नई चाल चली है। इस बार ठगों ने जिला उपायुक्त (डीसी) दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के नाम से फर्जी व्हाट्सएप प्रोफाइल बनाकर लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। इस घटना के सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी कर नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है।

जानकारी के अनुसार, अज्ञात साइबर ठग डीसी के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर व्हाट्सएप पर फर्जी अकाउंट बना चुके हैं। इस प्रोफाइल के जरिए सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को मैसेज भेजे जा रहे हैं। इन संदेशों में कभी जरूरी काम का हवाला दिया जाता है तो कभी व्यक्तिगत मदद के नाम पर जानकारी मांगी जाती है।

पलामू जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह प्रोफाइल पूरी तरह से फर्जी है और इसका उपायुक्त कार्यालय से कोई संबंध नहीं है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान नंबर से आए संदेश, खासकर यदि वह किसी बड़े अधिकारी के नाम पर हो, तो उस पर तुरंत भरोसा न करें। पहले उसकी पुष्टि संबंधित कार्यालय से जरूर करें। प्रशासन ने खासतौर पर चेतावनी दी है कि ऐसे मामलों में अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक डिटेल, ओटीपी या किसी भी तरह की गोपनीय सूचना साझा न करें। साइबर ठग अक्सर भावनात्मक या दबाव बनाकर लोगों से जानकारी निकालने की कोशिश करते हैं, जिससे आर्थिक नुकसान हो सकता है।

## व्लादिमीर लेनिन 156वीं जयंती, वामदल बोले- सर्वहारा की दुनिया के सर्वमान्य नेता थे लेनिन

**रांची, एजेंसी।** व्लादिमीर लेनिन की 156वीं जयंती पर रांची में प्रदेश सीपीआई एमएल, सीपीआई और सीपीएम के कार्यालयों में लेनिन की 156 वीं जयंती मनाई गई। सीपीआई राज्य कार्यालय के सभागार में व्लादिमीर लेनिन की 156वी जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया गया एवं उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य रूप से सीपीआई के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव सह राज्य कार्यकारणी सदस्य अजय कुमार सिंह, जैनेंद्र कुमार भंते, किरण कुमारी, कृष्णकांत वर्मा, विजय वर्मा, मनोज ठाकुर, श्यामल, इसहाक अंसारी, संजीव, राजू सहित दर्जनों लोगों ने पुष्प अर्पित किया।

लेनिन को याद करते हुए सीपीआई के नेताओं ने कहा कि व्लादिमीर लेनिन सर्वहारा वर्ग की दुनिया में सर्वमान्य नेता थे। जिन्होंने पूरा जीवन मजदूरों किसानों, छात्रों एवं आम आवाम को समर्पित पर जार शाही से न केवल रूस को मुक्ति दिलाई बल्कि दुनिया को एक नया संदेश दिया कि जनता पूंजीवाद और राजशाही को पूरी दुनिया से उखाड़ फेंकने के लिए गोलबंद हो चुकी है। पूरी दुनिया में इनके विचार आज भी प्रासंगिक है।भाकपा (माले) का 57वां स्थापना दिवस एवं व्लादिमीर लेनिन के 156 वें



जन्मदिवस पर राज्य कार्यालय सहित पूरे राज्य में पार्टी ध्वज का झंडोत्तोलन किया गया। इसके बाद शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पार्टी की केंद्रीय कमेटी द्वारा जारी संकल्प पत्र का पाठ आइसा के राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ ने किया, संकल्प पत्र पर उपस्थित साथियों ने विस्तृत चर्चा की।

सभा में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय परिस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर युद्ध थोपे जाने से पूरी दुनिया को ईंधन संकट के कगार पर ला खड़ा किया गया है। वक्तताओं ने कहा कि अमेरिका की वैश्विक वर्चस्व की नीति को चुनौती मिल रही है और विभिन्न देशों की जनता इसके खिलाफ आवाज उठा रही है।

देश की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा गया कि नए श्रम संहिताओं के लागू होने के बाद मजदूरों पर हमले तेज हुए हैं। नोएडा, राजस्थान, रांची सहित विभिन्न क्षेत्रों में मजदूर काम के घंटे, ओवरटाइम और वेतन के सवाल पर संघर्षरत हैं जबकि प्रशासन द्वारा दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है। उत्तर प्रदेश में मजदूर आंदोलनों को बदनाम कर सैकड़ों मजदूरों की गिरफ्तारी और कई के लापता होने की घटनाएं सामने आई हैं। इसके बावजूद मजदूर आंदोलन लगातार विस्तार पा रहा है। सभा में यह भी कहा गया कि फासीवादी और सांप्रदायिक शक्तियां देश को नफरत के माहौल में धकेल रही हैं तथा लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमले तेज हो रहे हैं। मताधिकार को सीमित करने की कोशिशें, जल-जंगल-जमीन की लूट तथा कॉरपोरेट पूंजी के पक्ष में नीतियां गंभीर चिंता का विषय हैं। सीपीआई माले के नेताओ ने कहा कि पार्टी ने संकल्प लिया कि वह जनता के बुनियादी मुद्दों जैसे रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, मजदूर-किसान अधिकार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सवालों पर भी अपनी पहल और संघर्ष को और तेज करेगी। लेनिन को समाजवादी क्रांति के महान नायक और आधुनिक विश्व इतिहास की दिशा बदलने वाले क्रान्तिकारी की संज्ञा देते हुए सीपीएम की झारखंड इकाई ने लेनिन की 156वीं जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने पूरे झारखंड में 'लेनिन दिवस' का आयोजन किया। राज्य कार्यालय सहित विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने लेनिन के सिद्धांतों और उनकी क्रांतिकारी विरासत को याद किया।



## सूरज बड़जात्या की 'ये प्रेम मोल लिया' में हुई एक्टर स्वानंद किरकिरे की एंट्री

मशहूर गायक, गीतकार और अभिनेता स्वानंद किरकिरे इन दिनों अपनी हालिया रिलीज वेब सीरीज 'बैंडवाले' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच स्वानंद किरकिरे की सूरज बड़जात्या की आगामी फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' में एंट्री हो गई है। यह एक फैमिली रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इसमें आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।

### सूरज बड़जात्या के साथ काम करना घर वापसी जैसा

हालांकि, अभी तक स्वानंद किरकिरे के किरदार के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन ऐसा बताया जा रहा है कि वो फिल्म में एक अहम किरदार निभा रहे हैं। सूरज बड़जात्या के साथ काम करने को लेकर स्वानंद किरकिरे ने बताया कि सूरज जी के साथ काम करना घर वापसी जैसा लगता है। उस खास तरह की कहानी कहने की शैली में जिसने हममें से कई दर्शकों को प्रभावित किया है। उनकी फिल्मों में हमेशा प्यार को न सिर्फ दो लोगों के बीच, बल्कि परिवारों के भीतर, पीढ़ियों के बीच, शांत भावों और अनकहे आपसी समझ के माध्यम से मनाया जाता है।

### अभिनेता के लिए चुनौतीपूर्ण होता है

अभिनेता ने आगे फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा कि जब मैंने 'ये प्रेम मोल लिया' के बारे में सुना, तो मैं इसकी भावनात्मक सादगी और ईमानदारी से बहुत प्रभावित हुआ। सूरज जी के लेखन में मुझे जो बात सबसे अच्छी लगती है, वह यह है कि खामोशी में भी गहरा अर्थ छिपा होता है। पर्दे पर रिश्तों को गढ़ने के उनके तरीके में गरिमा, संयम और गर्माहट झलकती है। एक अभिनेता के रूप में यह चुनौतीपूर्ण और संतोषजनक दोनों है, क्योंकि आपको अपने अभिनय को संयमित रखते हुए भी भावनात्मक रूप से मौजूद रहना होता है।

### आयुष्मान और शरवरी को सराहा

राजश्री प्रोडक्शन का हिस्सा बनने पर स्वानंद का कहना है कि राजश्री फिल्म का हिस्सा होना अपने आप में एक अलग ही अनुभव है। यह बैनर एक खास पवित्रता और अच्छाई में विश्वास का प्रतीक है। ऐसी टीम के साथ काम करना बेहद ताजगी भरा है, जो दिखावे के बजाय भावनात्मक ईमानदारी को महत्व देती है। आयुष्मान और शरवरी के साथ स्क्रीन शेयर करना भी एक खूबसूरत अनुभव रहा है। दोनों ही अपने अभिनय में एक अलग ही अंदाज और संवेदनशीलता लाते हैं।



# रकुल प्रीत सिंह ने कॉल शीट और पेमेंट को लेकर की बात

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक की फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने साउथ सिनेमा और बॉलीवुड में तकनीकी अंतर के बारे में बताया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक पॉडकास्ट का वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्होंने साउथ और बॉलीवुड में शूटिंग के फर्क पर खुलकर बात की। रकुल ने बताया कि मुंबई में कॉल शीट का समय आमतौर पर सुबह 6 बजे या 7 बजे से शाम 6 बजे तक होता है। उन्होंने इस फर्क को समझाते हुए कहा कि दोनों इंडस्ट्री में काम करने का अनुभव बहुत अलग-अलग रहा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि पूरी दुनिया में फिल्म बनाने की प्रक्रिया लगभग समान है, लेकिन साउथ सिनेमा और हिंदी सिनेमा के तकनीकी कामों में फर्क है। उन्होंने कहा, 'तेलुगु फिल्मों में शाम 6 बजे के बाद शूटिंग नहीं की जाती है। मुझे नहीं पता कि अब भी यह नियम है या नहीं क्योंकि पिछले दो-तीन साल से मैंने कोई तेलुगु फिल्म नहीं की है। पहले हम सिर्फ शाम 6 बजे तक ही शूटिंग करते थे। उन्होंने हिंदी सिनेमा की शूटिंग टाइम को लेकर कहा, 'जब मैं मुंबई आई, तो मुझे अचरज हुआ कि यहां रात में भी लंबी शूटिंग होती है। साउथ में अगर रात की शूटिंग होती भी है, तो वह आमतौर पर शाम 6 बजे से रात 2 बजे तक सीमित रहती है, न कि सुबह 6 बजे तक।' अभिनेत्री ने बातचीत में हिंदी सिनेमा के यूनियन नियमों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'यहां कुछ यूनियनों के नियमों के मुताबिक तय समय के बाद ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं। शाम 6 बजे के बाद शूटिंग करने पर डेढ़ गुना पेमेंट करना पड़ता है। रात 9 बजे के बाद पेमेंट दोगुना ज्यादा हो जाता है और अगर रात 2 बजे के बाद भी शूटिंग जारी रखी जाए, तो तीन गुना पैसे देने पड़ते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'यही कारण है कि फिल्म निर्माण से जुड़े लोगों को तीन गुना ज्यादा पैसे मिलते हैं क्योंकि यह समय लोगों के लिए सही नहीं माना जाता है। शुरुआती सालों में जब मैं दोनों जगहों पर आती-जाती थी, तो सोचती थी कि यहां इतनी देर तक शूटिंग क्यों की जा रही है। मुझे पता नहीं था कि यहां साउथ वाले नियम लागू नहीं होते। इसलिए यहां शूटिंग सुबह जल्दी शुरू कर दी जाती है।

# खुश हूं कि कम उम्र में शादी नहीं की



कृतिका कामरा ने करियर की शुरुआत टीवी सीरियल से की थी, वह टीवी की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक थीं लेकिन अचानक ही सबकुछ छोड़ दिया। टीवी से फिल्मों और वेब सीरीज की तरफ रुख किया। धीरे-धीरे वह यहां भी अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। हालिया रिलीज सीरीज 'मटका किंग' में वह विजय वर्मा के अपोजिट नजर आईं। साथ ही टीवी प्रेजेंटर गौरव कपूर से की गई उनकी सादगी भरी शादी भी खूब चर्चा में रही। कृतिका कामरा ने अपने शुरुआती करियर, पर्सनल लाइफ को लेकर लंबी बातचीत की है। कृतिका कामरा ने 37 साल की उम्र में गौरव कपूर से शादी की है। इतनी देर से शादी करने पर वह कहती हैं, 'मैं बहुत खुश हूं कि कम उम्र में शादी नहीं की। कम उम्र में हमारी सोच अलग होती है। खासकर छोटे शहरों में लड़कियों की जल्दी शादी हो जाती है। मेरी कई दोस्तों की काफी पहले शादी हो चुकी है, उनके बच्चे भी हैं। ऐसे माहौल में करियर को उतनी अहमियत नहीं दी जाती। लेकिन मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि मेरे पैरेंट्स ने मुझ पर कभी किसी तरह का दबाव नहीं डाला। उन्होंने कभी यह नहीं पूछा कि शादी कब करोगी? उन्होंने हमेशा मुझे और मेरे भाई को बराबरी से पाला है।' कृतिका कामरा बताती हैं कि टीनएज में उनकी सोच भी रोमांटिक किस्म की थी। लेकिन वक्त के साथ नजरिया बदल गया। वह कहती हैं, 'टीनएज में हम जो देखते-सुनते हैं, उसी से हमारी सोच बनती है। फिल्में, गाने और आसपास का माहौल एक तरह का रोमांटिक नजरिया बना देते हैं। मैं खुद भी काफी रोमांटिक हूं। एक्टर होने के नाते ये चीजें और गहराई से महसूस करती हूं। लेकिन समय के साथ यह सोच बदलती है। आप अपनी जिंदगी के अनुभवों से सीखते हैं। अपने और दूसरों के रिश्तों को बनते-बिगड़ते देखते हैं और धीरे-धीरे चीजों को अलग नजरिए से समझने लगते हैं।



# एक्ट्रेस सोनम बाजवा की नई फिल्म पर रोक

चंडीगढ़ में एक्ट्रेस सोनम बाजवा की फिल्म 'पिट सियापा' विवाद में घिर गई है। कॉपीराइट विवाद के चलते चंडीगढ़ कोर्ट ने फिलहाल फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी है। यह फिल्म 1 मई को सिनेमा घरों में रिलीज होनी थी। जानकारी के अनुसार, राइटर राजन नंदन का दावा है कि फिल्म की कहानी उनकी लिखी हुई स्क्रिप्ट पर आधारित है। उन्होंने बताया कि इस स्क्रिप्ट को साल 2021 में रजिस्टर कराया गया था। 27 मार्च 2026 को जब फिल्म 'पिट सियापा' का प्रोमो रिलीज हुआ, तब उन्हें पता चला कि फिल्म की कहानी उनकी स्क्रिप्ट से मिलती-जुलती है। इसके बाद 1 अप्रैल 2026 को उन्होंने फिल्म से जुड़े पक्षों को लीगल नोटिस भेजा। मामला बढ़ने पर चंडीगढ़ कोर्ट में कॉपीराइट को लेकर याचिका दायर की। प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। अब इस मामले में अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी, जहां कोर्ट आगे की कार्रवाई पर निर्णय लेगा।



# मैं एक साथ कई फिल्में नहीं करता

निर्देशक प्रशांत नील की जूनियर एनटीआर स्टारर फिल्म, जिसे अभी 'ड्रैगन' के नाम से जाना जा रहा है, अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चाओं में है। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ मलयालम स्टार टोविनो थॉमस के भी होने की चर्चाएं चल रही थीं। लेकिन अब टोविनो थॉमस ने इन चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। टोविनो फिल्म का हिस्सा हैं या नहीं इसको लेकर उन्होंने अब स्थिति साफ कर दी है। हैदराबाद में अपनी मलयालम फिल्म 'पल्लीचट्टाम्बी' के प्रमोशन के दौरान टोविनो थॉमस ने स्पष्ट किया कि वो प्रशांत नील और जूनियर एनटीआर की फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने बताया कि शेड्यूल में टकराव के कारण उन्होंने 'ड्रैगन' छोड़ दी। एक्टर ने कहा कि डेट्स मिलना बहुत मुश्किल है, इसलिए मैं यह फिल्म नहीं कर रहा हूं। मैं एक साथ कई फिल्में नहीं करता। मलयालम में हम एक ही शेड्यूल में फिल्म पूरी कर लेते हैं। लेकिन तेलुगु में, एक प्रोजेक्ट में लगभग एक साल लग जाता है। मैं तीन महीने दे सकता हूं, पूरा साल नहीं।

### 25 जून को रिलीज होनी है फिल्म

एनटीआर-नील के नाम से मशहूर इस तेलुगु फिल्म को फिलहाल 'ड्रैगन' के नाम से पहचाना जा रहा है। यह तेलुगु सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म को 25 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होना है। हालांकि, फिल्म के आगे बढ़ने और टलने की भी खबरें सामने आईं, लेकिन अभी तक मेकर्स की ओर से इसकी कोई घोषणा नहीं की गई है। फिल्म में जूनियर एनटीआर के अलावा रुक्मिणी वसंत और अनिल कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### 'वॉर 2' में नजर आए थे जूनियर एनटीआर

जूनियर एनटीआर आखिरी बार ऋतिक रोशन के साथ 'वॉर 2' में नजर आए थे। इस फिल्म से उन्होंने बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया है। यह यशराज के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। हालांकि, फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था।






साल 2024 में आई 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने भारतीय सिनेमा में 'इंसान और मशीन' के रिश्ते पर एक एक्सपेरिमेंट पेश किया था। करीब 133.64 करोड़ के ग्लोबल कलेक्शन के साथ फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर मजबूत पकड़ बनाई। अब खबरें हैं कि इसका सीक्वल यानी 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 2' जल्द ही अपने अगले फेज में एंटर करने वाला है।

# तेरी बातों में ऐसा...2 में दिखेगा टेक्नोलॉजी और भावनाओं का संघर्ष

मैडॉक फिल्म्स ने इस फ्रेंचाइज को आगे बढ़ाने के लिए राइटिंग टीम को एक्टिव कर दिया है। स्क्रिप्ट पर तेजी से काम चल रहा है और मेकर्स अगस्त 2026 तक इसे फाइनल करने का प्लान बना रहे हैं। फिल्म 2027 की पहली छमाही में फ्लोर पर जा सकती है।

### फिल्म के दौरान क्रिएटिव चर्चा भी खूब करते थे शाहिद

शूटिंग के दौरान शाहिद सिर्फ एक एक्टर नहीं, बल्कि क्रिएटिव चर्चा का अहम हिस्सा भी थे। वे रोबोटिक्स की विश्वसनीयता पर लगातार सुझाव देते रहे। वहीं कृति के लिए 'सिफ्रा' का किरदार चुनौतीपूर्ण रहा, जहां उन्हें मशीन और इंसान के बीच संतुलन बनाना था। सीक्वल में उनके किरदार का फोकस 'मशीन इमोशंस' के डेवलपमेंट पर रहेगा।

### 2027 तीनों स्टार्स के लिए बड़ा, आएंगे कई प्रोजेक्ट

बता दें कि साल 2027 शाहिद, कृति और जाह्नवी के करियर के लिहाज से भी अहम रहने वाला है। जहां शाहिद एक्शन और थ्रिलर जॉनर में अपनी पकड़ मजबूत करने की तैयारी में हैं, वहीं कृति अपने प्रोडक्शन हाउस 'ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स' के तहत नए प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं। दूसरी ओर, जाह्नवी पैन-इंडिया और साउथ प्रोजेक्ट्स के जरिए अपने करियर को नए स्तर पर ले जाने की रणनीति पर काम कर रही हैं। दिनेश विजन के लिए भी यह सीक्वल एक सुरक्षित दांव होगा। ट्रेड एक्सपर्ट्स मानते हैं कि सीक्वल का मुख्य थीम 'मैन वर्सेस मशीन' का क्लैश होगा। AI और ह्यूमनॉइड रोबोट्स के बढ़ते प्रभाव के बीच फिल्म इस फिक्शन को हकीकत से जोड़ने की कोशिश करेगी। कोडिंग के जरिए रोबोट्स में जज्बात डालने की कोशिश और उससे पैदा होने वाली गड़बड़ियां कहानी में नया रोमांच जोड़ेंगी।

### जाह्नवी कपूर की एंट्री से बढ़ेगा फिल्म का स्केल

पहले पार्ट के अंत में जाह्नवी कपूर की एंट्री ने जो सस्पेंस छोड़ा था, वह सीक्वल में बड़ा मोड़ लेने वाला है।
इस बार शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ जाह्नवी एक अहम भूमिका में दिखेंगी, जिससे कहानी का स्केल दोनों बढ़ने की उम्मीद है।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### भोपाल में जुटेंगे देशभर के विशेषज्ञ, संक्रमण पर होगा मंथन

**भोपाल।** आज के समय में संक्रमण केवल एक सामान्य बीमारी नहीं रह गया है, बल्कि यह स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने बड़ी चुनौती बन चुका है। अस्पतालों में होने वाले संक्रमण, एंटीबायोटिक दवाओं के बढ़ते दुरुपयोग, बदलते बैक्टीरिया और नई वायरल बीमारियों ने इलाज को और जटिल बना दिया है। इसी को ध्यान में रखते हुए राजधानी भोपाल एक बार फिर देश के बड़े मेडिकल आयोजनों का केंद्र बनने जा रही है। 25 और 26 अप्रैल 2026 को शहर के जहांनुमा पैलेस में भोपाल इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं गैस्ट्रोकेयर मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा 11वां एनुअल नेशनल कॉन्फ्रेंस बिग अपडेट 2026 इंफेकॉन आयोजित किया जाएगा। इस बार सम्मेलन की थीम संक्रमण को समझना और बेहतर उपचार की दिशा तय करना रखी गई है। देशभर से आने वाले विशेषज्ञ डॉक्टर, सर्जन और चिकित्सा शोधकर्ता इसमें भाग लेंगे। कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. संजय कुमार ने कहा, संक्रमण के खिलाफ लड़ाई केवल दवाओं से नहीं, सही जानकारी और सही समय पर उपचार से जीती जाती है। उन्होंने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य मरीजों तक बेहतर इलाज पहुंचाने के लिए डॉक्टरों को नवीनतम चिकित्सा ज्ञान और तकनीकों से जोड़ना है। भारत जैसे बड़े देश में संक्रमण से जुड़ी बीमारियां आज भी लाखों लोगों को प्रभावित करती हैं। पेट, लिवर, आंत, फेफड़े और शरीर के अन्य अंगों में संक्रमण कई बार गंभीर रूप ले लेता है। समय पर पहचान और सही इलाज से ऐसी जटिलताओं को रोका जा सकता है। यही कारण है कि इस वर्ष कॉन्फ्रेंस को संक्रमण विषय पर केंद्रित किया गया है। जब डॉक्टर सीखना बंद कर देता है, तब उपचार आगे बढ़ना बंद हो जाता है। इसलिए निरंतर अपडेट रहना जरूरी है।

### सिर पर चोट या हार्ट अटैक... 30 वर्षीय एक्ट्रेस दिव्यांका सिरोही की कैसे हुई मौत?

**गाजियाबाद, एजेंसी।** राजनगर एक्सटेंशन की सोसायटी में रहने वाली हरियाणवी अदाकारा





दिव्यांका सिरोही का 30 वर्ष की उम्र में मंगलवार देर रात को निधन हो गया। वह घर पर अचानक चक्कर आने के बाद गिर गईं। जिससे उन्हें चोट भी लग गई। बताया जा रहा है कि दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हुई है। हालांकि मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। बुधवार को परिवार ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया है। मूल रूप से बुलंदशहर निवासी दिव्यांका सिरोही ने मेरठ स्थित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से बीसीए की पढ़ाई की थी। सिक्किम से एमबीए की डिग्री हासिल की। वर्तमान में वह गाजियाबाद की सोसायटी में रहती थी। उन्होंने सुनंदा शर्मा के मशहूर गाने मेरी मम्मी नू पसंद नी तू पर एक वीडियो बनाया था जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इस वीडियो को दो करोड़ व्यूज मिले थे। इसके बाद उन्हें हरियाणवी म्यूजिक इंडस्ट्री में काम करने का मौका मिला। दिव्यांका 50 से ज्यादा हरियाणवी गानों में काम किया। उन्होंने मासूम शर्मा के साथ कई गानों में काम किया। मंगलवार देर रात उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह चक्कर खाकर फर्श पर गिर गईं। जिसमें उनके सिर पर गहरी चोट लगी। स्वजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस का कहना है कि दिव्यांका की मौत के बारे में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। इस संबंध में कोई शिकायत भी नहीं दी गई है। दिव्यांका ने सिरसा के जेसीडी में लाइव शो में सिंगर मासूम शर्मा के साथ मंच साझा किया था। यहां उन्हें उन्हें नई पहचान मिली थी। जिसके बाद उनकी लोकप्रियता बढ़ती चली गई। अभिनय में कदम रखने से पहले वह नौकरी करती थीं। उन्होंने अभी शादी नहीं की थी। उनके निधन पर हरियाणवी कलाकारों में शोक की लहर है।

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने मालेगांव ब्लास्ट के अंतिम 4 आरोपियों को किया बरी? जांच एजेंसियों पर उठाए सवाल

**मुंबई, एजेंसी।** 2006 के मालेगांव बम ब्लास्ट केस में बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाते हुए अंतिम चार बचे आरोपियों के खिलाफ लगे आरोपों को रद्द कर दिया। अदालत ने महाराष्ट्र एटीएस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच में पाए गए गहरे अंतर्विरोधों को आधार बनाते हुए कहा कि इन दोनों जांचों के बीच कोई तालमेल नहीं है और यह मामला अब बंद होने की कगार पर पहुंच गया है।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति श्याम सी. चांडक की पीठ ने विशेष एनआईए अदालत के 30 सितंबर, 2025 के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें आरोपियों को आरोपमुक्त करने से इनकार किया गया था। हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि विशेष अदालत के आदेश में न्यायिक बुद्धि का प्रयोग नहीं दिखता है।

अदालत के इस फैसले के बाद अब इस मामले में कोई भी आरोपी मुकदमे का सामना नहीं कर रहा है। जिन चार लोगों को डिस्चार्ज किया गया है, उनके नाम मनोहर नरवरिया, राजेंद्र चौधरी, धन सिंह और लोकेश शर्मा हैं। ये चारों 2019 से जमानत पर थे। इससे पहले 2016 में विशेष अदालत ने उन नौ मुस्लिम लोगों को भी आरोपमुक्त कर दिया था जिन्हें शुरुआत में एटीएस ने गिरफ्तार किया था। हाईकोर्ट ने अपनी टिप्पणी में इसे एक रहस्य बताया कि एनआईए ने 2011 में जांच हाथ में लेने के बाद कोई नया ठोस सबूत क्यों नहीं जुटाया। अदालत ने पाया कि एनआईए ने मुख्य रूप से उन गवाहों और बयानों पर



भरोसा किया जिन्हें पहले ही वापस लिया जा चुका था।

8 सितंबर, 2006 को मालेगांव की एक मस्जिद और कब्रिस्तान के पास हुए विस्फोटों में 31 लोग मारे गए थे। शुरुआत में एटीएस और सीबीआई ने नौ मुस्लिम युवकों को आरोपी बनाया था। लेकिन बाद में एनआईए ने अपनी जांच का रुख बदला और एक हिंदू दक्षिणपंथी समूह की संलिप्तता का दावा किया। एनआईए का मामला पूरी तरह से परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित था। इसमें स्वामी असीमानंद के 2010 के उस बयान का हवाला दिया गया था जिसे उन्होंने बाद में वापस ले लिया था। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि जो गवाह अपने बयान से पलट जाता है, उसकी गवाही विश्वसनीय नहीं मानी जा सकती। कोर्ट ने आश्चर्य जताया कि ट्रायल कोर्ट ने एटीएस और सीबीआई द्वारा जुटाए गए फॉरेंसिक सबूतों और वॉयस सैंपल्स को कैसे नजरअंदाज कर दिया। पीठ ने कहा, 'एटीएस और एनआईए द्वारा पेश की गई दोनों कहानियों का किसी भी तरह मिलन संभव नहीं है। ये एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत हैं।' बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपने फैसले में लिखा कि एटीएस द्वारा जुटाए गए सबूत रिकॉर्ड से मिटाए नहीं जा सकते। कोर्ट ने सवाल किया कि एक ही अपराध के लिए दो अलग-अलग जांच एजेंसियां अलग-अलग आरोपियों के खिलाफ सबूत कैसे पेश कर सकती हैं? फैसले के अनुसार, 'आज की स्थिति में जांच दो विरोधाभासी दिशाओं में खड़ी है, जिसका कोई अंत नजर नहीं आता।' अदालत ने यह भी गौर किया कि एनआईए के पास ऐसा कोई गवाह नहीं था जिसने घटनास्थल पर इन चारों आरोपियों में से किसी की पहचान की हो। अधिकांश गवाह केवल सुनी सुनाई बातों पर आधारित थे।

### फ्लैट में पुलिस की छापामार कार्रवाई से मची भगदड़, गाजियाबाद में देह व्यापार का भंडाफोड़

**साहिबाबाद, एजेंसी।** टीला मोड़ थाना पुलिस ने तुलसी निकेतन स्थित एक फ्लैट में संचालित देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने महिला संचालिका समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 21 अप्रैल की रात छापेमारी कर चार युवतियों को रेस्क्यू किया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रात मुखबिर ने तुलसी निकेतन कालोनी में प्रथम तल स्थित एक फ्लैट में देह व्यापार संचालित होने की सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक महिला और व्यक्ति आपत्ति जनक स्थिति में मिले। फ्लैट में चार अन्य युवतियां भी थीं। जिन्हें रुपयों का लालच देकर बुलाया गया था। पुलिस ने देह व्यापार को संचालित करने वाली एक महिला, व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर संबंधित कार्रवाई की जा रही है। युवतियों को उनके स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।



### गुरुग्राम में वाहन की टक्कर से नाले में गिरा 12वीं का छात्र, मौत

**सोहना, एजेंसी।** रायसीना गांव के समीप हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 12वीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से छात्र सड़क किनारे बने नाले में जा गिरा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, टक्कर मारने वाले वाहन चालक की तलाश जारी है। मृतक की पहचान रायसीना निवासी विनीत के रूप में हुई है। विनीत अपने परिवार का इकलौता बेटा था और उसकी दो बहनें हैं। बताया जा रहा है कि उसने हाल ही में 12वीं कक्षा में




प्रवेश लिया था और पढ़ाई में भी अच्छा छात्र था। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, विनीत मोटरसाइकिल से सोहना ढाणी की ओर कुछ सामान लेने जा रहा था। गांव से कुछ दूरी पर पहुंचते ही एक अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क किनारे बने नाले में जा गिरा। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विनीत को नाले से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे में उसकी मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# गुरुग्राम की 16 कॉलोनियों में बुलडोजर ऐक्शन, बाजार में भी तोड़फोड़ की कार्रवाई

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने बुधवार को अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। भारी विरोध के बीच 16 कॉलोनियों में विभाग का बुलडोजर चला। डीटीपीई अमित मधोलिया के नेतृत्व में आठ टीमों ने यह कार्रवाई की गई। सेवानिवृत्त आईएएस, आईआरएस अधिकारियों समेत आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों की तरफ से किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।

डीटीपीई अमित मधोलिया ने पांचवें दिन डीएलएफ फेज-एक और फेज-दो में तोड़फोड़ की। करीब चार सौ मकानों के बाहर अतिक्रमण और अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। इन मकान मालिकों ने सीढ़ियां बनाकर, सिक्योरिटी गार्ड का रूम खड़ा करके, किचन गार्डन, ग्रिल और गमले रखकर कब्जा किया हुआ था। बुलडोजर की मदद से इन्हें तोड़ा गया।

एक हजार मकानों के बाहर से अतिक्रमण हटाया

डीएलएफ फेज-एक के अर्जुन मार्ग स्थित ई ब्लॉक में कुछ महिलाओं ने तोड़फोड़ की कार्रवाई का विरोध किया तो महिला पुलिस कर्मियों ने उन्हें खदेड़ दिया। डीएलएफ में एन ब्लॉक, गुलमोहर मार्ग, पी ब्लॉक में भी तोड़फोड़ की गई। एटीपी दिव्या दहिया ने साउथ सिटी-एक और ग्रीनवुड सिटी, एटीपी नवीन बरुआ ने पालम विहार, प्लानिंग असिस्टेंट विमल कुमार ने सुशांत लोक एक के ए-वन और डी ब्लॉक में, एटीपी कुलदीप ने मेफिल्ड गार्डन, निर्वाणा कंट्री,



साउथ सिटी-दो, उप्पल साउथ एंड और रोजवुड सिटी में बुलडोजर चलाया। एटीपी राहुल डाबरा ने सुशांत लोक-एक आदि में तोड़फोड़ की। एक हजार मकानों के बाहर से अतिक्रमण हटाया।

डीटीपीई अमित मधोलिया ने अर्जुन मार्ग स्थित डीएलएफ फेज-एक बाजार में तोड़फोड़ की। इस बाजार में अवैध रूप से चार जगह पर क्योसक लगाए हुए थे। मार्केट एसोसिएशन को चेतावनी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण मिला तो एसोसिएशन पर केस दर्ज करवाया जाएगा। डीटीपीई के पहुंचने की सूचना मिलने पर मार्केट के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। उन्होंने गैलरी में रखे सामान को अंदर रखना शुरू कर दिया।

नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के डीटीपीई अमित मधोलिया ने कहा कि गुरुवार को मुख्यालय में पांच दिन तक की गई तोड़फोड़ की जानकारी दी जाएगी। इन कॉलोनियों में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। जिन मकानों की स्टिल्ट पार्किंग में अवैध निर्माण तोड़फोड़ के दौरान मिला है, उन्हें नोटिस दिए जाएंगे। पुलिस ने अपराधियों और भू-माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत मानेसर के गांव कासन में बड़ी कार्रवाई की। आदतन अपराधी बलबीर उर्फ छल्ला द्वारा सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जों को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया गया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार, छल्ला के खिलाफ चोरी, अवैध वसूली और आबकारी अधिनियम के तहत आठ मामले दर्ज हैं। उसने सरकारी जमीन पर दुकानें, खोखे और झुग्गियां बनाकर किराया वसूलने का अवैध कारोबार खड़ा कर रखा था। आशंका है कि इन ठिकानों का इस्तेमाल आपराधिक गतिविधियों में भी हो रहा था।

## नोएडा में श्रमिकों से हिंसा करवाया बिगुल दस्ता ने, क्रांतिकारी कम्युनिस्ट ग्रुप का एनसीआर से बंगाल तक नेटवर्क

**नोएडा, एजेंसी।** क्रान्तिकारी कम्युनिस्ट ग्रुपों को एकजुट करने और नये सिरे से इन्क़लाबी पार्टी बनाने की कोशिशों को तेज़ करने के लिए अप्रैल 1996 में 'बिगुल' की शुरुआत हुई थी। मजदूर बिगूल दस्ता मार्क्स के वर्ग संघर्ष के सिद्धांत के पदचिन्हों पर चल रहा है। एंगेल्स-लेनिन और माओ के विचार को समाहित करते हुए सरकार की नीति और कार्य पर सवाल खड़े कर रहा है। बिगुल अपने नेटवर्क का गोरखपुर से पानीपत तक और बंगाल से एनसीआर तक स्लीपर सेल के तौर पर संचालन कर रहा है। श्रमिकों की आवाज बनने के नाम पर विश्व के श्रमिक आंदोलन, हड़ताल, युद्धों को सहयोग कर देश विरोधी गतिविधियों को करने से भी नहीं चूक रहा है। नोएडा हिंसा भड़काने में भी बिगुल के सहयोग करने के साक्ष्य मिले हैं। इससे जुड़े सत्यम वर्मा, रूपेश राय, हिमांशु ठाकुर, समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। दिसंबर 2025 में गिग वर्कर्स को सहयोग करना सामने आया है। पुलिस की जांच जारी है। बिगुल देश में चाहे हरियाणा पानीपत में 'इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन' की रिफाइनरी में प्रदर्शन हो, गोरखपुर के अंकुर उद्योग लिमिटेड परिसर में मजदूर हड़ताल हो या कोलकाता के आनन्दपुर



इलाके में वाउ मोमो और पुष्पांजलि डेकोरेटर्स के गोदामों में आग लगना हो, साथ ही विश्व के किसी कोने में कोई आंदोलन, हड़ताल और प्रदर्शन हो। बिगुल श्रमिक को जागरूक करने के नाम पर देश विरोधी गतिविधियों को भी संचालित कर रहा था। उसका नेपाल से भी जुड़ाव है। नोएडा पुलिस की जांच में इस तरह की बात उजागर हो रही है। बिगुल और इससे जुड़े संगठन के कार्यकर्ता स्लीपर सेल की तर्ज पर काम करते हुए मजदूरों को जोड़ रहे हैं। नोएडा हिंसा में भी 800-800 लोगों के क्यूआर कोड से बनाये ग्रुप में हिंसा भड़काने के मैसेज मिले हैं।

## फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में बंदर-भालू गैंग के तीन बदमाश गिरफ्तार, सिर मुंडवाकर निकाला जुलूस

**बल्लभगढ़, एजेंसी।** अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम मंगलवार देर रात को हिस्ट्रीशीटर बंदर व भालू गैंग के तीन सदस्यों आर्यन, हर्ष और सेविन को गिरफ्तार कर लिया। ये तीनों 17 अप्रैल की सुबह प्रवीण लोहिया नामक युवक की दोनों टांग तोड़े जाने के मामले में शामिल थे। पुलिस तीनों का सिर मुंडवाकर अपराध शाखा प्रांगण से पैदल ही उस घटनास्थल तक लेकर गई, जहां टांगें तोड़ी गई थी। वारदात के मास्टरमाइंड बंदर व भालू अभी फरार है। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस जगह जगह छापामारी कर रही है। दरअसल, 17 अप्रैल को गिरफ्तार आरोपितों ने बंदर व भालू के कहने पर जमीन के विवाद में भीकम कॉलोनी निवासी प्रवीण लोहिया की दोनों टांग हथौड़े और डंडों से वार करके तोड़ी थी।

प्रवीण के स्वजनों का कहना है कि हमले के बाद पैर जिस स्थिति में हैं, उसे डॉक्टर ठीक नहीं कर पा रहे। यदि कामयाबी नहीं मिली तो दोनों पैर काटने पड़ सकते हैं। पुलिस ने एक्शन लेते हुए हमले में शामिल उपरोक्त तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन मुख्य आरोपित अभी तक फरार है। पुलिस जांच में सामने आया कि जिस 200 गज जमीन को लेकर झगड़ा हुआ है वो सरकारी जमीन है। बंदर-भालू व प्रवीण दोनों उस जमीन पर अपना कब्जा चाहते हैं। अभी प्रवीण ने वहां कब्जा किया हुआ है। इसी विवाद के चलते



आरोपितों ने प्रवीण पर हमला किया था।

बता दें, सेक्टर-16 में पांच महीने पहले भी बंदर-भालू गैंग के बदमाशों ने जिम से घर लौट रहे युवक राहुल पर हमला कर दिया था। हमलावरों ने युवक को हथौड़े, लाठी और डंडों से पीट-पीटकर उसके दोनों पैर तोड़ दिए थे। अजरौंदा गांव का रहने वाला राहुल रोजाना सुबह सेक्टर-16 में जिम जाता था। जिम से वह घर लौटने लगा, तभी गांव के रहने वाले शक्ति, लक्ष्य और अनीस 12-15 साथियों के साथ वहां पहुंचे और अचानक राहुल पर हमला बोल दिया था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ था कि बंदर व भालू के कहने पर राहुल पर हमला हुआ था।

# बद्रीनाथ धाम में आस्था का माहौल, देश-विदेश से श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**चमोली , एजेंसी।** उत्तराखंड की पवित्र धरती पर इस समय माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उत्साह से भरा हुआ है। गुरुवार को बद्रीनाथ धाम के कपाट विधिवत रूप से खोल दिए गए। इसके बाद से हजारों श्रद्धालु देश-विदेश से यहां पहुंच रहे हैं और हर तरफ आस्था, उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि अब चारों धाम (यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ) के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी धामों में यात्रियों के लिए पूरी व्यवस्था की गई है, ताकि किसी को किसी तरह की परेशानी न हो। सीएम ने बताया कि इस बार यात्रा शुरू होने से पहले और पिछले सालों में लगातार बर्फबारी होती रही, लेकिन इसके बावजूद सरकार और प्रशासन ने सभी इंतजाम समय रहते पूरे कर लिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पूरा उत्तराखंड तैयार है। चाहे सड़क हो, स्वास्थ्य सेवाएं हों, रहने की व्यवस्था हो या सुरक्षा, हर जगह प्रशासन पूरी मेहनत से काम कर रहा है। आने वाले सभी भक्तों का स्वागत और अभिनंदन है और उम्मीद है कि सभी की यात्रा सुखद और सफल होगी।

सीएम धामी ने बद्रीनाथ धाम का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि यह भगवान बद्री विशाल की पवित्र नगरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 में इस धाम के विकास के लिए एक मास्टर प्लान तैयार करवाया था, जिस पर तेजी से काम चल रहा है। अब बद्रीनाथ धाम का स्वरूप धीरे-धीरे बदल रहा है और इसे 'भव्य बद्री, दिव्य बद्री' के रूप में विकसित किया जा रहा है। हालांकि, इसके साथ ही इसकी धार्मिक




पवित्रता और मूल स्वरूप को पूरी तरह सुरक्षित रखा जा रहा है।

उन्होंने माणा गांव का भी उल्लेख किया, जिसे पहले भारत का अंतिम गांव कहा जाता था। सीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री खुद यहां आ चुके हैं और इसके बाद इस गांव का तेजी से विकास हुआ है। अब इसे 'पहला गांव' के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां की मातृशक्ति ने भी कमाल का काम किया है और वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देते हुए कई महिलाएं आज 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं।

सीएम ने श्रद्धालुओं से यह भी अनुरोध किया कि वे केवल चारधाम तक ही सीमित न रहें, बल्कि आसपास के धार्मिक और प्राकृतिक स्थलों का भी भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि यह पूरा क्षेत्र केवल यात्रा का स्थान नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है। यहां आकर व्यक्ति को एक अलग ही अनुभव मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि हिमालय पूरे देश का आध्यात्मिक मंच है, जहां से निकली बातें पूरे देश और दुनिया में जाती हैं। इसलिए यहां आकर व्यक्ति को जीवन का वास्तविक अर्थ समझने का अवसर मिलता है।

इसी बीच शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने भी बद्रीनाथ पहुंचे। उन्होंने कहा कि देवताओं ने एक बार फिर मनुष्यों को भगवान के मंदिर में पूजा करने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि यह मनुष्य जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य है कि हमें भगवान के निजी निवास में पूजा का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि आज सुबह सवा 6 बजे विधि विधान के साथ भगवान बद्रीनाथ के कपाट खोले गए। अब चारों धाम के कपाट खुल चुके हैं और श्रद्धालु दर्शन के लिए आ सकते हैं। उन्होंने देशभर के श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि यदि मन में यात्रा की इच्छा हो तो उसे दबाएं नहीं, बल्कि पूरी तैयारी के साथ आएं।

लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि यह यात्रा केवल भौतिक आनंद के लिए नहीं, बल्कि आध्यात्मिक शांति और अनुभव के लिए है। यहां आकर व्यक्ति को संयम, श्रद्धा और भक्ति के साथ दर्शन करना चाहिए। उन्होंने हिमालय को पूरे देश का मंच बताते हुए कहा कि यहां से निकली हर बात दूर तक जाती है, इसलिए यहां का अनुभव बहुत गहरा होता है।

पांडु क्षेत्र की महिला मंगल दल अध्यक्ष बिना पवार ने बताया कि बद्रीनाथ धाम के कपाट छह महीने के लिए खुले हैं। हर साल की तरह इस बार भी कपाट खुलने का इंतजार बड़े उत्साह से किया गया। इसी तरह संगीता मेहता ने बताया कि यह दिन उनके लिए बेहद खास है। उन्होंने कहा कि कपाट खुलने के अवसर पर उन्होंने महिला मंगल दल के साथ मिलकर भजन, कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। उन्होंने बताया कि यह परंपरा हर साल श्रद्धा के साथ निभाई जाती है।

एक अन्य कलाकार श्रद्धापति ने बताया कि उन्होंने अभिषेक यादव के साथ मिलकर देवनागरी लिपि में बद्रीनाथ धाम के स्टकचर के ऊपर कैलीग्राफी की। उन्होंने कहा कि उन्होंने इससे पहले सबसे ऊंचे शिव मंदिर तृतीय केदार तुंगनाथ जी में विश्व रिकॉर्ड बनाया था और अब बद्रीनाथ धाम में अपनी कला दिखाने का मौका मिलना उनके लिए गर्व की बात है।

श्रद्धालुओं ने भी अपने अनुभव साझा किए। एक महिला श्रद्धालु ने बताया कि उनकी शादी को अभी दो महीने ही हुए हैं और उनके पति उन्हें पहली बार सीधे बद्रीनाथ धाम लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले वह कभी कहीं नहीं गई थीं और यह यात्रा उनके लिए बेहद भावुक और यादगार है।

# साउथ अफ्रीका ने भारत से टी-20 सीरीज जीती



## कप्तान वोल्वार्ट का 47 गेंद में शतक; 193 रन का टारगेट 21 बॉल रहते हासिल किया

**डरबन (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका महिला टीम ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज जीत ली है। तीसरे मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने भारत को 8 विकेट से हराकर 3-0 की अजेय बढ़त बनाई। टीम ने टी-20 इंटरनेशनल में अपना सबसे बड़ा टारगेट चेज (193 रन) किया। कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ने 47 गेंदों में शतक जड़ा, जो उनके करियर की सबसे तेज सेंचुरी है।

### कप्तान वोल्वार्ट और सुने लुस की रिकॉर्ड पार्टनरशिप

साउथ अफ्रीका की जीत में लॉरा वोल्वार्ट और सुने लुस की 183 रनों की साझेदारी अहम रही। वोल्वार्ट ने 115 रन बनाए, जबकि सुने लुस ने 42 गेंदों पर 64 रन बनाकर साथ दिया। टीम ने 193 रनों का लक्ष्य 16.3 ओवर में हासिल कर लिया।

**भारत ने बनाया था अपना हाईएस्ट स्कोर, फिर भी हार मिली** – टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 192/9 का अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया था। शेफाली वर्मा ने अच्छी शुरुआत दी, लेकिन स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स के जल्दी आउट होने से पारी लड़खड़ा गई थी।

### हरमनप्रीत की कप्तानी पारी, अंतिम ओवर में जड़े दो छक्के

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला टी-20 अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 38 गेंदों में 66 रन बनाए। आखिरी ओवर में उन्होंने तुमी सेखुखुने की गेंदों पर दो छक्के लगाए। उन्होंने ऋचा घोष के साथ 26 गेंदों में 51 रनों की पार्टनरशिप की, जिससे भारत 190 के पार पहुंच सका।

### वोल्वार्ट को मिले दो जीवनदान, भारत को पड़ा भारी

193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते समय वोल्वार्ट को भारतीय फील्डर्स ने दो मौके दिए। 31 रन पर स्मृति मंधाना ने उनका कैच छोड़ा। 85 रन पर कप्तान हरमनप्रीत कौर से भी कैच छूट गया। वोल्वार्ट ने इसका फायदा उठाते हुए 84 रन लेग साइड पर बनाए, जिसमें उनके सभी छक्के शामिल थे।

### अरुंधति रेड्डी की चोट ने बढ़ाई टीम इंडिया की टेंशन

मैच के दौरान अरुंधति रेड्डी चोटिल होकर मैदान से बाहर चली गईं। उन्हें साइड स्ट्रेन (कमर के पास खिंचाव) हुआ। 10वें ओवर में दो गेंदें फेंकने के बाद उन्हें मेडिकल मदद लेनी पड़ी। उन्होंने ओवर पूरा किया, लेकिन बाद में फील्डिंग के लिए नहीं आईं। उनकी जगह उमा छेत्री और बाद में अनुष्का शर्मा ने फील्डिंग की। अमनजोत कौर पहले से ही बैक इंजरी के कारण बाहर हैं।

### वर्ल्ड कप की तैयारियों में जुटी साउथ अफ्रीका

जून में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले साउथ अफ्रीका की यह लगातार तीसरी सीरीज जीत है। इस सीजन में उन्होंने अपने घर में आयरलैंड, पाकिस्तान और भारत को हराया है। वोल्वार्ट और सुने लुस की ओपनिंग जोड़ी ने इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन कर वर्ल्ड कप के लिए दावेदारी मजबूत की है।



# इंटर मियामी का जलवा बरकरार, 8 मैचों की अजेय लय कायम

**मियामी (एजेंसी)।** इंटर मियामी सीएफ ने एमएलएस मुकाबले में रिले साल्ट लेक को 2-0 से हराकर लगातार अपनी अजेय लय को 8 मैचों तक बढ़ा दिया। यह जीत टीम के लिए खास रही, क्योंकि उसने इस सीजन में बाहर (2-4) मैदान पर भी शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

### पहले हाफ में कड़ी टक्कर

मैच का पहला हाफ काफी प्रतिस्पर्धी रहा और दोनों टीमों को गोल करने के ज्यादा मौके नहीं मिले। लियोन मेस्सी ने 22वें मिनट में शानदार मौका बनाया, लेकिन उनका शॉट गोलकीपर ने बचा लिया। इसके चलते हाफ टाइम तक स्कोर 0-0 रहा।

### दूसरे हाफ में बदला मैच का रुख

दूसरे हाफ में मैच ने रोमांचक मोड़ लिया। 59वें मिनट में इंटर मियामी के गोलकीपर ने शानदार बचाव कर टीम को बढ़त लेने से बचाया। इसके बाद टीम ने आक्रामक खेल दिखाया।

### दे पॉल और सुआरेज़ ने दिलाई जीत

82वें मिनट में डी पुल ने लंबी दूरी से शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके ठीक एक मिनट बाद 83वें मिनट में लुईस सुरेज ने दमदार हाफ वॉली के जरिए दूसरा गोल दागकर जीत पक्की कर दी।

# हरमनप्रीत कौर ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

## कप्तान के तौर पर टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया



**जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टी-20 क्रिकेट में कप्तान के तौर पर 3000 रन पूरे कर लिए हैं, और इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली कप्तान बन गई हैं। हरमनप्रीत ने यह उपलब्धि गुरुवार को जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी टीम के तीसरे टी-20 मैच के दौरान हासिल की। ??उन्होंने 38 गेंदों में 66 रन बनाए जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल थे, और उनका स्ट्राइक रेट 173.68 रहा। हरमनप्रीत ने अब टी-20 में कप्तान के तौर पर 138 मैचों और 125 पारियों में 32.79 की औसत से 3,017 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं। उनकी सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी श्रीलंका की चमारी अटापट्टू हैं, जिन्होंने 108 मैचों और 107 पारियों में 30.16 की औसत से 3,016 रन बनाए हैं जिसमें तीन शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं।

# अभी नहीं, लेकिन फिर कोचिंग करूंगा



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के महान टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने अपने रिटायरमेंट के बाद के कोचिंग अनुभव को लेकर खुलकर बात की है। मरे ने साफ किया कि वह भविष्य में फिर से कोचिंग करना चाहते हैं, लेकिन फिलहाल वह इस जिम्मेदारी के लिए तैयार नहीं हैं।

मरे, जिन्होंने रिटायरमेंट के बाद कुछ समय के लिए नोवाक जोकोविच के साथ काम किया, ने इस अनुभव को सीखने वाला बताया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'जोकोविच ने शायद मुझसे कुछ नहीं सीखा, लेकिन मैंने बहुत कुछ सीखा। मैं दोबारा कोचिंग करना चाहूंगा, लेकिन अभी नहीं।'

मरे ने बताया कि एक खिलाड़ी से कोच बनने का सफर काफी अलग होता है। उन्होंने कहा कि जोकोविच के साथ काम करने के दौरान उन्हें उनके खेल और रोजमर्रा की तैयारी को करीब से समझने का मौका मिला। उन्होंने कहा, 'मैं उनके खेल के बारे में पहले से काफी जानता था, क्योंकि वर्षों तक उनके खिलाफ खेला हूं। लेकिन कोच के तौर पर उनकी दिनचर्या को देखना एक अलग अनुभव था।'

### एंडी मरे ने भविष्य की योजनाओं पर खोला दिल

### कम्युनिकेशन है सबसे बड़ा हथियार

मरे ने यह भी स्वीकार किया कि कोचिंग में सबसे अहम चीज खिलाड़ी के साथ संवाद और समझ है। उन्होंने बताया कि एक पिता होने के नाते उनकी सोच में बदलाव आया है। उन्होंने कहा, 'कोचिंग में यह जरूरी है कि आप अपने खिलाड़ी को समझें और उसकी बात सुनें। मुझे लगता है कि बच्चों के साथ समय बिताने से मैं ज्यादा समझदार बना हूं।' मरे ने कहा कि जब आप खिलाड़ी होते हैं तो पूरी टीम आपके लिए काम करती है, लेकिन कोच के तौर पर आप टीम का एक छोटा हिस्सा होते हैं। उन्होंने समझाया, 'कोचिंग में आप टीम के साथ मिलकर काम करते हैं, जहां आपका मकसद एक खिलाड़ी को बेहतर बनाना होता है।' मरे ने नोवाक जोकोविच का समर्थन करते हुए कहा कि वह 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने की क्षमता रखते हैं। अपने करियर को लेकर मरे ने कहा कि उन्होंने टेनिस सिर्फ नतीजों के लिए नहीं, बल्कि अपने जुनून के लिए खेला। उन्होंने कहा, 'मैं चार-पांच साल पहले भी रिटायर हो सकता था, लेकिन मैंने खेलना जारी रखा क्योंकि मुझे टेनिस से प्यार था।'

### आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप

# भारत का जलवा कायम, एक दिन में 4 मेडल जीतकर बढ़ाई बढ़त

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के युवा निशानेबाजों ने जूनियर वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक ही दिन में 4 मेडल अपने नाम किए। इस दमदार प्रदर्शन के साथ भारत का कुल पदक टेली4- 7 पहुंच गया है, जो देश की मजबूत शूटिंग परंपरा को दर्शाता है।




**सीजल कांबले ने जीता सिल्वर** – सेजल कामली ने महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। फाइनल में उन्होंने 27 का स्कोर किया और दूसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में उन्होंने 580 का स्कोर कर टॉप किया था, जो उनकी शानदार फॉर्म को दर्शाता है।

**अन्य भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन** – इसी स्पर्धा में अंजली भागवत और परीशा गुप्ता भी फाइनल तक पहुंचीं। हालांकि दोनों खिलाड़ी पदक से चूक गईं और क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहीं। इसके बावजूद उनका फाइनल तक पहुंचना टीम के लिए सकारात्मक संकेत है।

# पाकिस्तानी ऑलराउंडर नवाज ड्रग टेस्ट पॉजिटिव पाए गए

## पीसीबी ने जांच शुरू की, टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान लिए गए सैंपल में फेल

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज ड्रग टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए हैं। मीडिया सूत्रों के मुताबिक यह सैंपल 2026 टी-20 वर्ल्डकप के दौरान लिया गया था। इस मामले में आईसीसी ने पीसीबी को जानकारी दी है और बोर्ड ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

### अंतिम फैसला आना बाकी

पीसीबी के प्रवक्ता ने बुधवार को कहा- आईसीसी ने इस मामले की जानकारी दी है और पीसीबी ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके नतीजे आज आईसीसी को बताए जाएंगे। फिलहाल जांच जारी है और अंतिम फैसला अभी नहीं आया है।




### आईसीसी गोपनीय तरीके से जांच कर रहा

नवाज के खिलाफ यह मामला आईसीसी की एंटी-डोपिंग प्रक्रिया के तहत चल रहा है। पॉजिटिव टेस्ट रिक्रिएशनल ड्रग (नशीली दवाएं) से जुड़ा है। आईसीसी ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है और पूरी प्रक्रिया गोपनीय तरीके से चल रही है।

### पॉजिटिव होने के बाद भी पीएसएल खेल रहे

नवाज जांच के बावजूद पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में खेलते हुए नजर आ रहे हैं। वे मुल्तान सुल्तांस की ओर से लगातार मैच खेल रहे हैं। हाल ही में कराची में रावलपिंडी के खिलाफ मैच में उन्होंने तीन ओवर फेंके, लेकिन कोई विकेट नहीं लिया।

### 98 टी-20 इंटरनेशनल खेल चुके

नवाज अब तक पाकिस्तान के लिए 98 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। टीम के व्हाइट-बॉल सेटअप में वह नियमित खिलाड़ी रहे हैं और अपनी लेफ्ट आर्म स्पिन और लोअर ऑर्डर बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं।
अगर जांच में एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो उन्हें सस्पेंशन या अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# गलती पर पछतावा: रोहित से बोले पूर्व चयनकर्ता- माफ करना बॉस

मुंबई। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा आज 38 साल की उम्र में भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनके करियर का एक बड़ा अफसोस 2011 वनडे वर्ल्ड कप से बाहर रहना रहा। उस टूर्नामेंट में एमएस धोनी की कप्तानी में भारत ने श्रीलंका को हराकर 28 साल बाद खिताब जीता था।

**पूर्व चयनकर्ता ने मांगी माफी** – भारत के पूर्व चयनकर्ता कृष्णमाचारी श्रीकांत (क्रिस श्रीकांत) ने अब इस फैसले पर अफसोस जताया है। क्रिकेट पंडित अयाज मेमन से बातचीत के दौरान उन्होंने रोहित से माफी मांगने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा, 'मुझे आज भी उसके लिए बुरा लगता है। मैंने रोहित से पिछले साल कहा था- मैं माफी चाहता हूं, बॉस। यह जानबूझकर नहीं किया गया था, लेकिन हम कुछ ऐसे खिलाड़ियों को लेना चाहते थे जो आधे ऑलराउंडर हों। हमारी सोच 1983 वर्ल्ड कप जैसी थी। आखिर में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट कौन था? युवराज सिंह। बैट और बॉल दोनों से उसने शानदार प्रदर्शन किया।



**'हाफ ऑलराउंडर' कॉन्सेप्ट ने छीना मौका** – श्रीकांत ने बताया कि उस समय टीम संयोजन में ऐसे खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी गई जो बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी योगदान दे सकें। उन्होंने कहा, 'हमारे पास वीरेंद्र सहवाग, सचिन तेंदुलकर, सुरेश रैना और यूसुफ पठान थे, जो कुछ ओवर डाल सकते थे। हरभजन के बैकअप के तौर पर अश्विन भी थे। यूसुफ पठान भी एक तरह के हाफ ऑलराउंडर थे। इसी सोच के चलते रोहित के लिए टीम में जगह नहीं बन पाई। वह 2011 वर्ल्ड कप खेलने के लिए पर्याप्त अच्छे थे, लेकिन दुर्भाग्य से वह मौका चूक गए।'

**युवराज सिंह की सलाह ने बदली दिशा** – तब 23 साल के रोहित को टीम से बाहर किए जाने की खबर मिली, तो यह उनके लिए बड़ा झटका था। उन्होंने बाद में इसे अपने करियर का टर्निंग पॉइंट बताया। उस मुश्किल दौर में युवराज सिंह ने रोहित का हौसला बढ़ाया। रोहित ने याद करते हुए बताया कि युवराज ने उन्हें अपनी कमजोरियों पर काम करने की सलाह दी और भरोसा दिलाया कि उनका क्रिकेट करियर लंबा है।

# कोहली की 'एक्स' ने सोशल मीडिया पर मचाया हंगामा

## कहा- कहानी बीते 12 साल हो चुके, लोग भूल क्यों नहीं रहे!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली एक बार फिर सोशल मीडिया विवाद में घिर गए हैं। हाल ही में एक इंस्टाग्राम पेज ने उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा, अभिनेत्री अवनीत कौर और कुछ अन्य मॉडलों के साथ एक पोस्ट शेयर किया, जिसने इंटरनेट पर हलचल मचा दी।

पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, 'वन थिंग अबाउट विराट कोहली - द मैन क्लियरली डजंट मिस, ऑन ऑर ऑफ द फील्ड। फ्रॉम इजाबेल लेइट टू अनुष्का शर्मा... एलीट टेस्ट इज जस्ट पार्ट ऑफ द ब्रांड।' पोस्ट का मतलब है- एक बात तो पक्की है कि विराट कोहली मैदान पर हों या मैदान के बाहर, कभी चूकते नहीं। इजाबेल लेइट से लेकर अनुष्का शर्मा तक... बेहतरीन पसंद उनके ब्रांड का हिस्सा है।'

इस पोस्ट में ब्राजीलियन मॉडल इजाबेल लेइट का नाम भी शामिल था, जिनका नाम पहले कोहली के साथ जोड़ा गया था। इस पर नाराजगी जताते हुए इजाबेल ने कमेंट किया, 'इस कहानी को 12 साल हो चुके हैं और गिनती जारी है। लोग आखिर इसे भूल क्यों नहीं सकते?'



बता दें कि कोहली और इजाबेल के बीच 2012 से 2014 तक रिलेशनशिप की खबरें सामने आई थीं। हालांकि बाद में दोनों अपने-अपने रास्ते बढ़ गए और इजाबेल अब अपने पति और बच्चों के साथ दोहा में रहती हैं। इजाबेल के साथ सड़क पर साथ चलने की कोहली की तस्वीर भी खूब वायरल हुई थी।

हाल फिलहाल में कोहली का नाम क्रिकेट के इतर खूब सुर्खियों में रहा है। दरअसल, सोशल मीडिया पर लाइक को लेकर विवाद में जर्मन कंटेंट क्रिएटर लिजलैज का नाम खूब उछला था। हाल ही में कोहली द्वारा उनकी एक पोस्ट लाइक करने की खबर सामने आई, जिसके बाद सोशल मीडिया पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया।

### मैदान के बाहर विवाद, मैदान पर फॉर्म बरकरार

जहां एक तरफ सोशल मीडिया पर विवाद जारी है, वहीं मैदान पर कोहली का प्रदर्शन शानदार बना हुआ है। आईपीएल 2026 में वह बेहतरीन फॉर्म में नजर आ रहे हैं। 37 वर्षीय बल्लेबाज अब तक छह मैचों में 247 रन बना चुके हैं, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। उनका औसत 49 और स्ट्राइक रेट 157 का रहा है।

कोहली की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और अब उनका अगला मुकाबला गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाला है। पिछला मैच टीम ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बेहद करीबी अंतर से गंवाया था।



## संक्षिप्त समाचार

### एमएलसी चुनाव को ले सभी कोषांगों के अफसरों के साथ हुई समीक्षा बैठक

**आरा**| जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में बुधवार को भोजपुर सह बक्सर स्थानीय प्राधिकारी क्षेत्र के उप निर्वाचन 2026 के सफल व निष्पक्ष संचालन को लेकर सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी व वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन से संबंधित विभिन्न तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मतदाता सूची के अद्यतन, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं, कार्मिकों की प्रतिनियुक्ति, प्रशिक्षण, सामग्री वितरण, विधि-व्यवस्था संधारण व आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सभी कोषांगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर निर्वाचन कार्यों को सुचारू तौर से संपन्न कराने पर विशेष बल दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन प्रक्रिया में सतर्कता व पारदर्शिता बनाए रखना अनिवार्य है।

### 33% महिला आरक्षण लागू हो : स्वदेश

**आरा**। भाकपा-माले का 58वां स्थापना दिवस एवं महान क्रांतिकारी नेता लेनिन की 156वीं जयंती के अवसर पर आरा सहित पूरे भोजपुर जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम आरा के क्रांति पार्क, पूर्वी नवादा में हुआ, जहां पार्टी के वरिष्ठ नेता व पोलित ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य ने झंडोत्तोलन किया। इसके बाद अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और केंद्रीय कमेटी के आह्वान का पाठ किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए स्वदेश भट्टाचार्य ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने की मांग दोहराई। उन्होंने वैश्विक हालात पर चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां उथल-पुथल भरी हैं और साम्राज्यवाद के खिलाफ संघर्ष तेज हो रहा है। उन्होंने अमेरिका-इजराइल की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि इसका असर भारत सहित कई देशों पर पड़ रहा है। जिला सचिव अभ्युदय ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव का प्रभाव भारतीय मजदूरों और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर असुरक्षा के माहौल में काम कर रहे हैं और देश में ईंधन व खाद की समस्या गहरा सकती है। कार्यक्रम का संचालन नगर सचिव सुधीर सिंह ने किया। मौके पर राज्य कमेटी सदस्य क्यामुदीन अंसारी, आइसा राज्य सचिव शब्बीर कुमार, दिलराज प्रीतम समेत कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गर्मी को लेकर आदेश: स्कूलों के समय में बदलाव

**आरा**| भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन भोजपुर ने सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों के संचालन समय में बदलाव को लेकर महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। यह आदेश जिला दंडाधिकारी भोजपुर द्वारा जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, जिले के सभी निजी/सरकारी विद्यालयों में कक्षा 5 तक तथा प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की शैक्षणिक गतिविधियां अब पूर्वाह्न 11:30 बजे के बाद संचालित नहीं होंगी। वहीं कक्षा 6 से 8 तक की कक्षाओं के लिए भी दोपहर 12:30 बजे के बाद शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने यह निर्णय वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए लिया है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है।

### 72 किशोरियों को लगा एचपीवी टीका

**कोईलवर**। महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे सर्वाइकल कैंसर के खतरे को देखते हुए टीका दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान के तहत कोईलवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को व्यापक स्तर पर टीकाकरण किया गया। इस दौरान पत्रकार नीरज कुमार की पुत्री वर्तिका कुमारी सहित कुल 72 किशोरियों को गार्डासिल टीका दिया गया। टीकाकरण कार्यक्रम प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उमेश कुमार सिंह की देखरेख में पूरी सावधानी और मानक प्रक्रिया के तहत संपन्न हुआ। टीका लगाने से पहले सभी किशोरियों के अभिभावकों की सहमति ली गई, जिससे अभियान के प्रति विश्वास और जागरूकता भी बढ़ी। अस्पताल मैनेजर शम्भू प्रसाद के अनुसार, कोईलवर सीएचसी को इस अभियान के तहत 2309 किशोरियों के टीकाकरण का लक्ष्य मिला है। अब तक लगभग 300 किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है, जबकि बुधवार को 72 किशोरियों को टीका दिया गया। स्वास्थ्यकर्मियों का कहना है कि आने वाले दिनों में इस अभियान को और तेज किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक किशोरियों को इसका लाभ मिल सके। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उमेश कुमार सिंह ने बताया कि एचपीवी संक्रमण गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर का मुख्य कारण है। ऐसे में समय पर लगाया गया एचपीवी टीका इस घातक बीमारी से बचाव का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में यह टीकाकरण भविष्य में महिलाओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाता है।

### ट्रेन से गिरकर छात्र की मौत

**आरा**। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर ट्रेन से गिरकर एक छात्र की मौत हो गई। पटना से घर लौटते समय हादसा हुआ है। मृतक राहुल कुमार नवादा थाना क्षेत्र के जवाहर टोला वार्ड नंबर-40 का रहने वाला था। घटना आरा रेलवे स्टेशन के पूरब साइड अप लाइन की है। चचेरे भाई अंशु कुमार ने बताया कि दोस्त सोनू और सन्नी के साथ घूमने के लिए पटना गया था। वहां से ट्रेन से वापस घर लौट रहा था। रास्ते में उसे नींद आ गई। आरा पहुंचने पर दोस्तों ने कहा चलो उठो, स्टेशन आ गया है। हड़बड़ी में वो नीचे उतरने लगया। बैलेंस बिगड़ने से नीचे गिर पड़ा। जिससे उसकी जान चली गई।

**घर में मचा कोहराम:** सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद रेल पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया है। चार भाई-बहन में सबसे छोटा था। परिवार में मां राजमुनी देवी, बहन पूजा कुमारी, पुष्पा कुमारी और आरती कुमारी है। मौत के बाद घर में कोहराम मच गया है। मां और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### टीचर की गोली मारकर हत्या

**आरा**। भोजपुर में नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी। काफी करीब से तीन गोली मारी गई है। कनपटी, दाहिने हाथ और सीने में बुलेट दागी गई है। मौके पर दम तोड़ दिया। घटना सिन्हा थाना क्षेत्र के तुलसी छपरा गांव की है। दिनदहाड़े इस वारदात के बाद एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान विश्वनाथ पाल के पुत्र नीरज पाल(38) के तौर पर हुई है। बड़हरा प्रखंड के फरहदा गांव स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय में नियोजित शिक्षक के पद पर कार्यरत थे।

**पड़ोसी से विवाद चल रहा था:** पत्नी प्रमिला देवी ने बताया कि आज सुबह शौच करने के लिए बधार की ओर गए हुए थे। रास्ते में चेहरे पर गमछा बांधे अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। पिछले छह महीने से पड़ोसियों से नाली निकालने को लेकर विवाद चल रहा है। हमलोग अपने जमीन पर नाली निकाले हुए थे, जिसका विरोध पड़ोसी कर रहे थे। पहले कई बार गाली-गलौज की गई थी। अंजाम भुगतने की धमकी दी गई थी। शौच कर जब वापस नहीं लौटे तो बेटे को फोन करने के लिए बोला, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। आवाज सुनकर अपने बेटा मोहित को बोला कि जाकर बाहर देखो लगता है कि गोली चली है। बेटा जाकर बाहर देखा तो उसके पिता को गोली मारी गई थी। घर से 500 मीटर की दूरी पर खून से लथपथ हालत में गिरे हुए थे। कनपटी में गोली मारी गई है।

**झगड़े की बात सामने आ रही है:** वहीं, घटना स्थल पर पहुंचे एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार ने बताया कि नीरज पाल हर रोज की तरह सुबह घर से निकले थे। रास्ते में घात लगाकर बैठे अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी है। परिवार के सदस्यों का कहना है कि नाली को लेकर विवाद हुआ था। जिसको लेकर किसी से झगड़ा होने की बात कही गई है। मामला अभी क्लियर नहीं हो पाया है। वारदात के बाद FSL की टीम को मौके पर बुलाया गया है। घटनास्थल से कुछ साक्ष्य भी एकत्रित किए गए है। तकनीकी अनुसंधान और टावर डंप के आधार पर जल्द ही हत्या में शामिल अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा। लेगी है।

# जदयू से बागी नेता मनोज उपाध्याय ने भरा नामांकन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुर सह बक्सर स्थानीय प्राधिकार निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। जदयू से बागी होकर चुनावी मैदान में उतरे प्रदेश महासचिव मनोज कुमार उपाध्याय ने आज आरा में अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। साथ ही कहा है कि हम पार्टी से नहीं मिट्टी से जुड़े हैं। बता दें कि आरा में त्रिकोणीय मुकाबला होने वाला है। नामांकन से पहले उन्होंने मां आरण्य देवी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर जीत का आशीर्वाद लिया। इसके बाद समर्थकों के साथ जुलूस के रूप में नामांकन स्थल पहुंचे, जहां उनके समर्थकों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली।

**क्षेत्र के विकास का दिलाया भरोसा:** नामांकन के बाद आरा के रामलीला मैदान में आयोजित एक विशाल जनसभा में मनोज उपाध्याय ने अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया। सभा में आरा-बक्सर क्षेत्र के सैकड़ों जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और कार्यकर्ता



मौजूद रहे। पूरे मैदान में मनोज उपाध्याय जिंदाबाद के नारों से माहौल गूंजता रहा। अपने संबोधन में उन्होंने स्थानीय समस्याओं, विकास के मुद्दों और जनप्रतिनिधियों के सम्मान को प्रमुखता से उठाया और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का भरोसा दिलाया। भोजपुर सह बक्सर स्थानीय प्राधिकार निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव में नामांकन के बाद प्रत्याशी मनोज कुमार उपाध्याय ने भावनात्मक और राजनीतिक दोनों ही स्वर में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि नामांकन दाखिल करना उनकी जिम्मेदारी थी और वे पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरे हैं।

**कहा- ये जनप्रतिनिधियों के सम्मान की लड़ाई:** साथ ही उन्होंने जीत का भरोसा जताते हुए कहा कि यह चुनाव केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों के सम्मान और उनके अधिकारों की लड़ाई है। मनोज उपाध्याय ने कहा कि हम पार्टी से नहीं, मिट्टी से जुड़े हैं। जनप्रतिनिधियों का सम्मान करना, उनसे किए गए वादों को धरातल पर उतारना और उनकी आवाज को सदन तक मजबूती से पहुंचाना ही मेरा लक्ष्य है। हर जनप्रतिनिधि का सिर हमेशा सम्मान के साथ ऊंचा रहे, इसके लिए मैं चुनाव लड़ रहा हूं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके सामने भले ही दो बड़े गठबंधनों के उम्मीदवार हैं, लेकिन उनकी किसी से व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है।

**पार्टी उनके लिए परिवार के समान:** उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक सफर का जिक्र करते हुए कहा कि वे कई साल तक जदयू से जुड़े रहे हैं और पार्टी उनके लिए परिवार के समान है। "पार्टी मेरे लिए मां-बाप की तरह है, लेकिन इस चुनाव में मुझ पर लगातार बैठने का दबाव बनाया जा रहा था।

## भाजपा युवा मोर्चा का जन आक्रोश महिला पदयात्रा, राहुल गांधी का पुतला दहन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। महिला सशक्तिकरण और 33% आरक्षण की मांग को लेकर भाजपा युवा मोर्चा ने बुधवार को जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली। यह मार्च महिला कॉलेज से शुरू होकर बाबू बाजार, महावीर टोला होते हुए महाराजा कॉलेज पहुंचा, जहां शहीद भवन मोड़ पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला युक्ति सह प्रमुख शिवानी गुप्ता ने किया, जबकि अध्यक्षता संयोजक हर्षराज मंगलम ने की। बड़ी संख्या में महिलाओं और छात्राओं ने भाग लेकर महिला आरक्षण के समर्थन में आवाज उठाई। जिला अध्यक्ष विशुद्ध बिभु जैन ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि संविधान (131वां संशोधन) विधेयक-2026 का पारित न होना महिलाओं के अधिकारों के लिए निराशाजनक है। उन्होंने विपक्षी दलों पर महिला विरोधी रुख अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि यह महिलाओं के सम्मान के खिलाफ है। जिला स्टडी सेल संयोजक डॉ. विकास गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति अब जागरूक है और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष को तैयार है। शिवानी गुप्ता ने कहा कि 2029 चुनाव में महिलाएं इसका जवाब देंगी। कार्यक्रम में रितु राज, दीपा मिश्रा, विनीता सिंह, सरिता श्रीवास्तव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। जानकारी मीडिया प्रभारी अरहिंत विजय जैन ने दी।

## सड़क सुरक्षा पर सख्ती,151 वाहनों से 7.29 लाख जुर्माना, सघन जांच अभियान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त है। जिला पदाधिकारी श्रीमती साहिला और पुलिस अधीक्षक श्री शुभम आर्य के निर्देश पर विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर कुल 151 वाहनों से 3 लाख 90 हजार 500 रुपये की शमन राशि वसूली गई। यह कार्रवाई हेलमेट न पहनने, सीट बेल्ट का उपयोग न करने, ओवरलोडिंग, बिना कागजात वाहन चलाने और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के लिए की गई। इसी अभियान के तहत नगर परिषद बक्सर ने शहर के प्रमुख इलाकों में अतिक्रमण हटाओ अभियान भी चलाया। सदर अस्पताल, मॉडल थाना क्षेत्र से लेकर रामरेखा घाट तक सड़क



किनारे से अवैध अतिक्रमण हटाया गया, जिससे यातायात सुचारु हो सके।

**63 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया:** पुलिस उपाधीक्षक यातायात के अनुसार, उनके स्तर पर 39 वाहनों की जांच कर 63 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव के नेतृत्व में 279 वाहनों की जांच कर 1 लाख 19 हजार 700 रुपये की शमन राशि अधिरोपित की गई। इसके अतिरिक्त, 'रोको-टोको' अभियान के तहत नगर पंचायत ब्रह्मपुर में 225 वाहनों की जांच की गई, जिनसे 1 लाख 56 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

**सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें:** अभियान के दौरान विभिन्न स्तरों पर कुल 7 लाख 29 हजार 700 रुपये की शमन राशि वसूली गई।

## 27 अप्रैल को जॉब कैंप, 400 पदों पर होगी भर्ती

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर के बेरोजगार युवाओं के लिए एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला नियोजनालय बक्सर के तत्वावधान में यह कैंप आगामी 27 अप्रैल 2026 (सोमवार) को संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई फील्ड स्थित जिला नियोजनालय परिसर में होगा। सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक चलने वाले इस कैंप में कुल 400 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस जॉब कैंप में निजी क्षेत्र की दो प्रमुख कंपनियां हिस्सा लेंगी। इनमें से पहली कंपनी Motherson Pvt. Ltd. है, जो क्वालिटी, प्रोडक्शन और स्टोर विभागों में 200 पदों पर भर्ती करेगी। इन पदों के लिए 10वीं, 12वीं, स्नातक और आईटीआई पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

**उम्मीदवारों की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित:** चयनित उम्मीदवारों को 12,726 रुपये से 15,210 रुपये तक का मासिक वेतन मिलेगा। आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। पुरुष और महिला दोनों अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, और ओवरटाइम का दोहरा भुगतान भी दिया जाएगा। कार्यस्थल नोएडा होगा। दूसरी कंपनी Innovsource Services Private Limited (Subros Limited) है, जो एसी मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में 200 पदों पर चयन करेगी। इन पदों के लिए 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई और डिप्लोमा धारक अभ्यर्थी पात्र होंगे। वेतन 13,761 रुपये से 15,759 रुपये तक निर्धारित है, और आयु सीमा 18



से 30 वर्ष रखी गई है।

**कंपनी की ओर से भोजन, नाश्ता और ड्रेस की सुविधा:** इस कंपनी में केवल पुरुष अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। कंपनी की ओर से भोजन, नाश्ता, चाय, बस सुविधा, ड्रेस और जूते सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इसका कार्यस्थल भी नोएडा रहेगा। जिला नियोजनालय ने स्पष्ट किया है कि इस जॉब कैंप में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का नियोजनालय में पंजीकरण अनिवार्य है। जिन अभ्यर्थियों ने अब तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे नेशनल करियर सर्विस (NCS) पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। कैंप में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

**NCS पोर्टल पर कर सकते हैं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन:** इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे अपने बायोडाटा और आधार कार्ड के साथ निर्धारित तिथि पर कैंप में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

## संतुलित उर्वरक उपयोग को ले किसानों को ट्रेनिंग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गड़हनी**। प्रखंड कृषि कार्यालय गड़हनी के सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय उद्देश्य "उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं समेकित उर्वरक प्रबंधन" था। कार्यक्रम की अध्यक्षता आत्मा अध्यक्ष हरिभूषण सिंह ने की। प्रशिक्षण में किसानों को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। प्राकृतिक खेती करने वाले प्रगतिशील किसान रविश कुमार रंजन ने अपने अनुभव साझा करते हुए किसानों को रासायनिक उर्वरकों के कम उपयोग और प्राकृतिक तरीकों से खेती करने के फायदे बताए। उन्होंने जैविक एवं प्राकृतिक संसाधनों के माध्यम से खेती करने के गुर सिखाए, जिससे लागत कम होने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहती है। आरा के वैज्ञानिक अनिल कुमार यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यूरिया का असंतुलित उपयोग मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है।साथ ही कहा कि लगातार अधिक मात्रा में यूरिया के प्रयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है और उत्पादन पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। उन्होंने किसानों को नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश (एनपीके) के संतुलित




उपयोग की जानकारी दी तथा समेकित उर्वरक प्रबंधन की अवधारणा को विस्तार से समझाया।

**विशेषज्ञों ने संतुलित उर्वरक उपयोग को अपनाकर उत्पादन बढ़ाया जा सकता है:** कार्यक्रम के दौरान किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, मिट्टी परीक्षण के महत्व और फसल उत्पादन बढ़ाने के वैज्ञानिक उपायों की भी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने किसानों से अपील की कि वे संतुलित उर्वरक उपयोग को अपनाकर न केवल उत्पादन बढ़ाएं, बल्कि मिट्टी की सेहत को भी सुरक्षित रखें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से किसानों में नई जागरूकता देखने को मिली और उन्होंने वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने की प्रतिबद्धता जताई।इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी गड़हनी हर्ष भारद्वाज के साथ-साथ कृषि विज्ञान केन्द्र आरा के वैज्ञानिक अनिल कुमार यादव, कृषि समन्वयक सतेन्द्र सतेन्द्र, राजीव कुमार-1, राजस्व कुमार-2, सहायक तकनीकी प्रबंधक रत्नेश कुमार एवं किसान सलाहकार अनिल कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव पर भव्य आयोजन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में 1857 की क्रांति के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जगदीशपुर स्थित ऐतिहासिक किला में राजकीय समारोह के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद डीएम और एसपी राज ने बाबू वीर कुंवर सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। डीएम ने संग्रहालय परिसर में दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद फिर से वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। बाल विकास परियोजना कार्यालय की सहायिकाओं की ओर से बनाई गई आकर्षक रंगोली का भी निरीक्षण किया गया। स्कूली बच्चों ने शहर में प्रभात फेरी निकाली।

**अंग्रेजी हुकूमत को कड़ी चुनौती दी:** जगदीशपुर विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक राम विशुन सिंह लोहिया, एसडीएम संजीत कुमार, एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा, डीसीएलआर अमरेंद्र कुमार, नगर पंचायत जगदीशपुर के चेयरमैन संतोष कुमार यादव, कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार और भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुषुम्लता कुशवाहा समेत कई प्रशासनिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने महान स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। डीएम तनय सुल्तानिया ने अपने संबोधन में कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में बाबू वीर कुंवर सिंह का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने त्याग, बलिदान और संघर्ष के बल पर अंग्रेजी हुकूमत को कड़ी चुनौती दी। 23 अप्रैल को उनकी वीरता की स्मृति में विजयोत्सव मनाया जाता है। बीर कुंवर सिंह का जीवन हमें सिद्धांतों पर अडिग रहकर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है।

**शाम 4 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम:** जगदीशपुर के रामलीला मैदान में शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस विजयोत्सव का मुख्य आकर्षण होगा, जिसमें प्रसिद्ध लोक गायिका कल्पना पटवारी, इशरत जहां, आर्यन बाबू और दीपक तिवारी सहित कई कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं:** कार्यक्रम स्थल पर जर्मन हैंगर पंडाल स्थापित किया गया है, जहां दर्शकों के बैठने, पेयजल और प्रकाश की समुचित व्यवस्था की गई है।प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, ताकि यह ऐतिहासिक आयोजन शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हो।

## ज्योति ने भगवान से मां बनने की मन्नत मांगी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह और ज्योति सिंह के तलाक का मामला कोर्ट में चल रहा है। इस मुश्किल के दौर में भी ज्योति सिंह खुशहाल जिंदगी जीने की कोशिश कर रही हैं। हाल ही में अपनी ज्योति सिंह अपनी बहन जूही सिंह के ब्लॉग में नजर आईं, जहां उन्होंने खुलकर अपनी निजी जिंदगी, परिवार और भविष्य की योजनाओं पर बात की। ज्योति नाक से सिंदूर लगाए नजर आईं, जिस पर उन्होंने कहा कि सिंदूर लगाने से एक अलग ही निखार आता है। वह अक्सर बनारस आती हैं और भगवान भोलेनाथ की भक्त हैं। यहां आकर उन्हें मानसिक शांति मिलती है। ज्योति ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने भगवान से एक खास मन्नत मांगी है, लेकिन अभी आपलोगों के साथ शेयर नहीं कर सकती हूं। ज्योति सिंह अपनी मां के लिए चाय बना रही थीं। इसी बीच उनकी बहन के बेटे भोलू को गोदी में उठाकर इशारों-इशारों में उन्होंने यह जरूर संकेत दिया कि वह मन्नत इनके (यानी बच्चे के) रूप में देख सकते हैं।

**खुशहाल जिंदगी जीना चाहती हूं:** अपने भविष्य को लेकर बात करते हुए ज्योति ने कहा



कि उन्हें नहीं पता उनकी शादी का आगे क्या होगा, लेकिन वह अपनी बहनों के साथ एक खुशहाल जिंदगी जीना चाहती हैं। अगर भविष्य में हालात ऐसे बने, तो वह अपनी बहनों के साथ एक घर लेकर रहना चाहेंगी, ठीक वैसे ही जैसे 'फ्रेंड्स' सीरीज में दोस्त साथ रहते हैं। इस दौरान उनकी बहनों ने भी उनकी इस इच्छा का समर्थन किया और भगवान से दुआ की कि वे हमेशा इसी तरह साथ रहें।

**बड़ी और छोटी बहन की शादी नहीं हुई है:** वहीं, दूसरे ज्योति सिंह अपनी बहनों के साथ वाराणसी की गलियों और घाटों पर घूमती नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपने परिवार के बारे में बताते हुए कहा कि वह तीन बहनों में दूसरे नंबर पर हैं, लेकिन उनकी शादी सबसे पहले हो गई थी। उनकी बड़ी बहन जूही अब तक अविवाहित हैं, जबकि छोटी बहन की भी अभी शादी नहीं हुई है।

**मेरे परिवार की सोच अलग है:** ज्योति ने इस बात पर भी खुलकर प्रतिक्रिया दी कि अक्सर लोग सवाल उठाते हैं कि बड़ी बहन के होते हुए छोटी की शादी कैसे हो गई। इस पर उन्होंने साफ कहा कि उनका परिवार ऐसी सोच नहीं रखता। हर किसी को अपनी जिंदगी के फैसले लेने की आजादी है। जूही ने खुद अपने पिता से साफ कह दिया था कि वह शादी नहीं करना चाहतीं, जबकि पवन सिंह का रिश्ता उनके लिए आया था, जिसे परिवार ने स्वीकार कर लिया।

**पवन सिंह की पहली पत्नी ने 2015 में किया था सुसाइड:** बता दें कि पवन सिंह की पहली पत्नी नीलम सिंह ने साल 2015 में आत्महत्या कर ली थी। उसके बाद भोजपुरी सुपर स्टार पवन सिंह के अफेयर की चर्चा जाने-माने भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह के साथ होने लगी। इस बीच पवन सिंह ने उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रहने वाले रामबाबू सिंह की बेटी ज्योति सिंह के साथ 7 मार्च 2018 को शादी की। इन्होंने बलिया के एक शंकर होटल से बड़े ही धूमधाम से शादी कर अपने फैंस को हैरत में डाल दिया था । लेकिन पवन की दूसरी शादी भी लंबे समय तक नहीं चल पाई।